नई दिल्ली
मंगलवार 6 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 264
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 17
न्यून. 09

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## हेलीकॉप्टर, तोप शस्त्रागार का हिस्सा

जहाज उन्नत प्रदूषण पहचान प्रणालियों, प्रदूषण से निपटने के लिए विशेष नौकाओं और आधुनिक अग्निशमन क्षमताओं से सुसज्जित है। इसमें हेलीकॉप्टर हैंगर और विमानन सहायता सुविधाएं भी मौजूद हैं। जो इसकी पहुंच और प्रभावशीलता को काफी बढ़ा सकती हैं। इसके शस्त्रागार में 30 मिमी सीआरएन-91 तोप और 2 12.7 मिमी. स्थिर रिमोट-नियंत्रित तोपें लगी हुई हैं, जो आधुनिक अग्नि नियंत्रण प्रणालियों द्वारा समर्थित हैं। पोत में अत्याधुनिक प्रणालियां भी लगी हुई हैं, जिनमें पार्श्व-स्वीपिंग आर्म, फ्लोटिंग बूम, उच्च-क्षमता वाले स्किमर, पोर्टेबल बार्ज और प्रदूषण नियंत्रण प्रयोगशाला हैं। बाह्य अग्निशमन प्रणाली (एफआई-एफआई क्लास 1) भी इसमें लगी है। साथ ही स्वचालन-मिशन दक्षता बढ़ाने के लिए डायनेमिक पोजिशनिंग इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफार्म मैनेजमेंट सिस्टम और ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम जैसी उन्नत प्रणालियां समुद्र प्रताप में लगाई गई हैं।

## महिला अधिकारियों की तैनाती को सराहा

जहाज की तैनाती कोच्चि में होगी। ये आईसीजी क्षेत्र (पश्चिम) के कमांडर के परिचालन नियंत्रण में रहेगा। जिसका संचालन बल के जिला मुख्यालय संख्या 4 (केरल, माहे) के जरिए किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने पहली बार जहाज पर केंद्र के समावेशी, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए 2 महिला अधिकारियों की तैनाती के कदम की प्रशंसा करते हुए कहा, ये गर्व की बात है कि आज महिला अधिकारियों को पायलट, ऑब्जर्वर, एटीसी, लॉजिस्टिक ऑफिसर और लॉ ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया जा रहा है। उन्हें होवरक्राफ्ट संचालन का प्रशिक्षण, अग्रिम मोर्चे पर सक्रिय रूप से तैनात किया जा रहा है। दोनों महिलाओं की नियुक्ति भावी पीढ़ियों के लिए आदर्श है।

## मानवता की साझा विरासत 'समुद्री संसाधन'

राजनाथ के मुताबिक, समुद्र प्रताप के जरिए हम जिम्मेदारी के साथ अपने समुद्री दायित्वों को निभाने के लिए तैयार हैं। देश का मत है कि समुद्री संसाधन किसी एक देश की संपत्ति नहीं हैं। बल्कि मानवता की साझा विरासत हैं। जब विरासत साझा होती है, तो उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी साझा होती है। यही कारण है कि भारत आज विश्व मंच पर शांति, स्थिरता व पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी के सिद्धांतों के साथ मजबूती से खड़ा है।

### पहली बार आईसीजी के किसी जहाज पर हुई दो महिला अधिकारियों की नियुक्ति

# रक्षा मंत्री ने तटरक्षकबल में शामिल किया देश का पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को गोवा में आयोजित किए गए एक समारोह में तटरक्षकबल (आईसीजी) के बेड़े में प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' को शामिल किया। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा स्वदेश में डिजाइन के निर्मित यह भारत का पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत है। जिस पर पहली बार दो महिला अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि तटरक्षकबल की बहुआयामी भूमिका ने हमारे विरोधियों यानी शत्रुओं को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि उनकी तरफ से किए जाने वाले किसी भी दुस्साहस का तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा। देश के भीतर जहाज निर्माण से केंद्र सरकार के मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बोले राजनाथ सिंह, बल की बहुआयामी भूमिका ने हमारे शत्रुओं को दिया कड़ा संदेश, दुस्साहस का तत्काल मिलेगा करारा जवाब**



### प्रतिक्रियावादी नहीं सक्रिय बल बनना पड़ेगा

रक्षा मंत्री ने कहा कि तटरक्षकबल को एक प्रतिक्रियावादी बल से इतर एक खुफिया-संचालित और एकीकरण-केंद्रित सक्रिय बल बनना होगा। उसके इस प्रयास को सरकार हर संभव सहयोग करेगी। चाहे वो नए जहाजों का अधिग्रहण हो, नई इकाइयां ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ईपीएफ वेतन सीमा में बदलाव करे सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएफ वेतन सीमा में बदलाव को लेकर केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि योजना की मौजूदा 15,000 रुपए वेतन सीमा पर चार महीने के भीतर फैसला लिया जाए। पिछले 11 वर्षों से सीमा में कोई संशोधन नहीं हुआ।

### श्रीजगन्नाथ मंदिर में मोबाइल फोन पर रोक

**भुवनेश्वर।** पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के श्रीजगन्नाथ मंदिर में भक्तों की सुचारु व्यवस्था को लेकर मंदिर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मंदिर प्रशासन ने वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत मंदिर आने वाले अतिथियों के लिए एसओपी तैयार की है। मंदिर में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर भी सख्त प्रतिबंध लगाए हैं।



**2020 का दिल्ली दंगा : उमर-शरजील इमाम को जमानत नहीं, अदालत ने 5 अन्य को दी राहत**

# लंबे वक्त से जेल में बंद रहने और मुकदमे के ट्रायल में देरी जमानत का आधार नहीं

*दिल्ली के पूर्वोत्तर इलाकों में हिंसा उस समय हुई थी जब 2020 में नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन चल रहे थे। हिंसा और आगजनी के दौरान 53 लोगों की मौत हुई थी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत की पीठ ने इस अहम फैसले में कहा कि लंबे समय तक जेल में बंद रखे जाने के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर खालिद और इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगा मामले में आरोपी बनाए गए उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन दोनों को जमानत देने से इनकार करने के अलावा कोर्ट ने मामले के अन्य आरोपियों-गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान 'भागीदारी के क्रम' का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले में सभी आरोपी एक समान स्थिति ▶▶ शेष पेज 5 पर

**'भागीदारी के क्रम' का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि इस मामले में सभी आरोपी एक समान स्थिति में नहीं**



शरजील इमाम | उमर खालिद

### मृत्यु या विनाश ही नहीं...

*निर्णय में कहा गया कि आतंकवादी कृत्यों से संबंधित अपराध के लिए दंडात्मक अधिनियम की धारा 15 की संकीर्ण व्याख्या केवल स्पष्ट हिंसा के कृत्यों तक सीमित नहीं की जा सकती। मृत्यु या विनाश के अलावा, यह प्रावधान उन कृत्यों को भी शामिल करता है जो सेवाओं को बाधित करते हैं और अर्थव्यवस्था को खतरे में डालते हैं।*

**दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर**

**आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर उमर खालिद और शरजील इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकेंगे**

### ट्रायल में हो रही देरी को ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि दिल्ली दंगों के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम इस मामले के अन्य आरोपियों की तुलना में अलग स्थिति में हैं। कोर्ट ने साफ किया कि मुकदमे के ट्रायल में हो रही देरी को ट्रंप कार्ड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसा करने से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### उमर खालिद के पिता बोले मुझे कुछ नहीं कहना

सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत रद्द किए जाने पर उमर खालिद के पिता इलियास का कहना है कि 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जमानत न मिलने के बारे में उन्हें कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है और फैसला आपके सामने है।

**पुलिस ने अदालत में क्या कहा?**


### हिंसा का मकसद केवल विरोध से कहीं आगे जाकर अस्थिरता पैदा करना

पुलिस ने कहा कि ये लोग फरवरी 2020 की हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता थे, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार यह हिंसा सीएए और एनआरसी के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों के दौरान भड़की, लेकिन इसका ▶▶ शेष पेज 5 पर

*अमेरिका के राष्ट्रपति का दावा, बहुत अच्छे इंसान हैं पीएम मोदी, जानते थे मैं नाराज हूं, जिससे नई दिल्ली पर बहुत तेजी से और टैरिफ बढ़ सकता है*

# रूस से तेल खरीद पर उखड़े ट्रंप ने भारत को फिर से दी टैरिफ बढ़ाने की धमकी

**अमेरिकी सांसद ग्राहम बोले, भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने मुझसे मुलाकात में किया 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ हटाने का आग्रह**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर काफी वक्त से मुंह फुलाए बैठे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गुस्सा कम होने के बजाय लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब उन्होंने इस संबंध में भारत पर लगाए गए कुल 50 फीसदी (25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग शामिल) को और अधिक बढ़ाने की नई धमकी दे डाली है। जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर नई दिल्ली पहले की तरह रूस से अपनी तेल खरीद को बनाए रखती है। तो वह (वाशिंगटन डीसी) उस पर लगाए गए टैरिफ को जल्द ही और बढ़ा देंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत अच्छा व्यक्ति और इंसान बताते हुए यह दावा भी किया वह मेरी नाराजगी से भली-भांति परिचित थे और मुझे खुश करना बेहद जरूरी था। वह व्यापार करते हैं और हम बहुत जल्द उन पर लगाए गए टैरिफ को और बढ़ा सकते हैं। जो उनके लिए बिलकुल अच्छा नहीं होगा। वेनेजुएला पर हमले और राष्ट्रपति मादुरो की गिरफ्तारी के घटनाक्रम के बीच रविवार को फ्लोरिडा से वाशिंगटन डीसी की उड़ान के दौरान एयरफोर्स वन विमान में अमेरिका के भावी कदमों को लेकर मीडिया से बातचीत में राष्ट्रपति ट्रंप ने यह जानकारी दी है। उनके साथ सांसद लिंडसे ग्राहम भी मौजूद थे। दक्षिण अमेरिकी देश पर हमले के तुरंत बाद उन्होंने भारत पर टैरिफ बढ़ाने की इस नई चेतावनी की घोषणा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत ने की टैरिफ घटाने की अपील: ग्राहम

अमेरिका के सांसद लिंडसे ग्राहम ने दावा किया कि पिछले महीने (दिसंबर-25) भारत के राजदूत विनय क्वात्रा से मुझसे मुलाकात की थी और इस दौरान मेरे साथ हुई चर्चा में कहा कि नई दिल्ली ने मास्को से तेल की खरीद में कटौती की है, जिसके चलते भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ को हटा दिया जाए। इतना ही नहीं राजदूत क्वात्रा ने मुझसे यह आग्रह भी किया था कि मैं भारत के इस रुख के बारे में अमेरिका के राष्ट्रपति को भी वाकिफ कराऊं। जिससे कुल 50 फीसदी टैरिफ में रूस से तेल खरीद को लेकर लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ को हटा दिया जाए। उन्होंने कहा, मैं पिछले महीने भारतीय राजदूत के घर पर था और उस दौरान क्वात्रा की बातचीत का सार यही था कि नई दिल्ली रूस से पहले के मुकाबले कम मात्रा में तेल की खरीद कर रही है। इसलिए मैं राष्ट्रपति ट्रंप से कहूं कि वो भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को हटा दें। ग्राहम पत्रकारों से रूस से तेल खरीद वाले देशों पर 500 फीसदी कर लगाने वाले बिल के मुद्दे पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन विवाद को समाप्त करने के लिए राष्ट्रपति पुतिन (रूस) पर दबाव बनाने के लिए उनसे तेल खरीदने वाले देशों पर सख्ती की जानी चाहिए।

### घरेलू मांग पूर्ति, 'पहली प्राथमिकता'

भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति या सांसद द्वारा टैरिफ बढ़ाने को लेकर किए गए इस ताजा-तरीन दावे पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन अमेरिका की तरफ से शुरुआत में लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के तुरंत बाद विदेश मंत्रालय ने अपने एक आधिकारिक बयान के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका का ये कदम बिलकुल अनुचित और अविवेकपूर्ण है। भारत की तेल की खरीद हर हाल में घरेलू स्तर पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

**कर्नाटक सरकार में नेतृत्व संकट पर 2026 में भी सस्पेंस बरकरार**

# सिद्धरमैया चाहते हैं मंत्रिमंडल विस्तार, डीके शिवकुमार ने लगाया वीटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक कांग्रेस में लंबे समय से चला आ रहा नेतृत्व विवाद 2026 की शुरुआत में भी पूरी तरह समाप्त होता नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के 15 जनवरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जाकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने की संभावना है। इस प्रस्तावित बैठक को लेकर राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सिद्धारमैया मंत्रिमंडल विस्तार के प्रस्ताव पर आलाकमान की मुहर चाहते हैं ताकि वो ही पांच साल सीएम रहेंगे इसकी मैसेजिंग साफ हो जाए जबकि उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार इस बात पर अड़े हैं कि ढाई ढाई साल सीएम के कथित फार्मूले पर आलाकमान पहले अंतिम फैसला करे। विदित हो सिद्धारमैया के बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल पूरा होने के बाद से ही उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने दिल्ली पर लगातार दबाव बनाया हुआ है इससे कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में सबकुछ ठीक चल रहा, ऐसा नहीं कहा जा सकता।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में होने वाली बातचीत में मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा हो सकती है, वहीं नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा भी उठने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अब तक किसी औपचारिक एजेंडे की घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया मंत्रिमंडल में बदलाव के पक्ष में हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार चाहते हैं कि पहले पार्टी नेतृत्व के सवाल पर स्पष्ट निर्णय लिया जाए। इसी मतभेद ने पार्टी के भीतर बहस को और तेज कर दिया है। बीते कुछ महीनों में जो चर्चा केवल अंदरूनी बैठकों तक सीमित थी, वह अब सार्वजनिक मंचों पर भी दिखने लगी है। राज्य के कई हिस्सों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नेतृत्व पर स्पष्टता की मांग की है। इन प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने डीके शिवकुमार के समर्थन में नारे लगाए और उन्हें मजबूत संगठनकर्ता तथा जमीनी नेता बताया।पार्टी के अंदर यह धारणा भी मजबूत हो रही है कि डीके शिवकुमार को संगठन और कैडर के बीच व्यापक समर्थन प्राप्त है। वहीं, कई वरिष्ठ नेताओं ने यह भी कहा है कि वे केंद्रीय नेतृत्व के किसी भी फैसले का समर्थन करेंगे और अंतिम निर्णय हाईकमान का ही होगा। सार्वजनिक तौर पर सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ही एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। दोनों नेताओं ने कहा है कि पार्टी जो भी फैसला करेगी, वे उसे स्वीकार करेंगे। संयुक्त कार्यक्रमों और बैठकों के जरिए स्थिरता का संदेश देने की कोशिश भी की जा रही है। इस बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

# बांग्लादेशः एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक ओर हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक उसे सिर में गोली मारी गई है। तीन हफ्तों के भीतर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की यह पांचवीं घटना है। यह घटना जाशोर जिले में हुई है। घटना को लेकर इलाके में काफी ज्यादा तनाव है। जानकारी के मुताबिक घटना मणिरामपुर उपजिला के कोपलिया बाजार स्थित वार्ड नंबर 7 में शाम 5 बजकर 45 मिनट पर हुई। मारे गए युवक की पहचान 45 वर्षीय राणा प्रताप के रूप में हुई है। पड़ोसी देश में चुनाव करीब हैं, लेकिन हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।



### समूची मानवता को शर्मसार करता बांग्लादेश...

# अब एक 40 वर्षीय विधवा हिंदू महिला के साथ हुआ गैंगरेप

**पुलिस से शिकायत में बोली पीड़िता, आरोपियों ने पेड़ से बांधकर काटे मेरे बाल**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल अगस्त महीने में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को जबरन सत्ता से बेदखल करने के बाद से बांग्लादेश में बने हुए हिंसक और तनावपूर्ण हालातों के बीच अल्पसंख्यकों में अगर सबसे ज्यादा किसी को निशाना बनाया जा रहा है। तो वो हिंदू हैं। ताजा मामला एक 40 वर्षीय विधवा हिंदू महिला के साथ हुए गैंगरेप से जुड़ा हुआ है। जो सारी मानवता को कलंकित करने के लिए काफी है। पड़ोसी देश के स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना बीते सप्ताह शनिवार को बांग्लादेश के कालीगंज इलाके की है। जहां दो लोगों ने न केवल एक महिला के साथ गैंगरेप किया। बल्कि उसे पेड़ से बांधकर उसके बाल भी काट दिए।



**जमीन खरीद पर निकाली दुश्मनी:** महिला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसने करीब दो से ढाई साल पहले गैंगरेप के आरोपी शाहीन और उसके भाई से घर बनाने के लिए कुछ जमीन खरीदी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सोमनाथ केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की सभ्यतागत चेतना का केंद्र : सुधांशु**

### कहा, वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के 1000 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है

# नेहरू ने महमूद गजनी के इतिहास और सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण को अक्सर गलत तरीके से पेश किया: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने महमूद गजनी के इतिहास और सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण को अक्सर गलत तरीके से पेश किया। नेहरू की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया में गजनी को कला प्रेमी और धर्मनिरपेक्ष विजेता दिखाने का प्रयास किया गया, जबकि असल में गजनी का उद्देश्य केवल भारत से धन लूटना था, धार्मिक प्रेरणा नहीं। त्रिवेदी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता में महमूद गजनी द्वारा सोमनाथ मंदिर के विध्वंस की याद दिलाते हुए कहा कि इतिहास के ऐसे आघातों को स्मरण रखना आवश्यक है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि गजनी का उद्देश्य केवल धन अर्जित करना था, धार्मिक नहीं और इतिहास में इसे कई बार विकृत तरीके से प्रस्तुत किया गया।

त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू और उनकी विचारधारा से जुड़े इतिहासकारों ने स्त्रोतों जैसे तारीख-ए-यामिनी को नजरअंदाज करते हुए गजनी के आक्रमण का सही विवरण प्रस्तुत नहीं किया। सोमनाथ की पुनः प्रतिष्ठा 1951 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की समृद्धि और संस्कृति की जीवंत शक्ति का प्रतीक है। त्रिवेदी ने कहा कि हर देश के इतिहास में कई ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ और कई ऐसी तारीखें आती हैं जो अविस्मरणीय लेकिन असहनीय आघात दी हुई होती हैं, जिन्हें याद रखना इस लिए आवश्यक होता है ताकि भविष्य में उसकी पुनरावृत्ति न हो। आज 5 जनवरी 2026 है, आज से ठीक हजार वर्ष पहले महमूद गजनी के द्वारा श्री सोमनाथ मंदिर का विध्वंश किया गया था, जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम माना गया है।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि आज देश पूर्णता की ओर बढ़ रहा है। भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, चौथा सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है, तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर है, दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल हैंडसेट मैन्युफैक्चरर है और डिजिटल ट्रांजैक्शन में केवल दुनिया के नंबर वन देशों में शामिल ही नहीं है, बल्कि विश्व की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लगातार दो वर्षों से सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भी है। अर्थात सोमनाथ के संकल्प का जो विचार था, वह आज चरितार्थ होता हुआ दिखाई दे रहा है। दूसरी बात यह उठती है कि आज इसे स्मरण करने की आवश्यकता क्यों है? इसका ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कर्जदाता को फंसाने के लिये खुद को मारी गोली

# मुखर्जी नगर में ऑटो ड्राइवर की साजिश का हुआ पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुखर्जी नगर में एक ऑटो ड्राइवर द्वारा कर्जदाता को झूठे मुकदमें में फंसाने की साजिश का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक का नाम आशीष उर्फ चुन्नू और दूसरे का प्रभास पांडे बताया गया है। इनके पास से एक देसी पिस्तौल और चैंबर में फंसा हुआ कारतूस बरामद हुआ है। प्रभास ऑटो ड्राइवर है।

पुलिस के अनुसार रविवार सुबह लगभग 2 बजे रिंग रोड, वाल्मीकि मंदिर के पास, मलिकपुर में एक आदमी को गोली मारने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल ऑटो ड्राइवर को बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने की वजह से उसे सफदरजंग अस्पताल के लिये रेफर किया गया। घायल प्रभास पांडे निवासी सोनिया विहार, दिल्ली मूल निवासी जिला

- दो लोगों को किया गिरफ्तार

सीतापुर, यूपी के बयान पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई। ऑटो ड्राइवर ने आरोप लगाया कि भाटी, बिल्ला और तरुण एक ऑटो में सवार होकर आए और उसे रोककर ब्याज सहित कर्ज की रकम मांगी। मना करने पर बिल्ला ने उस पर निशाना साधकर गोली चला दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद शिकायतकर्ता द्वारा रची गई साजिश का पता लगते देर नहीं लगी। शिकायतकर्ता ऑटो-रिक्शा अपने दोस्त धर्म सिंह के माध्यम से एक महिला के संपर्क में आया था। वह महिला धर्म सिंह के साथ लिव-इन में रह रही थी। बाद में प्रभास पांडे के भी उक्त महिला के साथ अवैध संबंध बन गये। वह उसे अपना बनाना चाहता था। लेकिन महिला का बेटा तरुण माथुर इसमें बाधा बन रहा था। क्योंकि वह उनके रिश्ते का कड़ा विरोध कर रहा था। प्रभास पांडे ने तरुण माथुर और दोस्त संत कुमार को फंसाने की साजिश रची। संत कुमार से उसने ब्याज पर लगभग 90 हजार रुपये उधार लिए थे। संत ब्याज व मूल रकम का प्रेशर उस पर बना रहा था।

# दिल्ली नगर निगम : बजट पर स्थायी समिति सदस्यों ने दिए अपने सुझाव



- निगम को घाटे से उबारने के लिए सदस्यों ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान एवं 2026-27 के बजट अनुमानों को अंतिम रूप देने की दिशा में प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को स्थायी समिति सदस्यों ने महत्वपूर्ण बैठक में अपने अपने सुझाव पेश किए। बैठक की अध्यक्षता स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने की। इस दौरान सबसे पहले अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सभी सदस्यों को नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी। जिसके बाद शिखा भारद्वाज, राफिया, सतपाल, इंद्रजीत सहरावत, रमिंद्र कौर और अंजू अमन डबास ने बजट से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए तथा आगामी बजट प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि बैठक के बीच बीच में प्रदूषण, कुत्तों, आवारा पशुओं के मामले में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों में आरोप प्रत्यारोप भी देखने को मिला। इस दौरान समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बखूबी जिम्मेदारी निभाते हुए सदस्यों को शांत कराया। बैठक के अंत में सत्या शर्मा ने कहा कि निगम का उद्देश्य सीमित संसाधनों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से अधिकतम जनहित सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बजट में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि विकास कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान हों, साथ ही आम नागरिक पर किसी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। बता दें कि स्थायी समिति के अन्य सदस्य आज मंगलवार को भी अपने सुझाव बैठक में पेश करेंगे।

### बजट बैठक में अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर रखे गए सुझाव

बैठक के दौरान सदस्यों ने स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के सुधार, आधारभूत ढांचे के विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण तथा वित्तीय अनुशासन जैसे विषयों पर अपने सुझाव रखे। साथ ही, निगम के राजस्व में वृद्धि हेतु विभिन्न संभावित स्रोतों पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिनमें निगम की संपत्तियों- जैसे विद्यालय, सामुदायिक भवन एवं पार्कों के अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इन सुझावों पर गहन चर्चा करते हुए उन्हें बजट में शामिल किए जाने पर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सहमति भी व्यक्त की।

### बजट निर्माण की पूरी प्रक्रिया सहभागी और समावेशी


बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि बजट निर्माण की पूरी प्रक्रिया सहभागी और समावेशी है, जिसमें सभी स्थायी समिति के सभी पक्ष विपक्ष के सदस्यों से प्राप्त सुझावों को समेकित कर एक जन केंद्रित, संतुलित और व्यावहारिक बजट को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट एक महत्वपूर्ण नीतिगत दस्तावेज़ है, जिसके माध्यम से नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा और भविष्य की आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा किया जाएगा।

## ऑटो टैक्सी चालकों ने परिवहन विभाग द्वारा फिटनेस फीस बढ़ाने का किया विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग द्वारा ऑटो टैक्सी के फिटनेस की फीस बढ़ाने के फैसलों का विरोध करते हुए कहा कि यह भाजपा सरकार की मनमानी का नमूना है। ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन व ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस प्रकोष्ठ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशन वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ऑटो टैक्सी चालकों पर अत्याचार कर रही है। पहले वाहन फिटनेस में फेल हो जाने पर ऑटो टैक्सी चालकों की 58 दिन तक कोई भी रि टैस्ट फीस नहीं लगती थी। परिवहन विभाग केवल 600 रुपए की फीस लेते थे, चाहे फिटनेस से अगले दिन ही आप वहां रि फिटनेस का टेस्ट कराए। लेकिन अब परिवहन विभाग ने मंगलवार 6 जनवरी 2026 से इस फीस में बढ़ोतरी करते हुए 800 रूपए कर दिए है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 में दिल्ली सरकार ने चोरी छिपे जीरो फिटनेस फीस से टैक्सी, एवं स्कूल कैब चालकों पर 800 रुपए की फिटनेस फीस की बढ़ोतरी की थी। उसी तरह एक बार फिर बिना किसी अधिसूचना के दिल्ली सरकार के तुगलकी फरमान से परिवहन विभाग ने ऑटो चालकों की जीरो फिटनेस फीस से 800 रूपए कर दी है।

## पत्नी ने साथ जाने से इंकार किया तो ससुराल में ही फंदे से झूला युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गौतमपुरी में रविवार को एक 32 वर्षीय युवक अपने ससुराल में ही फंदे से झूल गया। वह बुलंदशहर से पत्नी को लेने आया था लेकिन पत्नी से जाने से इंकार कर दिया था। पुलिस के अनुसार, फिलहाल किसी तरह की साजिश का सबूत नहीं मिला है। मामले की तफ्तीश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब नौ बजे बदरपुर के गौतमपुरी इलाके में घरेलू विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी अजब सिंह घर की पहली मंजिल पर एक कमरे में मृत मिला। सिंह अपनी पत्नी को वापस घर ले जाने के लिए दिल्ली आया था जो वैवाहिक कलह के कारण मायके आ गई थी। परिवार के सदस्यों द्वारा मना किए जाने के बाद सिंह ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर खोला गया। सिंह पंखे से बंधे फंदे से लटका मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सिंह वैवाहिक कलह के कारण तनाव में था। मौके पर मौजूद सिंह के पिता समेत परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि उन्हें घटना में किसी तरह की साजिश का संदेह नहीं है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स के मुर्दाघर भेजा गया है।

# अपहृत व्यक्ति सकुशल रिहा करवाया, मुख्य आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आदर्श नगर पुलिस अपहरण के एक मामले का खुलासा करते हुये मुख्य आरोपी ज्ञानेश्वर चव्हाण को गिरफ्तार करने का दावा किया है। दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उधार ली गई रकम नहीं चुका पाने के चलते यह अपहरण किया गया था। अगवा शख्स महाराष्ट्र से सकुशल रिहा करवाया गया है।

एडिशनल सीपी भीष्म सिंह के अनुसार 27 दिसंबर को आजादपुर मंडी के पास पंचवटी से कुछ अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति का अपहरण किया था। राजाराम नामक शख्स ने पीड़ित गुड्डू सरोज की रिहाई के लिए पैसों की डिमांड की थी। 50 से ज्यादा कैमरों की फुटेज खंगालने पर पता चला कि गुड्डू सरोज को दो आरोपियों ने जबरन एक कार में किडनैप किया था। गाड़ी की पहचान मारुति स्विफ्ट डिजायर के रूप में हुई, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड का मिला। कार रामदास हरिश्चंद्र हरेर के नाम पर रजिस्टर्ड थी। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पुलिस टीम महाराष्ट्र के जालना पहुंची और 31 दिसंबर और 1 जनवरी की दरमियानी रात को जालना जिले के घनसावंगी थाना क्षेत्र के पानेवाड़ी में एक दूरदराज के इलाके और खेतों से पीड़ित गुड्डू सरोज को सफलतापूर्वक रिहा करवाया गया। ज्ञानेश्वर चव्हाण निवासी शिंदेवाड महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया। ऑपरेशन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पुलिस कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश की। ज्ञानेश्वर चव्हाण ने अपने सगे भाई राजाराम और सोमनाथ उदादंगे के साथ मिलकर अपहरण का जुर्म कबूल किया। आरोपी ने आगे बताया कि यह अपराध पीड़ित द्वारा लिए गए बकाया लोन की वजह से किया गया था। किडनैप करके पैसे वसूलना चाहते थे। इस मामले में शामिल बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

## भाई का हत्यारा भगौड़ा उम्रकैदी गुरुग्राम से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य जिले की नबी करीम पुलिस द्वारा उम्रकैद की सजा पा चुके एक बेज जंपर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को अपने भाई की हत्या के आरोप में सजा हुई थी। भगौड़ा घोषित भीम महतो ने 1999 में इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। इसे सुखराली गांव, गुरुग्राम, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 1999 में नबी करीम में भीम महतो निवासी गौरहा, बिहार को अपने भाई किशन महतो की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 2002 में तीस हजारी कोर्ट द्वारा इसे दोषी ठहराया गया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में उसकी अपील लंबित रहने के दौरान जमानत दे दी गई थी। 30 अक्टूबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने उसकी अपील खारिज कर दी और उसे 5 नवंबर 2025 तक सरेंडर करने का निर्देश दिया। इसके बजाय भीम महतो फरार हो गया, जिसके बाद सेशन कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया था। भगोड़े का पता लगाने के लिए एक विशेष ऑपरेशनल टीम का गठन किया गया था। आखिर में उसे सेक्टर 17, गुरुग्राम में ढूंढ निकाला गया और गिरफ्तार कर लिया गया।

**कुटेशन नोटिस**

हरियाणा राज्य परिवहन, चरखी दादरी में वाहनों की मरम्मत के लिए हार्डवेयर, पैटी, मिसलेनियस आईटम की अगले एक वर्ष के लिए खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर दिनांक 25.01.2026 तक अपनी सील बन्द कुटेशन कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन, चरखी दादरी के नाम भेज सकते हैं। जिसके ऊपर स्टोर आईटम कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आईटम की लिस्ट व अन्य शर्तों के लिए महाप्रबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। कुटशन से संबंधित सभी दस्तावेज किसी भी कार्य दिवस को दिनांक 15.01.2026 से पहले आकर महाप्रबंधक कार्यालय हरियाणा राज्य परिवहन चरखी दादरी से प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/-महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन,
च० दादरी।

पीआरडीएच-1119/11/786/2026/41753/88/7 दि. 05.01.26

## कूड़े के पहाड़ के आंकड़ों में भी फर्जीवाड़ा कर रही भाजपा सरकार : अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सिविक सेंटर में प्रेसवार्ता कर भाजपा पर साधा निशाना

दिल्ली के प्रदूषण और डेंगू के बाद अब भाजपा सरकार कूड़े के पहाड़ के आंकड़ों में भी फर्जीवाड़ा कर रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोमवार को सिविक सेंटर स्थित एमसीडी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर यह आरोप लगाए। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि कूड़े के पहाड़ पर सिर्फ सुखा और गिला कूड़ा ही डालना चाहिए, लेकिन वहां पर मलबा तक डाला जा रहा है। सड़क का कूड़ा सड़क पर ही पड़ा रह रहा है, लेकिन मेट्रो वेस्ट जैसी एजेंसी मलबा उठाकर कूड़े के पहाड़ पर डाल रही है। भाजपा के लोग मलबे का वजन करवाकर एमसीडी से मोटी रकम ले रहे हैं। यह सीधा-सीधा जनता से मिले टैक्स के पैसे का भ्रष्टाचार है।

अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा के मंत्री कूड़े के पहाड़ पर जाते हैं और कहते हैं कि 'तुझे जाना पड़ेगा'। वे यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि भाजपा, आम आदमी पार्टी की सरकार से कहीं ज्यादा कूड़ा उठा रही है। जबकि सत्य यह है कि कूड़े के पहाड़ पर सिर्फ गीला और सूखा कूड़ा डलना चाहिए और वहां मलबा डालना प्रतिबंधित है। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आम आदमी पार्टी द्वारा लैंडफिल साइटों पर मलबा डाले जाने से जुड़े आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ये आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और तथ्यहीन हैं।

## चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी की भंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस संगठन में फेरबदल को लेकर तैयारी कर रहा है। जिसके तहत चांदनी चौक जिला अध्यक्ष मो. उस्मान ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के दिशा निर्देश पर जिला कमेटी को भंग कर दिया है। जानकारी अनुसार कमेटी को भंग करके अब नए ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा। अब अन्य जिला कांग्रेस संगठन को भी भंग करने की कवायद शुरू हो गई है। इसके पीछे प्रदेश संगठन को नए तरीके से खड़ा करने की कवायद है। जिला संगठनों में जातिगत समीकरण व कर्मठ कार्यकर्ताओं को जगह देने की योजना के तहत जल्द ही और कई बदलाव देखने को मिल सकते है।

## जिम के मालिकाना हक को लेकर झड़प व मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- शिकायतकर्ता की पत्नी से छेड़छाड़ और बेटे को सरेआम निर्वस्त्र कर पीटने का भी आरोप

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक जिम के मालिकाना हक को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की बेरहमी से पिटाई की गई। उसकी पत्नी के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ और बेटे को सरेआम निर्वस्त्र कर पीटने का भी आरोप है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि केस में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य अभी फरार हैं।

पुलिस को इस घटना की सूचना दो जनवरी को पीसीआर कॉल के जरिए मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों को घायल अवस्था में पाया। उन्हें हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश के रूप में हुई है, जो पीड़ित परिवार के स्वामित्व वाले जिम में 'केयरटेकर' के तौर पर काम करता था। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सतीश पर आरोप है कि उसने कथित तौर पर दंपति को धोखा देकर जिम पर कब्जा कर लिया था। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच कई बार विवाद हुआ और मामला हिंसक झड़प में बदल गया। सोशल मीडिया पर प्रासरित हो रहे घटना के वीडियो में से एक में कम से कम चार लोग एक व्यक्ति को पीटते, उसके कपड़े उतारकर सार्वजनिक रूप से अपमानित करते और गिड़गिड़ाने के बावजूद उसके चेहरे पर बार-बार लात मारते दिखाई दे रहे हैं। वीडियों में एक आरोपी पीड़ित को जूते से मारते देखा गया है। एक अन्य वीडियो में दिखाई दे रहा है कि हमले के दौरान मोटरसाइकिल पर पहुंचे दो पुलिसकर्मी पीड़ित को उसकी पैंट दे रहे हैं, जबकि आरोपी मौके पर ही मौजूद हैं। इलाज के बाद शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य थाने पहुंचे, जहां उनके बयान दर्ज किए गए। शिकायत के आधार मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि सभी वीडियो की जांच की जा रही है ताकि घटनाक्रम और प्रत्येक आरोपी की भूमिका स्पष्ट की जा सके। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

## अमन विहार मर्डर 24 घंटे के भीतर सुलझा

**नई दिल्ली।** अमन विहार में 31 दिसंबर और 1 जनवरी की दरमियानी रात करीब 2 बजे अविनाश (35) नामक युवक की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम साहिल निवासी पूठ कलां और हर्ष उर्फ नोनी हैं। अपराध में इस्तेमाल किए गए वाहन और हथियार को बरामद करने के लिए आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार अविनाश को पहले संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। बाद में परिवार वालों ने उसे सफदरजंग हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया, जहां 3 जनवरी को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ा। मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण चाकू के घाव बताए गए। जांच के दौरान पहले साहिल को पकड़ा गया था। पूछताछ करने पर उसने सह-साजिशकर्ता हर्ष के बारे में बताया और उसे भी पकड़ लिया गया।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 945 दिनांक 26.11.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना कुण्ड़ली जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- गीतांजली।
पिता का नाम रामनिवास राय।
पता - वासी गाँव हेतनपुर जिला समस्तीपुर बिहार हाल झुग्गी अग्रसेन मन्दिर के पास प्याऊ मनियारी कुण्ड़ली सोनीपत हरियाणा।
उम्र- 13 वर्ष।
कद- 5 फुट 2 ईन्च।
हुलियाः रंग गोरा, गोल चेहरा, काले लबें बाल, काली छोटी आँखें, माथे पर चोट का निशान, हष्ट-पुष्ट शरीर है।
पहनावाः- मेहन्दी रंग का सुट-सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2025 को गीतांजली पुत्री रामनिवास राय वासी गाँव हेतनपुर जिला समस्तीपुर बिहार हाल झुग्गी अग्रसेन मन्दिर के पास प्याऊ मनियारी कुण्ड़ली सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी है जो अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना कुण्ड़ली में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना कुण्डली मो.नं.-7419410537
अनुसंधानकर्ता मो.नं.- 8059581886
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903, 100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4309/2026/41725/88/7 दि. 05.01.26

## दूसरे दिन भी पारे में रही गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** लगातार दूसरे दिन सोमवार को राजधानी दिल्ली में कड़ाके की सर्दी देखने को मिली, जिसमें न्यूनतम पारा लुढ़ककर 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह से ही ठंडी हवाएं चलने लगी थी, जिसने लोगों को परेशान किया। हालांकि दोपहर के समय मौसम ने करवट ली और आसमान पर सूरज के निकलने से गुनगुनी धूप ने लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत दी। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सबसे कम न्यूनतम तापमान आया नगर में 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि दिल्ली का औसत न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.3 डिग्री नीचे है। वहीं दिन में अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.3 डिग्री नीचे है। बावजूद इसके सूरज निकलने से गुनगुनी धूप न लोगों को कुछ घंटे राहत जरूर प्रदान की। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि मंगलवार को आसमान साफ रहेगा, हल्की धूप भी देखी जा सकती है।

## कड़ाके की सर्दी में बेघरों की हालात को लेकर केंद्रीय मंत्री नड्डा को पत्र लिख की पगोडा टेंट की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बेघरों के लिए कार्य करने वाली संस्था सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) ने कड़ाके की इस सर्दी में उनकी जान बचाने के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिख की पगोडा टेंट लगाने व तत्काल रात्रि आश्रयों के विस्तार के लिए पत्र लिखा है। इस बारे में संस्था के कार्यकारी निदेशक सुनील अलेडिया ने बताया कि इन दिनों दिल्ली में शीतलहर व कड़ाके की सर्दी का प्रकोप चल रहा है। ऐसे में अस्पतालों के आस पास पगोडा टेंट और रात्रि के लिए आश्रयों की संख्या तत्काल बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने की ऐसे में गंभीर व मजबूर लोगों के लिए संस्था ने केंद्रीय मंत्री नड्डा को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि गंभीर शीतलहर के कारण प्रमुख अस्पतालों के पास पगोडा टेंट और रात्रि आश्रयों के तत्काल विस्तार की मांग की गई है। दिल्ली के कई प्रमुख अस्पतालों के बाहर रहने वाले गरीबों को खुले में रात बितानी पड़ रही है जोकि मानवीय पहलू में बड़ा संकट दिखाई दे रहा है। इन अस्पतालों में एम्स, सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, वीएमएमसी, सफदरजंग ट्रॉमा सेंटर सहित दिल्ली सरकार के अस्पताल आदि शामिल हैं। अलेडिया के कहा कि यह बताना महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने 23 अक्टूबर 2025 को 19 राज्य सरकार और 4 केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों से शीतलहर के दौरान बेघर और कमजोर आबादी की सुरक्षा के लिए निवारक और पूर्व-सक्रिय उपाय करने का आग्रह किया है। उन्होंने एनएचआरसी ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया है कि 2019 और 2023 के बीच भारत में शीतलहर के संपर्क में आने से 3,639 लोगों की जान चली गई थी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज भिवानी | गांव दिनोद ब्लॉक भिवानी में राधा स्वामी आश्रम के निकट वार्ड 18 में एससी चौपाल का निर्माण, एमपी एलएडीएस + 29 कार्य। | 03.01.2026 09.01.2026 | 297.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव हरफाला ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 02.01.2026 09.01.2026 | 200.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज अम्बाला | (वीएएनजीवाई 2023-24) गांव टुंडली, ब्लॉक अम्बाला-II में बाल्मिकी चौपला के निकट हॉल का निर्माण। | 02.01.2026 08.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्सी अकबरपुर ब्लॉक घरौंडा में मेन रोड से सुभाष पुत्र बलजीत के मकान तक फिरनी का निर्माण + 2 कार्य। | 01.01.2026 10.01.2026 | 64.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 98 अदद 5.56 × 45एमएम कार्बाइन सीक्यूबी की खरीद। | 02.01.2026 16.01.2026 | 99.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 Supdt.provphq@gmail.com |
| 6 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 1000 अदद 9एमएम पिस्टल की खरीद। | 02.01.2026 16.01.2026 | 295 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 Supdt.provphq@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/120/41760/I/88/7 दि. 05.01.26

### उपराज्यपाल के अभिभाषण से शुरू हुआ विधानसभा सत्र

# दिल्ली सरकार ने पिछले 10 महीने में कई जनकल्याणकारी कदम उठाए : सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने प्रशासन में मौजूद लोगों की निष्क्रियता और नकारात्मकता जैसी विरासत में मिली समस्याओं का सामना करने के बावजूद पिछले 10 महीने में जनकल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं। दिल्ली सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, जलापूर्ति, बिजली, सड़कें, औद्योगिक विकास, पर्यावरण स्थिरता और सामाजिक न्याय पर प्राथमिकता से काम कर रही है।

यह बातें सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विधानसभा में अपने अभिभाषण में कही। उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि इस वर्ष सरकार ने सभी 10 प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। शासन सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि सरकार ने प्रक्रियाओं को सरल बनाने और सेवा वितरण में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं।

उन्होंने व्यापारियों और व्यवसायों को समर्थन देने के उद्देश्य से किए गए परिवर्तनों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' पहल के तहत व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सरल बनाया है।

विभिन्न विभागों में 75 डिजिटल सेवाओं को ई-गवर्नेंस के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है। शराब की दुकानों को छोड़कर सभी दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान 24 घंटे खुले रहने की अनुमति दी गई है, और 21 सालों से अनिवार्य पंजीकरण नवीनीकरण को समाप्त कर दिया गया है। अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र, भूमि उपयोग परिवर्तन की मंजूरी, कारखाना और व्यापार लाइसेंस आदि प्राप्त करना आसान बना दिया गया है। पूंजी और अवसंरचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विकास कोष के लिए 1400 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

17 अस्पतालों में विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। सितंबर 2025 में पांच अस्पताल ब्लॉकों का उद्घाटन किया गया। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सड़क और फ्लाईओवर निर्माण सहित बुनियादी ढांचा विकास के लिए 28 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि नंद नगरी फ्लाईओवर का काम तय समय से पहले पूरा कर लिया गया और 'बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर' परियोजना के इस वर्ष मई तक पूरा होने की उम्मीद है।

### शिक्षा के क्षेत्र में कुल बजट का 19 प्रतिशत आवंटित

उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि रेखा सरकार ने वर्ष 2025-26 में शिक्षा के क्षेत्र में कुल बजट का 19 प्रतिशत आवंटित किया। वहीं दिल्ली में दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम 2025 पारित कर लागू किया गया। सरकारी स्कूलों में 100 भाषा प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा रही है। वहीं 75 सीएम श्री विद्यालयों की शुरुआत की गई है। उपराज्यपाल ने कहा कि कक्षा 9 से 12 तक स्मार्ट कक्षाओं की व्यवस्था की जा रही है। खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल प्रोत्साहन राशि को दोगुने से भी अधिक कर दिया गया है।

### 3535 ईवी बसें डीटीसी के बेड़े में की गईं शामिल

उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन पहल के अंतर्गत, भारत सरकार के सहयोग से लगभग 3535 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं। इनमें 1150 देवी बसें चलाई जा रही हैं। वहीं 36 हजार इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट्स की स्थापना की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। सरकार बसों और मेट्रो के बीच सहज यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एनसीएमसी(नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड ) लागू करने की योजना पर काम कर रही है। वहीं थोड़े समय में ही 150 किमी सड़कों का नवीनीकरण किया है। 400 किलोमीटर सड़का का निर्माण और पुनर्विकास 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। केंद्र सरकार की मदद से एमजी रोड, मथुरा रोड और रोहतक रोड के विकास की योजना पर कार्य चल रहा है। वहीं उपराज्यपाल ने कहा कि मानसून के दौरान सरकार ने प्रभावी कदम उठाए। युद्धस्तर पर नालों की गाद निकासी की गई। अब तक 22 लाख मीट्रिक टन गाद हटाई गई। पूरी दिल्ली में नया ड्रेनेज मास्टर प्लान तैयार किया गया है जिसे आने वाले वर्षों में 56 हजार करोड़ रुपए की लागत से लागू किया जाएगा।

### आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू किया

उपराज्यपाल ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र को सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में बताते हुए एलजी ने कहा कि कुल बजट का 13 प्रतिशत हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवंटित किया गया है, जो अन्य क्षेत्रों की तुलना में सर्वाधिक है। नई सरकार के गठन के बाद आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू किया गया। इसके तहत जब तक 6 लाख 72 हजार 551 आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वहीं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2 लाख 62 हजार 383 वय वंदना योजना कार्ड जारी किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत दिल्ली के 188 अस्पताल इम्पैल किए गए हैं। इनमें 137 निजी एवं 51 सरकारी अस्पताल शामिल हैं। इसके तहत अब तक 19 हजार 287 मरीजों को सफल उपचार किया गया है। वहीं पीएम-एबीएचआईएम योजना के अंतर्गत 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को खोला गया है। वहीं डिजिटल इंडिया पहल के तहत 37 अस्पतालों में हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया। इसके साथ ही द्वारका में दिल्ली का पहला ब्रेन हेल्थ क्लीनिक शुरू किया गया।



### विपक्षी सदस्यों ने मास्क लगा विधानसभा परिसर में किया प्रदर्शन

विपक्षी दल आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने सोमवार को प्रदूषण के मुद्दे पर शीतकालीन सत्र के पहले दिन मास्क लगाकर दिल्ली विधानसभा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। नेता विपक्ष आतिशी के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आतिशी ने कहा कि प्रदूषण से दिल्लीवालों का दम घुट रहा है। पिछले चार महीने से दिल्ली वाले प्रदूषण से सांस नहीं ले पा रहे हैं, लेकिन सरकार ग्रेप को कड़ाई से लागू नहीं कर रही है। दिल्ली गैस चैंबर बन चुकी है। बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं। लेकिन भाजपा की चार-इंजन सरकार समाधान देने के बजाय एक्यूआई के आंकड़े मैनिपुलेट करने में लगी है। प्रदूषण पर दिल्ली की जनता के सामने भाजपा सरकार एक्सपोज हुई तो विपक्ष के सदस्यों को सदन से मार्शल आउट करा दिया। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे हैं और जहरीली हवा से मर रहे हैं, लेकिन भाजपा प्रदूषण के मुद्दे पर काम करना तो दूर, चर्चा करने को भी तैयार नहीं है।

# विधानसभा सत्र के पहले ही दिन हंगामा: विपक्ष के चार सदस्य तीन दिनों के लिए निष्कासित

### *उपराज्यपाल के अभिभाषण के बीच विपक्षी सदस्यों ने प्रदूषण मामले पर सरकार से मांगा जवाब*

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत सोमवार को हंगामे के साथ हुई। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के द्वारा सदन में दिए जा रहे अभिभाषण के बीच विपक्ष के सदस्यों द्वारा हंगामा करने पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विपक्ष के चार सदस्यों संजीव झा, कुलदीप कुमार,जरनैल सिंह और सोमदत्त को बारी-बारी से पहले मार्शलों द्वारा सदन से बाहर किया। अभिभाषण के बाद मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के प्रस्ताव पर विपक्ष के इन चारों सदस्यों को अगले तीन दिन तक सदन से निलंबित कर दिया।

गौरतलब है कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना जब सदन में अपना अभिभाषण दे रहे थे तभी विपक्ष के सदस्य संजीव झा, कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह और सोमदत्त ने प्रदूषण के मामले को लेकर सदन में बोलने लगे। सदन में उपराज्यपाल के अभिभाषण में विघ्न डालने की कोशिश देख अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने एक-एक कर विपक्ष के चारों सदस्यों को सदन से मार्शलों द्वारा बाहर करा दिया।

उपराज्यपाल के अभिभाषण के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सभी सदस्यों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद पूर्व पार्षद राजेश गहलोत, पूर्व सांसद विजय कुमार मल्होत्रा, पूर्व विधायक विनय शर्मा और लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में मृत लोगों को सदन में श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद एलजी के अभिभाषण की प्रति सदन पटल पर रखी गई। इस दौरान अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन को बताया कि सदस्य अभय वर्मा और करनैल सिंह का जन्मदिन होने के कारण यह सदन उनको जन्मदिन की बधाई देता है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सदन में प्रस्ताव रखते हुए कहा कि विपक्ष के चार सदस्य संजीव झा, कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह और सोमदत्त ने उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विघ्न डाला जो कि सदन की अवमानना है इसलिए मैं प्रस्ताव करता हूं कि विपक्ष के इन चारों सदस्यों को सदन से अगले तीन दिनों के लिए निष्कासित किया जाए। सदन में आए इस प्रस्ताव पर अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि अभिभाषण के दौरान सदन की गरिमा भंग करने तथा उनके प्रति अमर्यादित आचरण किए जाने का मामला अत्यंत गंभीर है। इसलिए विपक्ष सदस्य जरनैल सिंह, संजीव झा, कुलदीप कुमार एवं सोमदत्त को सदन की कार्यवाही से 3 दिनों के लिए निष्कासित किया जाता है। लोकतंत्र में मर्यादा, अनुशासन और संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान सर्वोपरि है। इसके बाद मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सदन की कार्यवाही को सुबह 11 बजे से शुरू करने को लेकर सदन में प्रस्ताव रखा जिसके बाद अध्यक्ष ने मंत्री के दोनों प्रस्तावों को ध्वनिमत से पारित करने की घोषणा की। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजे से शुरू होगी।

### कांग्रेस ने विधानसभा सत्र के पहले दिन प्रदूषण पर चर्चा को बताया आप-भाजपा की मिलीभगत

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली विधानसभा शीतकालीन सत्र का पहला दिन लगभग बेबुनियाद बहस की भेट चढ़ गया। दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से स्थाई निजात दिलाने पर सरकार ने कोई ठोस परियोजना तक पेश नहीं की। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रदूषण पर आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों की मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि सत्र के शुरुआत में प्रदूषण पर हल्ला करने वाली आम आदमी पार्टी ने भी अपने पूरे 11 वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण पर सिर्फ राजस्व की बर्बादी और अपने कार्यकर्ताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के सिवाय कुछ नहीं किया। यादव ने कहा कि भाजपा की रेखा सरकार ने भी पिछले 11 महीनों में प्रदूषण नियंत्रण के नाम सिर्फ खोखले दावे और झूठी बयानबाजी के अलावा कुछ नही किया। भाजपा ने क्लाउड सीडिंग जैसे असफल प्रयास पर राजस्व का नुकसान जरुर किया है। उपराज्यपाल के अभिभाषण में प्रदूषण नियंत्रण और पिछली सरकार के भ्रष्टाचार की सीएजी की रिपोर्ट के बारे में कोई चर्चा तक नहीं करना रेखा गुप्ता सरकार की पैरवी वाले भाषण से अधिक कुछ नहीं रहा। जबकि पिछले 10 महीनों में दिल्ली की सत्ता में रहते हुए भाजपा ने आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार की सीएजी रिपोर्ट की अनियमितताओं पर कार्यवाही करके जांच के आदेश तक न देना दोनों की मिलीभगत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा बची हुई सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखना चाहिए। सदन के द्वारा दिल्ली की जनता को बताएं कि शराब घोटाले, शीश महल, मोहल्ला क्लीनिक सहित अन्य विषयों की सीएजी रिपोर्ट पर अभी तक क्या कार्यवाही की गई हैं। यादव ने कहा कि शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा खतरनाक प्रदूषण पर नियंत्रण करने के लिए कोई विशेष जवाबदेही न दे पाना अपनी विफलता को छुपाना है। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे अधिक प्रदूषण वाला शहर दिल्ली की जनता के समक्ष स्वास्थ्य का खतरा खड़ा है।

# दिल्ली को दंगों की आग में झोंकने वालों को मिलनी चाहिए कड़ी से कड़ी सजा: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का सोमवार को स्वागत करते हुए कहा कि शहर को दंगों की आग में धकेलने के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले के आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन भागीदारी के स्तर का हवाला देते हुए पांच अन्य को जमानत दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं। अदालत ने दिल्ली दंगों के मामले में आरोपियों शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। दिल्ली को दंगों की आग में झोंकने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दंगों में शामिल लोगों का समर्थन करने वाली राजनीतिक पार्टियों के लिए कड़ा संदेश जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अपराध में भागीदार थीं।

### दंगे एक सुनियोजित साजिश का नतीजा थे : कपिल

दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि दंगे एक सुनियोजित साजिश का नतीजा थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के खिलाफ जानबूझकर साजिश रची गई थी। आज के फैसले ने एक बार फिर इसे साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्पष्ट संदेश मिलता है कि ऐसी साजिशों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अदालत का यह आदेश देश के खिलाफ काम करने वालों के लिए एक मिसाल बनेगा

दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने कहा कि अदालत का यह आदेश देश के खिलाफ काम करने वालों के लिए एक मिसाल बनेगा। सूद ने कहा कि सरकार का विरोध करना गलत नहीं है, लेकिन देश का विरोध करना अलग बात है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग देश के खिलाफ काम करने के आरोपियों के प्रति सहानुभूति दिखाते हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दंगाइयों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कड़ा संदेश देने के लिए उच्चतम न्यायालय का आभार व्यक्त किया। फरवरी 2020 में उत्तरपूर्वी दिल्ली में हुए दंगों में 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।

# प्रदूषण पर चर्चा से भागने के लिए विपक्ष अपना रहा है हर तरह के हथकंडे: सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विपक्ष के सदस्यों के द्वारा प्रदर्शन करने के मामले पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को कहा कि विपक्ष के सदस्य प्रदूषण पर सदन में होने वाली चर्चा से भागने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। सिरसा ने कहा कि लाखों रुपये के इंडस्ट्रियल मास्क पहनकर प्रदर्शन करना उनकी दोहरी राजनीति को पूरी तरह उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यही लोग हैं जो पिछले 11 साल तक मंत्री बन कर पदों पर बैठे रहे, लेकिन दिल्ली की हवा साफ करने के लिए कुछ नहीं किया।

आज ये लाखों रुपए के मास्क पहन के यही बता रहे हैं कि इनको अपने स्वास्थ्य की कितनी चिंता है। जनता के स्वास्थ्य की चिंता ना इन्हें तब थी जब ये सरकार में थे और ना अब है, सिर्फ अपनी निजी हितों को साधने की चिंता है। सिरसा ने कहा कि वे जानते हैं कि विधानसभा में प्रदूषण पर चर्चा हुई तो उनके 11 साल के झूठ और नाकामी सामने आ जाएंगे। इसलिए वे मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि चल रहे शीतकालीन सत्र में प्रदूषण पर चर्चा तय है। स्वयं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी विधायकों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया है। मेरे सहयोगी मंत्री कपिल मिश्रा ने भी यह बात सार्वजनिक रूप से कही है। इसके बावजूद विपक्ष चर्चा से भागना चाहता है। सिरसा ने कहा कि सच्चाई यह है कि 11 साल की नाकामी उनके चेहरे पर साफ दिख रही है, और यही वजह है कि वे विधानसभा में होने वाली चर्चा से डर रहे हैं।

### दिल्ली को मिला पूर्ण आरबीआई बैंकिंग ढांचा : रेखा

# दिल्ली सरकार ने आरबीआई के साथ एमओयू पर किए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली की सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को मूल रूप से सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी सुधार करते हुए दिल्ली सरकार ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता अब तक की वित्तीय कार्यप्रणालियों से निर्णायक बदलाव को दर्शाता है और दिल्ली को वित्तीय अनुशासन, संस्थागत मजबूती और इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित आर्थिक विकास के एक नए युग में प्रवेश कराता है। इस बात की जानकारी सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। इस एमओयू के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक, दिल्ली सरकार के लिए बैंकर, ऋण प्रबंधक और वित्तीय एजेंट के रूप में कार्य करेगा। इससे राज्य विकास ऋण के माध्यम से मार्केट बॉरोइंग, अतिरिक्त नकदी का स्वचालित निवेश, पेशेवर कैश मैनेजमेंट तथा कम लागत वाली तरलता सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो भारत सरकार और आरबीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप होंगी।

दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस मीटिंग में एमओयू पर भारतीय रिजर्व बैंक व दिल्ली सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) बिपुल पाठक ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित दिल्ली सरकार व भारतीय रिज़र्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार के साथ निरंतर संवाद का परिणाम है यह वित्तीय सुधार



मुख्यमंत्री ने बताया कि यह व्यापक वित्तीय सुधार केंद्र सरकार के साथ निरंतर संवाद का परिणाम है और यह दिसंबर 2025 में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ हुई बैठक के बाद आगे बढ़ा, जिसमें दिल्ली की वित्तीय स्वायत्तता और आधुनिक वित्तीय संरचना पर विस्तृत चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन के कारण दिल्ली को पारदर्शी और स्वतंत्र बैंकिंग व्यवस्था प्राप्त हो सकी है। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार की 2 जनवरी 2026 की अधिसूचना के अनुसार, 9 जनवरी 2026 से दिल्ली सरकार के पब्लिक अकाउंट्स को भारत सरकार के पब्लिक अकाउंट्स से पृथक कर दिया गया है, जिससे दिल्ली को पहली बार स्वतंत्र बैंकिंग और उधारी ढांचा प्राप्त हुआ है।

# 'आप कार्यकाल में बुनियादी सुविधाएं हुई बुरी तरह प्रभावित'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में क्षेत्र की बुनियादी सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, लेकिन वर्तमान में जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। दिल्ली नगर निगम के चांदनी चौक वार्ड से निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता ने क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जनसमस्याओं को लेकर निरीक्षण के दौरान यह बातें कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि चांदनी चौक वार्ड की जनता को राहत दिलाने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बता दें कि चांदनी चौक की समस्याओं को लेकर पार्षद सुमन गुप्ता ने दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड एवं शहरी आश्रय बोर्ड के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।इस अवसर पर भाजपा चांदनी चौक मंडल के अध्यक्ष रोहित शर्मा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण न हो: कुँवर सिंह



**गाजियाबाद।** विधान परिषद के सभापति कुँवर महाराज सिंह ने सोमवार को यहां कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण ना होने पाएं। साथ भी किसी गरीब आदमी का उत्पीड़न न हो। जनसममस्यों का तत्काल समाधान हो। सोमवार को समिति ने विकास भवन में दुर्गावती सभागार में विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने/जाँच किये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा जनपद गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर के विभागों निर्धारित बिन्दुओं की समीक्षा बैठक हुई।

### एक लाख 37 हजार रुपए की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए खाताधारक को जयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जीवन नगर फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 5 अगस्त 2025 को उसे टेलिग्राम पर एक लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर क्लिक करने के बाद वह एक टेलिग्राम ग्रुप से जुड़ गया, जहां उसे टास्क पूरा कर पैसे कमाने का लालच दिया गया। ठगों के झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने उनके बताए अनुसार विभिन्न टास्क किए और बताए गए बैंक खातों में कुल 1,37,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। टास्क पूरा करने के बावजूद उसे कोई भुगतान नहीं किया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी छित्तर मल निवासी गांव पनहारी खतवाड़ी खुर्द, जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है।



# आईएमए हरियाणा क्रिकेट लीग में फरीदाबाद टाइगर्स ने हिसार हल्क्स टीम को एक रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रोहतक में आयोजित आईएमए हरियाणा क्रिकेट लीग के फाइनल में फरीदाबाद टाइगर्स ने हिसार हल्क्स की टीम को एक सनसनीखेज मैच में एक रन से हरा दिया।

डॉ. निखिल सचदेवा की कप्तानी में पहले खेलते हुए फरीदाबाद टाइगर्स ने बीस ओवर में 158 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में हिसार हल्क्स की टीम ने आखरी बॉल तक खेलते हुए 157 रन बना कर मैच बहुत रोमांचकारी बना दिया। हिसार टीम को आखिरी ओवर में केवल छह रन चाहिए थे लेकिन डॉ. निखिल ने आखिरी ओवर स्वयं डालकर ये मैच अपने कब्जे में कर लिया। डॉ. आकाश को 68 रन बनाने और दो विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। डॉ. बालियान को बेस्ट बोलर घोषित किया गया। हरियाणा आईएमए आउटगोइंग प्रधान डॉ. एमपी जैन और इनकमिंग प्रधान डॉ. सुनीला सोनी ने डॉ. अनिल हंस ट्रॉफी फरीदाबाद टाइगर्स को प्रदान की।

सिरसा के डॉ. आशीष खुराना द्वारा खेलों के आयोजन को सराहा गया। पूर्व आईएमए हरियाणा प्रधान डॉ. अजय महाजन, डॉ. पुनीता हसीजा, संरक्षक डॉ. बेनीवाल, डॉ. पुनिया और पूर्व सचिव डॉ. सोनी ने फरीदाबाद टाइगर्स को बधाई दी और रोहतक आईएमए का धन्यवाद किया।

**खास बातें**

- फरीदाबाद टाइगर्स ने हिसार हल्क्स की टीम को 158 रनों का लक्ष्य दिया
- मैच बहुत रोमांचकारी बना दिया
- डॉ. बालियान को बेस्ट बोलर घोषित किया

**आईएमए सदस्यों ने पूरी टीम को जीत की शुभकामनाएं दी**



फरीदाबाद आईएमए के प्रधान डॉ राजीव गुंबर, सचिव डॉ अनुज ढींगरा, डॉ ललित हसीजा, डॉ सुरेश अरोड़ा, डॉ प्रदीप गर्ग और सभी सदस्यों ने पूरी टीम को इस जीत पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## उद्योग और स्वास्थ्य से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ करेंगे प्री बजट चर्चा

# सीएम नायब सैनी की अध्यक्षता में सूरजकुंड में होगी प्री बजट कंसलटेशन मीटिंग:डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी 9 जनवरी को प्रस्तावित प्री बजट कंसलटेशन मीटिंग की तैयारियों को लेकर आज विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि आगामी 9 जनवरी 2026 को सूरजकुंड स्थित होटल राज हंस में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में उद्योग और स्वास्थ्य क्षेत्र के संबंध में बजट पूर्व परामर्श बैठक का आयोजन किया जाएगा।

**खास बातें**

- 9 जनवरी को हरियाणा के सीएम बैठक का आयोजन करेंगे
- आयोजन प्रात: 9.30 से 12:30 तक आयोजित होगा
- मेडिकल सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए

**बैठक का उद्देश्य उद्योग एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से सुझाव प्राप्त करना**



डीसी आयुष सिन्हा ने कार्यक्रम की मिनट-टू-मिनट व्यवस्थाओं, सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स और समन्वय से जुड़े सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं और किसी भी स्तर पर कोई चूक न रहे। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को कार्यक्रम का प्रथम सत्र सुबह 9.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि भाग लेंगे और द्वितीय सत्र में हेल्थ केयर सेक्टर से जुड़े प्रख्यात विशेषज्ञों व उद्यमियों के साथ परामर्श किया जाएगा, जो शाम 4.30 बजे तक चलेगा। बैठक का उद्देश्य हरियाणा की फिस्कल पॉलिसी को लेकर उद्योग एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से सुझाव प्राप्त करना है।

डीसी आयुष सिन्हा ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं पूर्व स्वीकृति के अनुसार सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी आवश्यक सुरक्षा समय पर सुनिश्चित कर ली जाएं। इसके अतिरिक्त, अतिथियों के ठहराव, परिवहन, सैनिटेशन, एंबुलेंस एवं मेडिकल सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।
इस अवसर पर एसडीएम बड़खल सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, सीएमओ डॉ जयंत आहूजा, आरटीए सचिव मुनीश सहगल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मौके पर लगभग 7 लाख रुपए निगम खाते में हुए जमा

# निगम ने 14 बकाया धारकों की संपत्ति को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



नगर निगम फरीदाबाद की ओर से बकायादारों के विरुद्ध मेगा सीलिंग ड्राइव के तहत लगातार सख्त कार्यवाही जारी है। निगम अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों पर तथा निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा के मार्गदर्शन में यह अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।

अतिरिक्त आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सीलिंग अभियान के दौरान नगर निगम के विभिन्न जोनों में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष सीलिंग की कार्यवाही की गई, जिन्हें नोटिस पहले ही दिए गए थे। निगम द्वारा एक लाख से ज्यादा के प्रॉपर्टी टैक्स वाले प्रॉपर्टी धारकों पर कार्यवाही जारी है। जबकि कुछ बकायादारों से निगम की टीम द्वारा लगभग 7 लाख से ज्यादा की राशि निगम खाते में रिकवरी के रूप में जमा कराई है। निगम का उद्देश्य बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाना है। अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने स्पष्ट किया कि नगर निगम की यह कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगी। आज निगम की टीम ने 14 प्रॉपर्टी टैक्स धारकों की प्रॉपर्टी को सील किया है। निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने सभी संपत्ति मालिकों से अपील की कि वे समय रहते अपने बकाया करों का भुगतान करें, ताकि किसी भी प्रकार की सीलिंग या दंडात्मक कार्यवाही से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि यह टैक्स फरीदाबाद शहर के विकास पर लगाया जाता है। नगर निगम फरीदाबाद शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ और राजस्व के मामले में सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर डीसी आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में वायु प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा हाल ही में दिए गए निर्देशों के क्रम में विभिन्न विभागों की भूमिका, कार्ययोजना एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान एवं सडक़ों, खुले स्थानों, पुरानी बस्तियों, सरकारी विद्यालयों सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा की गई। डीसी आयुष सिन्हा ने नगर निगम फरीदाबाद को शहरी क्षेत्रों तथा जिला परिषद एवं ग्राम पंचायतों को ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन एवं प्रसंस्करण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षा विभाग को सरकारी स्कूलों में भी वेस्ट मैनेजमेंट एवं कंपोस्टिंग से जुड़ी गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करने को कहा।

डीसी आयुष सिन्हा ने जल स्रोतों की सफाई, उनके आसपास व्यापक पौधारोपण तथा हरित पट्टी विकसित करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग, नगर निगम एवं शिक्षा विभाग को समन्वय से स्कूलों एवं संस्थानों में उपलब्ध स्थान के अनुसार पौधारोपण कराने को कहा। उन्होंने सी एंड डी (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण) वेस्ट के संग्रहण एवं प्रसंस्करण, सेंट्रलाइज्ड प्लांट की प्रगति तथा टेंडर प्रक्रिया पर भी चर्चा की और संबंधित विभागों को प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जनजागरूकता के लिए थीम आधारित आईईसी गतिविधियां आयोजित करने पर जोर दिया गया, जिनमें सडक़ धूल नियंत्रण, वेस्ट मैनेजमेंट, लेगेसी वेस्ट आदि विषय शामिल होंगे। विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को विद्यार्थियों की भागीदारी से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने और उनका दस्तावेजीकरण करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित प्रारूप में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि वायु प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में ठोस और प्रभावी परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें। समीक्षा बैठक में नगर निगम एडिशनल कमिश्नर गौरव अंतिल, सीटीएम अंकित कुमार, सीएमओ डॉ जयंत आहूजा, जिला शिक्षा अधिकारी अंशुल दहिया सहित अन्य सभी अधिकारीगण मौजूद रहे।

# छात्र के साथ की गई थी मारपीट इलाज के दौरान हुई मृत्यु

**फरीदाबाद।** बीते 30 दिसंबर को झगड़े में संजय कालोनी निवासी रवि गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी कल 4 जनवरी को पीड़ित की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी जिस पर मामले में हत्या की धारा जोडी गई। अभियोग की आगामी कार्रवाई अपराध शाखा सेक्टर 56 को सौंपी गई है। अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्णा निवासी संजय कालोनी, मोहित उर्फ चमन व विकास निवासी प्रेस कालोनी, निखिल व रोनित निवासी जवाहर कालोनी फरीदाबाद के रुप में हुई है।

## पुलिस ने मामला दर्ज किया, हमलावर फरार

# ब्रिटिश एयरवेज के ड्राइवर को घोंपा चाकू, चाय की दुकान पर मामूली विवाद बना जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ब्रिटिश एयरवेज के कर्मचारियों पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। हमलावरों ने उनके ड्राइवर को पेट व कमर में चाकू घोंप दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी सेक्टर-30-33 निवासी सिद्धांत आचार्य ने सेक्टर 17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे नोएडा में ब्रिटिश एयरवेज कंपनी में नौकरी करते हैं। पंचशील कालोनी गली नंबर तीन निवासी अमरेश इस कंपनी के स्टाफ को कार में लाने-ले जाने का काम करता है। दो जनवरी की रात करीब 11 बजे कंपनी से छुट्टी होने के बाद अमरेश सिद्धांत आचार्य व एक अन्य कर्मचारी रियान तनेजा को कार से फरीदाबाद लेकर आ रहा था। तीनों चाय पीने ओल्ड चौक रेड लाइट पर रुक गए। जब वे कार से नीचे उतरे तो दो लड़के मोटरसाइकिल लेकर आए। उनकी मोटरसाइकिल का टायर



रियान तनेजा के पैर पर चढ़ गया। उन्होंने इसका विरोध किया तो बाइक सवार नीचे उतर आए और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान ड्राइवर अमरेश बीच बचाव करने के लिए आगे आया। बाइक सवारों ने इशारा करके अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ देर में स्कूटी पर दो युवक और आ गए। उन सभी ने मिलकर दोबारा मारपीट शुरू कर दी। इनमें से एक लड़का अपने हाथ में लिए हुए था। उसने चाकू कार ड्राइवर अमरेश के पेट व कमर में घोंप दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई। हमलावर मौके से फरार हो गए। अमरेश का एम्स ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है।

# नेटफ्लिक्स पर कुणाल खेमू फेम 'सिंगल पापा' सीजन-2 की वापसी

**गुरुग्राम।** वही प्यारा-सा परिवार, नए-नए मोड़, जीजी की अनोखी परवरिश और भावनाओं से भरी कई नई कहानियां- सीजन-2 में हर एहसास और भी खूबसूरती से देखने को मिलेगा। भारत और दुनिया भर में लोगों का दिल जीतने के बाद नेटफ्लिक्स की पसंदीदा फैमिली कॉमेडी 'सिंगल पापा' अब सीजन-2 के साथ वापस आ रही है। इस बार कहानी में और ज़्यादा भावनाएं होंगी, ज्यादा हंसी होगी और गहलोत परिवार की हमें और भी मजेदार मस्ती देखने को मिलेगी। कुणाल केमू की दमदार एक्टिंग से सजी 'सिंगल पापा' में उन्होंने गौरव गहलोत का किरदार निभाया है। यह सीरीज एक सिंगल पिता की ज़िंदगी को सच्चे, भावनात्मक और मनोरंजक अंदाज़ में दर्शाती है। जहाँ परिवार, बच्चों की परवरिश और रोज़मर्रा की छोटी-छोटी उलझनें देखने को मिलती हैं। इस शो की खासियत इसकी शानदार स्टार कास्ट भी रही, जिसमें प्राजक्ता कोली, मनोज पाहवा, आयशा रजा, नेहा धूपिया, सुहैल नय्यर, दयानंद शेट्टी, आयशा अहमद आदि।

## डीग गांव में पुरानी रंजिश के चलते गोलीबारी हुई

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, आमने-सामने चली ताबड़तोड़ गोलियां, दो घायल भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद जिले के डींग गांव में पुरानी रंजिश के चलते रविवार की रात को शराब के ठेके के पास दो पक्षों में विवाद हो गया।

देखते ही देखते दोनों पक्षों में गोलियां चल गई। वहीं, इस दौरान योगेंद्र यादव को तीन गोली और जग्गी नाम के युवक को एक गोली लगी है। दोनों घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि दोनों पक्ष घायलों को लेकर सेक्टर-8 में सर्वोदय अस्पताल आए तो रात को यहां पर भी झगड़ा हो गया। बाद में दोनों को अलग-अलग अस्पताल में दाखिल कराया गया। योगेंद्र यादव वर्तमान सरपंच पप्पू उर्फ जय सिंह यादव का भाई बताया गया है, पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव में एक महीने पहले भी लाठी-फरसा से झगड़ा हुआ था, जिसका दोनों पक्षों ने पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया। गांव में पंचायत की गुटबाजी को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा है। पुलिस के अनुसार वर्तमान सरपंच को अपराध की संगीन धाराओं के तहत थाना सदर पुलिस में मामला दर्ज होने के कारण पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश पर उपायुक्त ने बर्खास्त किया हुआ है। फिलहाल गांव में कार्यवाहक सरपंच के रूप में बहुमत का पंच काम-काज संभाल रहा है।

## पुलिस से मुठभेड़ में आरोपी के दोनों पैरों में लगी गोलियां

# मुठभेड़ में पुलिस ने काबू किया इनामी अंतरराज्यीय बदमाश

गुरुग्राम ▶▶ (धर्मेंद्र कौशिक)

पुलिस ने मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी अंतराज्यीय बदमाश को दबोचा है। आरोपी बदमाश हरियाणा, उत्तर प्रदेश व राजस्थान में हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, गृहभेदन व शस्त्र अधिनियम की करीब दो दर्जन वारदातों को अंजाम दे चुका है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के दोनों पैरों में गोलियां लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक बाइक, एक हेलमेट, एक देशी कट्टा, एक पिस्टल, नौ खाली खोल कारतूस व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार 4/5 जनवरी की आधी रात को सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच के इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर ललित कुमार को सूचना मिली कि कुख्यात अपराधी एक लाख का इनामी बदमाश यादराम हथियारों से लैस होकर बिना नंबर की बाइक पर सोहना की तरफ जा रहा है। उस पर हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में गंभीर अपराधिक मामलों में केस दर्ज हैं। जिस पर एसआई ने पुन्हाना क्राइम ब्रांच के इंचार्ज संदीप मोर से संपर्क किया।

**बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती**

सीआईए सेक्टर-40 गुरुग्राम व सीआईए पुन्हाना की टीमों ने संयुक्त रूप से सोहना-गुरुग्राम रोड पर महेंद्रवाड़ा गांव के कच्चे रास्ते में नाकेबंदी की। इस दौरान देर रात एक बिना नंबर की होंडा लिवो बाइक पर सवार एक व्यक्ति आया। खुद को पुलिस से घिरा हुआ देखकर बाइक सवार ने पुलिस पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। एक गोली पुलिस की सरकारी गाड़ी के दरवाजे पर, एक गोली बानेट पर व एक गोली एसआई ललित की बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जिस पर पुलिस टीम ने भी आरोपी पर फायरिंग की तो बदमाश के दोनों पैरों में पुलिस की गोली लगी। वह घायल होकर वहीं गिर गया। उसे पुलिस काबू किया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जिसकी पहचान यूपी के ओरैया निवासी यादराम (50) के रूप में हुई। आरोपी वर्तमान में किराये के मकान में जयपुर (राजस्थान) में रहता था।



पुलिस टीम द्वारा पुलिस की फिंगरप्रिंट, एफएसएल, सीन-ऑफ-क्राइम व थाना प्रबन्धक भौंडसी से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। इस मुठभेडक़े दौरान 10 राउंड फायरिंग हुई, जिनमें छह फायर आरोपी द्वारा तथा चार फायर पुलिस टीम द्वारा किए गए। घटनास्थल से एक बाइक, एक हेलमेट, एक देशी कट्टा, एक पिस्टल, नौ खाली खोल कारतूस व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी इनामी बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर गोलियां चलाकर जानलेवा हमला करने तथा

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.c. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण शर्मा पुत्र** भवानी शंकर, **निवास:** म.नं. 3/23, गीता कॉलोनी, दिल्ली ने **FIR No. 254/24 U/s 283 IPC थाना: गीता कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्ण शर्मा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कृष्ण शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 254/24 U/s 283 IPC थाना: गीता कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्ण शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रेरणा राय
जेएमएफसी, कमरा नं. 15
(पूर्व जिला), कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17605/SHD/2025
(Court Notice)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कासिम उर्फ राहुल, पुत्र** अब्बास अली, **निवासी:** मकान नं0 254–सी, गली नं0 20, न्यू मुस्तफाबाद, गोकलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 713/2014, U/S 340/34 IPC, पुलिस स्टेशन करावल नगर, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कासिम उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कासिम उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 713/2014, U/S 340/34 IPC, पुलिस स्टेशन करावल नगर, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कासिम उर्फ राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री इसरा जैदी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04,
कमरा नं0–64, चौथा तल, उत्तर–पूर्व जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/196/NE/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी रिहान, पुत्र:** मो. अब्बास, **पता:** मकान नं. बी–346, गली नंबर 20, सुभाष मोहल्ला उत्तरी घोंडा, दिल्ली **एवं:** बी–14/47, गली नंबर 13, सुभाष मोहल्ला उत्तरी घोंडा गढ़ी मेंडू, भजन पुरा, **दिल्ली, FIR No. 206/2017, U/s: 392/411 IPC, पुलिस थाना: ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रिहान,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रिहान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **रिहान, FIR No. 206/2017, U/s: 392/411 IPC, पुलिस थाना: ज्योति नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राहुल सैनी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08
कमरा नंबर जी–08, न्यू
कोर्ट बिल्डिंग,शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/158/NE/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितेश कुमार बंसल, पुत्र** श्री राजेन्द्र प्रसाद, **निवासी:** मकान नं0. सी–41, जे जे कॉलोनी, टिगिरि, नई दिल्ली–62, ने **FIR No. CC NI ACT/ 1480/2022 U/S 138, पुलिस स्टेशन महरौली, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितेश कुमार बंसल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितेश कुमार बंसल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. CC NI ACT/ 1480/2022 U/S 138, पुलिस स्टेशन महरौली, दक्षिण जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नितेश कुमार बंसल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा कुमारी
न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई अधिनियम विशेष न्यायालय
(दक्षिण), कोर्ट नं0–25, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/212/SD/2026
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### कम पानी होने से क्रूज पटना से लौटने को मजबूर



**वाराणसी।** नवंबर में कोलकाता से वाराणसी के लिए रवाना हुआ लग्जरी गंगा विलास क्रूज पटना में ही लौटने के लिए कम पानी होने की वजह से मजबूर हो गया। गंगा नदी में पटना और वाराणसी के बीच कई स्थानों पर जलस्तर कम होने के कारण आगे का सफर संभव नहीं था। इस क्रूज पर सवार 30 विदेशी पर्यटकों को सड़क मार्ग से वाराणसी ले जाया गया।

### लीजधारी दुकानों को तोड़ने का अभियान टला

**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन चौक लीजधारी दुकानों को तोड़ने का अभियान कुछ दिनों तक टल गया है। इससे दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।



रेलवे ने 27 लीजधारी दुकानों को नोटिस देकर 3 जनवरी तक जमीन खाली करने का आदेश दिया था। सांसद ने दक्षिण पूर्व जोन के रेल महाप्रबंधक एके मिश्रा से फोन पर बात कर लीजधारी दुकानदारों के खड़गपुर व हावड़ा की तर्ज पर पुनर्वास की व्यवस्था करने का मुद्दा उठया।

### लखनऊ से 3 गुना बढ़ जाएंगी फ्लाइटें

**लखनऊ।** अमौसी स्थित एयरपोर्ट का तेजी से विस्तार हो रहा है। आने वाले समय में लखनऊ से फ्लाइटों की संख्या तीन गुना बढ़ जाएगी।



अभी यहां से 120 के करीब घरेलू और अन्तरराष्ट्रीय फ्लाइटें हैं। यह संख्या 2028-29 तक 300 से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। 2028 तक विमानों के टेक-ऑफ और लैंडिंग के बीच का समय कम हो जाएगा।

योगी सरकार का बड़ा फैसला

# यूपी पुलिस भर्ती में आयु सीमा पर 3 साल की छूट

योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आरक्षी नागरिक पुलिस और समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती-2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से 32,679 पदों पर होने वाली भर्ती में उन अभ्यर्थियों को भी अवसर मिलेगा जो पहले आयु सीमा के कारण बाहर हो रहे थे।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी राहत दी है। अभ्यर्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती-2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है।

**खास बातें**

- सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों को भरे जाने के लिए निर्णय लिया गया
- यूपी लोक सेवा नियमावली-1992 के नियम-3 के आलोक में लिया निर्णय

### लाखों युवाओं को होगा लाभ



सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों को भरे जाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासनादेश के अनुसार आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुष/महिला), आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष), महिला बटालियन हेतु महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष) तथा जेल वार्डर (पुरुष एवं महिला) पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को यह आयु शिथिलीकरण एक बार के लिए प्रदान किया जाएगा। सरकार द्वारा यह निर्णय उत्तर प्रदेश लोक सेवा नियमावली-1992 के नियम-3 के आलोक में लिया गया है। यह फैसला 31 दिसंबर 2025 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के अनुक्रम में 5 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश के माध्यम से लागू किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो आयु सीमा के कारण अब तक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे। इस निर्णय से लाखों युवाओं को फायदा होगा।

### युवाओं के हित में योगी आदित्यनाथ सरकार

योगी सरकार का यह कदम साफ संदेश देता है कि प्रदेश की सरकार युवाओं की वास्तविक समस्याओं को समझती है और समाधान के लिए ठोस फैसले लेने से पीछे नहीं हटती। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को न्यायसंगत अवसर देना, रोजगार के अधिक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराना और प्रशासनिक निर्णयों में संवेदनशीलता बनाए रखना योगी सरकार की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है। पुलिस भर्ती में आयु सीमा शिथिलीकरण का यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं की उम्मीदों को नया बल देगा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि योगी आदित्यनाथ सरकार में युवाओं का भविष्य नीति निर्धारण के केंद्र में है।

## मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के कामकाज का ब्योरा पीएम को दिया

# सीएम योगी ने पीएम मोदी से की मुलाकात यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें

योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में छह पद खाली हैं। इसके साथ कई मंत्रियों को हटाए जाने की भी चर्चा है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर दिल्ली में भी कई स्तर पर मंथन होगा।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। अटकलें लगाई जा रही हैं इस मुलाकात के दौरान यूपी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा हुई। करीब एक घंटे की मुलाकात के दौरान योगी ने पीएम मोदी को राज्य सरकार के कार्यों और विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा की है। इस मुलाकात के बाद मकर संक्रांति के बाद संभावित कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं।

योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में छह पद खाली हैं। इसके साथ कई मंत्रियों को हटाए जाने की भी चर्चा है। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर दिल्ली में भी कई स्तर पर मंथन होगा। इससे पहले लखनऊ में संगठन की कई दौर की बैठक हुई थी।

**खास बातें**

- योगी सरकार में छह मंत्री पद खाली, कुछ मंत्रियों की हो सकती है छुट्टी
- नड्डा और नबीन से भी मिले मुख्यमंत्री योगी

**आगामी चुनावों के लिए राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा की**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने मंत्रिमंडल विस्तार से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य की विकास योजनाओं के साथ-साथ आगामी चुनावों के लिए राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद, मुख्यमंत्री योगी ने दोपहर 3:30 बजे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने की उम्मीद है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीतीन नबीन से भी मुलाकात की।

### अधिकतम 60 हो सकते हैं

मंत्रिमंडल विस्तार संभवतः 14-15 जनवरी, 2026 को मकर संक्रांति के त्योहार के बाद होगा। इसके अलावा, आयोगों, बोर्डों और परिषदों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरू होगी। योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री को मिलाकर 54 मंत्री हैं, सरकार में अधिकतम 60 मंत्री हो सकते हैं। अगले वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव और इसी वर्ष पंचायत चुनाव को देखते हुए सरकार की तेज है। मंत्रिमंडल विस्तार में जातिगत समीकरणों के साथ-साथ क्षेत्रीय समीकरणों को भी साधने की कोशिश रहेगी। इसी कारण मंत्रिमंडल विस्तार को भी गति दी जा रही है। इसकी तैयारियां तेज हैं और बचे हुए पदों को भरने की तैयारी हो रही है।

एनएचएआई के बड़े अफसर पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

## बेईमानी की 2.85 करोड़ रुपए की संपत्ति हुई जब्त

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में एक भ्रष्ट अफसर के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी पटना जोनल कार्यालय ने एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) बिहार के तत्कालीन उप महाप्रबंधक (डीजीएम) प्रभांशु शेखर की भ्रष्टाचार से अर्जित लगभग 2.85 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह संपत्तियां डीजीएम ने अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर अर्जित की थी। इनमें बिहार और दिल्ली में फ्लैट व जमीन से लेकर चल संपत्तियां बैंक बैलेंस, सोने और चांदी के आभूषण और बीमा पॉलिसियों में निवेश आदि शामिल है। ईडी की आगे की कार्रवाई जारी है।

माघ मेले में प्रयाग की पंचकोसी परिक्रमा की शुरुआत

## त्रिवेणी के तट पर पूजन के साथ शुरू हुई पांच दिवसीय परिक्रमा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



प्रयाग की सनातन परंपरा, आस्था एवं सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक पंचकोसी परिक्रमा की माघ मेला में शुरुआत हो गई। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद और श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा की अगुवाई में संगम में गंगा पूजन से इसकी शुरुआत सोमवार को हुई।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कहा कि यह पंचकोसीय परिक्रमा पांच दिनों तक चलेगी जिसमें आखिरी दिन साधु-संतों के लिए भंडारे का आयोजन होगा। माघ मेला प्रशासन को इस परिक्रमा के आयोजन में यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी मिली है। संगम में गंगा पूजन के बाद साधु संतों का समूह अक्षयवट और आदि शंकर विमान मण्डपम मंदिर भी गया। इसके उपरांत पहले दिन की परिक्रमा का समापन हो गया। दिव्य-भव्य माघ मेले के आयोजन में कई परम्पराएं शामिल हैं जिसमें कल्पवास व पंचकोशी परिक्रमा भी शामिल है।

## पेज एक का शेष

### रक्षा मंत्री ने ...

अभियान को बढ़ावा मिलेगा। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ.प्रमोद सावंत, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि और जीएसएल के अध्यक्ष-प्रबंध निदेशक ब्रजेश कुमार उपाध्याय भी समारोह में शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति :** उन्होंने कहा कि भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति है, जो समूचे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करती है। वर्तमान में वैश्विक समुद्री अनिश्चितता के दौर में हमने लगातार ये साबित किया है कि भारत न केवल अपने हितों की रक्षा करते हैं। बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति और स्थिरता को भी सुनिश्चित करता है। समुद्र प्रताप को उन्होंने देश के परिपक्व रक्षा औद्योगिक इको-सिस्टम का प्रतीक बताया और कहा कि ये जीएसएल की आज की समुद्री चुनौतियों से निपटने के आधुनिक दृष्टिकोण का उत्पाद है। आईसीजी के जहाजों में स्वदेशी सामग्री को 90 फीसदी तक बढ़ाने के प्रयास जारी हैं।

**60 फीसदी स्वदेशी सामग्री से लैस पोत :** ये आईसीजी का अब तक का सबसे बड़ा पोत है, जिसकी मदद से पर्यावरणीय प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने जैसे प्रदूषण नियंत्रण, अग्निशमन के अलावा तटीय-समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तैनात किया गया है। पोत की मदद से देश के विशाल समुद्री क्षेत्रों में विस्तारित निगरानी और प्रतिक्रिया अभियानों को संचालित करने की क्षमता भी मजबूत होगी। समुद्र प्रताप जीएसएल द्वारा बनाए गए दो पोतों में से एक है, जिसमें 60 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है।

**समुद्र प्रताप की विशेषताएं :** मंत्रालय ने बताया, समुद्र प्रताप का अर्थ 'समुद्रों के वैभव को सुरक्षित, स्वच्छ समुद्र सुनिश्चित करने और राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के संकल्प' को दर्शाता है। हर तरह के मौसम में ये काम करने में सक्षम है। जहाज का वजन 4 हजार 170 टन, लंबाई 114.5 मीटर और गति 22 समुद्री मील से ज्यादा है। इसे 7500 किलोवाट के दो डीजल इंजनों से शक्ति मिलती है। जो नियंत्रण पिच प्रोपेलर और गियरबॉक्स द्वारा संचालित होते हैं। इंजनों की मदद से इसे उत्कृष्ट गतिशीलता, लचीलापन और 6 हजार समुद्री मील की सहनशक्ति मिलती है।

### प्रतिक्रियावादी नहीं...

स्थापित करने के लिए भूमि का पट्टा हो या मानव संसाधन का मामला। हम हर पहलू में बल को आधुनिक बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के उभरते प्रौद्योगिकी आधारित-बहुआयामी खतरों के बीच समुद्री क्षेत्र को लगातार मजबूत करने के लक्ष्य को भी प्रतिबद्धता के साथ दोहराया।

### लंबे वक्त से...

में नहीं हैं। इसी को आधार बनाकर अदालत ने शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत की याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि खालिद और इमाम के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता है। गौर हो कि 10 दिसंबर, 2025 को सभी आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 18 दिसंबर तक दोनों पक्षों को अपनी दलीलों के समर्थन में तमाम दस्तावेज जमा कराने को भी कहा था।

### ट्रायल में हो ...

वैधानिक सुरक्षा उपाय स्वतः ही निरस्त होने का खतरा है। हालांकि, अदालत ने कहा कि गवाहों की जांच पूरी होने पर या वर्तमान आदेश की तारीख से एक वर्ष पूरा होने पर उमर खालिद और शरजील इमाम फिर से जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर हैं, इसलिए इस स्तर पर दोनों को राहत नहीं दी जा सकती।

### हिंसा का मकसद....

मकसद केवल विरोध से कहीं आगे जाकर अस्थिरता पैदा करना था।

### सिद्धारमैया चाहते हैं ...

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे पर बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा, लेकिन मध्य जनवरी से पहले किसी बड़े फैसले की संभावना कम बताई जा रही है। हाल ही में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भी कुछ नेताओं ने नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा उठाया था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में होने वाली आगामी बैठकें बेहद अहम होंगी। यदि केंद्रीय नेतृत्व स्पष्ट दिशा देता है तो कर्नाटक कांग्रेस फिर से शासन और विकास के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित कर सकेगी, जो पार्टी की 2026 की व्यापक राजनीतिक रणनीति के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। फिलहाल, कर्नाटक कांग्रेस में दोनों खेमे हाईकमान के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और पूरे राज्य की निगाहें दिल्ली पर टिकी हुई है।

### अब एक 40 वर्षीय...

थी। जिसके बाद शाहीन उसे लगातार गलत प्रस्ताव दे रहा था और उसके मना करने पर उसे प्रताड़ित कर रहा था। जब कुछ वक्त तक कोई बात नहीं बनी। तब शाहीन और उसके साथ उसका एक और रिश्तेदार बीते 3 जनवरी को अचानक मेरे घर आ गए और मुझसे 50 हजार टका यानी लगभग 37 हजार रुपए की मांग करने लगे। जब मैंने पैसे देने से इंकार कर दिया तो उन्होंने मेरे साथ बदसलूकी की। लेकिन जब मैंने विरोध में चिल्लाना शुरू किया तो दोनों ने मुझे पहले पेड़ से बांध दिया और उसके बाद मेरे बाल काट दिए। पीड़िता ने ये दावा भी किया कि दोनों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर जारी कर दिया।

**मेडिकल जांच में पता चली सच्चाई:** घटना के बाद अचेत अवस्था में पड़ी महिला को स्थानीय लोगों की मदद से कालीगंज के झेनाइदाह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने दावा किया कि शुरुआत में महिला ने उन्हें घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। लेकिन बाद में मेडिकल जांच में गैंगरेप की बात सामने आई है। जिसके बाद ही महिला ने कालीगंज पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें शाहीन और हसन दो लोगों के नाम दर्ज हैं।

**कट्टरपंथियों की बेकाबू भीड़ ले चुकी 3 हिंदुओं की जान:** गौरतलब है कि बीते साल अगस्त महीने में बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज हुई मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के कार्यकाल में अब तक अल्पसंख्यकों खासतौर पर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के कुल करीब 2 हजार 900 मामले सामने आ चुके हैं। तीन हिंदुओं की हाल ही में बेहद निर्ममता के साथ हत्या कर दी गई है। जिसमें दीपू चंद्र दास और खोकन दास मुख्य हैं। भारत हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और दीपू चंद्र दास की मौत के मामले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कह चुका है कि हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की है। जबकि इसे लेकर बांग्लादेश की सरकार का कहना है कि वो अपने देश में अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### रूस से तेल ...

की है। **अगस्त 2025 में लगाया 50% टैरिफ :** गौरतलब है कि अमेरिका ने बीते वर्ष 2025 के अगस्त महीने में भारत से निर्यात किए जाने वाले सभी सामान पर कुल 50 टैरिफ लगाने की घोषणा की थी और उसके पीछे ये तर्क दिया था कि भारत रूस से निरंतर आधार पर तेल की खरीद के जरिए मास्को को यूक्रेन युद्ध को और अधिक भड़काने या बढ़ावा देने के लिए वित्तीय मदद प्रदान कर रहा है। जबकि रूस इस युद्ध में लगातार यूक्रेन के निर्दोष लोगों की जान ले रहा है। वहीं, टैरिफ बढ़ाने का यह समूचा घटनाक्रम एक ऐसे समय में सामने आया है। जब भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत की एक बार फिर से शुरुआत की कवायद तेज हुई है। इसके अलावा वेनेजुएला जो कि दक्षिण-अमेरिका का न केवल एक बहुत बड़ा तेल उत्पादक देश है। बल्कि उसके पास मौजूद तेल भंडार की कुल अनुमानित क्षमता प्रतिदिन 303 बिलियन बैरल है। जो कि दुनिया के तेल रिजर्व का 17 फीसदी है। ओपेक का कहना है कि प्रतिबंधों की वजह से वेनेजुएला की तेल उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 1 मिलियन बैरल के रूप में घटी है।

**पुतिन दे चुके अमेरिका को दो टूक जवाब :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल के समय में की गई अपनी भारत यात्रा में साफ शब्दों में अमेरिका को ये स्पष्ट कर दिया था कि मास्को से नई दिल्ली को की जाने वाली तेल की आपूर्ति निर्बाध गति से चलती रहेगी। भारत भी समय-समय पर रूस के साथ बनी हुई अपनी पुरानी और समय की हर कसौटी पर परखी हुई मित्रता को भविष्य में भी मजबूती के साथ बनाए रखने की बात कह चुका है।

### घरेलू मांग पूर्ति ...

अपने उपभोक्ताओं की ऊर्जा आवश्यकताओं की प्राथमिकता के साथ पूर्ति करने पर केंद्रित है। इस प्रक्रिया में भारत वैश्विक परिदृश्य के साथ तेल बाजारों की स्थिति पर भी पैनी नजर बनाए रखता है। मंत्रालय ने ये भी कहा था कि एक ऐसे वक्त में जब खुद अमेरिका रूस के साथ अपना व्यापार जारी रखे हुए है। तब उसे नई दिल्ली द्वारा ऐसा किए जाने से परेशानी क्यों है? विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने भी बीते समय में किए गए अपने एक रूस दौरे में यह साफ किया था कि दुनिया में रूस से सबसे ज्यादा तेल की खरीद भारत नहीं बल्कि चीन करता है। लेकिन अमेरिका ने दक्षिण-एशिया में केवल भारत पर ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जबकि चीन पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया गया है।

### नेहरू ने महमूद ...

कारण यह है कि इस देश की अस्मिता के साथ एक अत्यंत घिनौना मजाक किया गया। 'घिनौना मजाक' शब्द जानबूझकर प्रयोग कर किया जा रहा है, क्योंकि हमारी पीढ़ी और उससे पहले की पीढ़ियों ने इतिहास की पुस्तकों में पढ़ा है कि मोहम्मद गजनी ने सोमनाथ पर जो कुछ किया, वह केवल धन लूटने के लिए था और उसका कोई धार्मिक उद्देश्य नहीं था। इतना ही नहीं, यह कथन किस स्रोत से आया, इस पर भी ध्यान देना चाहिए। इसका स्रोत पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' है।

वृंदावन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारी कमेटी की बैठक

# 100 वर्ष पूरे होने पर होंगे कार्यक्रम, संघ प्रमुख से मिलने आ सकते हैं सीएम योगी

एजेंसी ▶▶ मथुरा



वृंदावन में आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू हो चुकी है। इसकी अध्यक्षता संघ प्रमुख मोहन भागवत कर रहे हैं। उनसे मिलने के लिए सीएम योगी भी वृंदावन आ सकते हैं।

वृंदावन के केशव धाम में अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक जारी है। परिचय बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वर्तमान परिस्थितियों के साथ बैठक के विषयों पर मंथन किया। रविवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत केशव धाम पहुंचे। इसके बाद परिचय बैठक हुई। इसमें संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह कार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, आलोक कुमार, मनमोहन वैद्य सहित केंद्रीय पदाधिकारियों ने संघ प्रमुख से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय पदाधिकारियों ने देश के वर्तमान हालात के साथ बांग्लादेश में हिंसक घटनाओं पर चर्चा की।

केंद्रीय पदाधिकारियों की बैठक में संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर देश के लोगों को जोड़कर उन्हें संघ के बारे के बारे में बताने, लोगों में समरसता का भाव लेने के लिए गांव-गांव सभाएं आयोजित करने, 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव, पश्चिम बंगाल के हालात, प्रदेशों में हो रहे पलायन और इसे रोकने के लिए रूपरेखा तैयार करने पर मंथन किया जाएगा। इसके साथ ही संगठनात्मक दृष्टिकोण पर भी गहन चर्चा की जाएगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितिन पुत्र** मोहन लाल, **निवासी:** एच–201, गली नं0–6, अमन विहार, रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No. 457/2020, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार पूर्व, बाहरी जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नितिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 457/2020, U/S 392/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन पश्चिम विहार पूर्व, बाहरी जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नितिन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–II,
कमरा नं0–31, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/219/OD/2026**
**(Court Matter)**

தமிழ்நாடு மத்தியப் பல்கலைக்கழகம்
तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय
**Central University of Tamil Nadu**
(Established by an Act of Parliament, 2009)
Neelakudi, Thiruvarur Tamil Nadu
Phone: 04366-277499/277256 | Email: recruitment@cutn.ac.in

**गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती**
RECRUITMENT ON VARIOUS NON-TEACHING POSTS
रोलिंग विज्ञापन / Rolling Advertisement No: CUTN/NT/01/2026

तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय विभिन्न गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक विवरण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी www.cutn.ac.in पर विजिट करें.

Central University of Tamil Nadu invites applications for recruitment on various Non-Teaching Posts.

For further details, interested candidates ma may visit www.cutn.ac.in.

आवेदन लिंक /Application link: cutnnt.samarth.edu.in

समर्थ पोर्टल की प्रारंभिक तिथि / Opening of Samarth Portal : 00:00 hrs 01-01-2026.
समर्थ पोर्टल की अंतिम तिथि / Closing of Samarth Portal : 23:59 hrs 21-01-2026

Sd/-
कुलसचिव/REGISTRAR

CBC 21299/12/0016/2526

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84**
**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कविन्द्र सिंह उर्फ केविन, पुत्र** श्री पाल सिंह, **निवासी:** मकान नं0. ए–82, गली नं0–10, जसवन्त कॉलोनी, पुलिस स्टेशन विजय विहार, दिल्ली, ने **E-FIR No. 1172/20, U/S 380/411 IPC, पुलिस स्टेशन भजनपुरा, उत्तर पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कविन्द्र सिंह उर्फ केविन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कविन्द्र सिंह उर्फ केविन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 1172/20, U/S 380/411 IPC, पुलिस स्टेशन भजनपुरा, उत्तर पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कविन्द्र सिंह उर्फ केविन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01 (उत्तर पूर्व),
5वां तल, कमरा संख्या 73, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/191/NE/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोपाल उर्फ अजय,** पुत्रः हेतराम, निवासीः **2/393,** त्रिलोकपुरी, दिल्ली–**110092** और निवासीः **17/117,** त्रिलोकपुरी, दिल्ली ने **FIR No.: 45/2012, U/s: 392/397/412/120B/34 IPC, पुलिस थाना कालकाजी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गोपाल उर्फ अजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गोपाल उर्फ अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कालकाजी, दिल्ली** के अभियुक्त **गोपाल उर्फ अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 10.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिवानी चौहान
एएसजे एफटीसी–01, दक्षिण पूर्व जिला कमरा नंबर–613,
साकेत कोर्ट, दिल्ली

**DP/243/SE/2025**

# हरिभूमि सहेली



आज हर कोई प्रोग्रेसिव कहलाना चाहता है, यह भी चाहता है कि वह पॉजिटिव पर्सनालिटी पाए। यह एक अच्छी बात है, लेकिन इसके लिए अपनी खूबियों के साथ अपनी सीमाओं को भी समझें। ऐसा व्यवहार न करें, जिससे लोग हर्ट फील करें। आप अपने सधे व्यक्तित्व के साथ अपना व्यवहार, अपनी भाषा शालीन रखें। सोच पॉजिटिव रखें। अपनी अट्रैक्टिव-प्रोग्रेसिव पर्सनालिटी के लिए आप और कौन से गुण अपनाएं, जानिए।

## ऐसे बनेगी पर्सनालिटी अट्रैक्टिव-प्रोग्रेसिव

कवर स्टोरी

**डॉ. मोनिका शर्मा**

इस नए दौर में प्रोग्रेसिव होने का अर्थ मन की करने और कुछ अलग तरह के खुलेपन को जीने के अंदाज से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में कई बार प्रगतिशीलता संग अहंकार का भाव भी जुड़ जाता है, जिससे मन ही नहीं, जीवन भी कई उलझनों में घिर जाता है। यही वजह है कि पर्सनल स्पेस को मनचाहे ढंग से जीने और प्रोग्रेसिव होने की राह में कुछ गलतियों से बचना जरूरी है। आज के दौर में महिलाओं को सजग-सशक्त व्यक्तित्व बनाने की राह पकड़ने के मोर्चे पर भी सोच-समझकर डटना होता है। यह समझ, सिर्फ ऊर्जा ही नहीं बचाती है, दिशाहीन भी नहीं होने देती। अभिमान के घेरे में लाने के बजाय मानवीय अनुभूतियों से जोड़े रखती है। महिलाओं को समझना होगा कि यह संतुलन ही सही मायने में स्वतंत्र और प्रभावी अस्तित्व गढ़ने जैसा है। प्रोग्रेसिव पर्सनालिटी के लिए हर आयुवर्ग की महिलाएं कुछ बातें जरूर अमल में लाएं-

### भाषा की सभ्यता ना भूलें

चिंतनीय है कि प्रोग्रेसिव होने के नाम पर अब बहुत से लोग भाषाई मर्यादा को भूल जाते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देते हुए अजब-गजब भाषा बोलने लगते हैं। उपहास उड़ाने वाले अपमानजनक शब्द घर-परिवार में भी बोले-सुने जा रहे हैं। तकलीफदेह है कि रील वीडियो से लेकर आम जिंदगी तक महिलाएं भी अभद्र शब्दों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रही हैं। असभ्य शब्दों का यह घेरा मॉडर्न ट्रेंड या प्रोग्रेसिव होने के नाम पर कस रहा है। जिसके चलते पॉजिटिव सोच और सधे व्यक्तित्व के मायने ही गुम हो रहे हैं। प्रोग्रेसिव होने के नाम पर असभ्य भाषा बोलने से बचें। प्रगतिशील बनने के लिए नकारात्मक शब्दों की आवश्यकता नहीं होती। न ही किसी का अपमान या उपहास करने की। अच्छे और सधे शब्दों में भी विरोध जताया जा सकता है। किसी बात की शिकायत की जा सकती है। हंसी-मजाक करने के लिए भी असभ्य भाषा की जरूरत नहीं होती। न ही अपना रुतबा दिखाने के लिए नकारात्मक भाषा बोलना जरूरी है। अपने शब्दों को लेकर सजग रहना, इंप्रेसिव पर्सनालिटी का सबसे अहम पहलू है। इसीलिए भाषा की सभ्यता कभी ना भूलें।

#### बनाएं पॉजिटिव पर्सनालिटी

**आप चाहती** हैं कि पॉजिटिव पर्सनालिटी पाएं तो इसके लिए अपनी खूबियों के साथ अपनी सीमाओं को समझना भी जरूरी है। विचार हों या व्यवहार, किसी के दिल को ठेस पहुंचाना आपको मजबूत नहीं बनाता। दूसरों का मजाक उड़ाने की प्रवृत्ति का आपके



आत्मविश्वास से कोई लेना-देना नहीं होता। देखने में आ रहा है कि सोशल मीडिया कंटेंट से लेकर सड़क तक बहुत सी महिलाएं, घमंड को ही कॉन्फिडेंस समझ रही हैं। बहुत सी युवतियों में दूसरों के विचारों का सम्मान करने की सोच से दूरी बढ़ रही है। 'मैं ही सही हूं' की सोच स्त्री-पुरुष किसी के लिए सही नहीं कही जा सकती। पॉजिटिव पर्सनालिटी के बहुत से अच्छे गुणों में फ्लेक्सिबिलिटी और एडॉप्टिबिलिटी दोनों ही अहम और जरूरी गुण हैं। दिनचर्या में सहज स्वीकार्यता और समझ भरे व्यवहार से जुड़ी ऐसी बातें, आपकी भावनाएं भी बदलने लगती हैं। मन और जीवन दोनों पॉजिटिव बनने लगते हैं।

### जुड़ाव और बंधन का फर्क समझें

हर परंपरागत चीज बंधन नहीं है। कामयाबी की खुशी अपनों के साथ और बढ़ जाती है। हर मामले में ही बड़ों की समझाइशें पुरानी सोच नहीं होती हैं। अभिभावकों की सहज रोक-टोक जीवन की जद्दोजहद के प्रति सजग करने वाला स्नेह भी माना जा सकता है। मौजूदा दौर में हर जुड़ाव को बंधन मानने की सोच बढ़ रही है। छोटी-छोटी बातों के प्रति भी स्वीकार्यता नहीं दिखती। तकलीफदेह है कि यह बर्ताव बहुत-सी गलतियां करने के रास्ते खोलने वाला साबित होता है। यह न भूलें कि अपनों के साथ सधा-सा गठजोड़ खुद आपके ही जीवन को सही दिशा देता है। आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है। अनुभवी अपनों का मार्गदर्शन सही निर्णय ले पाने की बुनियाद बनाता है।

### विश्वास हो, अंधविश्वास नहीं

यह हैरान ही नहीं बेहद परेशान करने वाली बात है कि आज सजग-शिक्षित युवतियां आपराधिक मामलों में ज्यादा फंस रही हैं। कहीं अपने अतिवादी बर्ताव के कारण खुद अपराध की राह पकड़ रही हैं तो कहीं अंधे विश्वास के कारण दूसरों के बिछाएं जाल में फंस रही हैं। ऐसे में दूसरों पर आंख मूंद कर यकीन करने को सही मायने में प्रगतिशील होना तो नहीं कहा जा सकता। आधुनिकता के नाम पर बिना जाने-समझे लिव इन रिश्तों में ऐतबार कर जान गंवाने वाली युवतियां हों



या वैवाहिक जीवन को सही ढंग से जाने, जिए बिना खारिज कर देने वाली बेटियां। न तो अपनी पूर्वाग्रह भरी सोच पर विश्वास करना सही होता है, ना ही बिना दायित्वबोध वाले रिश्तों को जीना। इस बात को हम समझें कि आपसी विश्वास के बिना परिवार और समाज नहीं चल सकता। परिचितों-अपरिचितों का अनकहा-सा भरोसा ही तो पूरे परिवेश को जोड़ता है।

## जब ऑफिस में बढ़ने लगे स्ट्रेस

कॉरपोरेट ऑफिसेस में वर्क लोड इतना बढ़ चुका है कि महिलाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। बढ़े हुए वर्क लोड की वजह से वे मेंटल स्ट्रेस में रहती हैं, इसका असर इनकी मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। इससे वर्किंग वूमेन कैसे बचें, बहुत जरूरी सलाह।

वर्किंग वूमेन

**निकिता चौहान**



आज कॉरपोरेट सेक्टर में वर्कलोड इतना अधिक बढ़ चुका है कि इसका असर मेंटल हेल्थ पर भी पड़ने लगा है। ऑफिस स्ट्रेस से न सिर्फ प्रोडक्टिविटी कम होती है, मेंटल हेल्थ के साथ रिश्तों पर भी नेगेटिव असर पड़ता है। ऐसे में अपनी मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना उतना ही जरूरी है, जितना ऑफिस में अपनी जिम्मेदारी निभाना। आप कुछ सरल आदतें अपनाकर अपना स्ट्रेस नियंत्रित कर सकती हैं।

### हेल्दी रुटीन बनाएं

दिन की शुरुआत रोजाना तय समय पर करें और एक बैलेंस रुटीन अपनाएं। नियमित समय पर उठना, निश्चित समय पर खाना और सोना शरीर और मन दोनों को स्थिरता देता है। इससे आपका मानसिक तनाव भी कम होता है।

### पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

डिहाइड्रेशन शरीर में थकान, चिड़चिड़ापन और ध्यान की कमी बढ़ाता है। ऑफिस में काम करते हुए हर एक-डेढ़ घंटे में पानी पीने की आदत डालें। यह स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इससे स्ट्रेस भी कम होता है।



### अच्छा स्लीप रूटीन अपनाएं

सात-आठ घंटे की नींद मेंटल हेल्थ के लिए जरूरी है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें, कैफीन से बचें और शांत वातावरण में सोएं। अच्छी नींद तनाव को काफी कम करती है।

### डीप ब्रीदिंग-माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करें

पांच से दस मिनट की गहरी सांस लेने की तकनीक या माइंडफुलनेस एक्सरसाइज तुरंत तनाव कम करती है, इससे दिमाग शांत रहता है। ऑफिस के बीच में भी दो मिनट का 'ब्रीदिंग ब्रेक' काफी असरदार होती है।

### हेल्दी कोपिंग मैकेनिज्म अपनाएं

स्ट्रेस के समय ओवरईटिंग, गुस्सा या सोशल मीडिया में डूबे रहना स्थिति को और खराब करता है। इसकी जगह छोटे ब्रेक लें, वॉक करें, पसंदीदा संगीत सुनें या किसी आत्मीय और भरोसेमंद सहकर्मी से अपने मन की बात करें।

### फेवरेट एक्टिविटी करें

सिर्फ काम से मानसिक थकान बढ़ती है। वीकेंड पर या काम के बाद अपनी पसंद की गतिविधियां जैसे स्पोर्ट्स, म्यूजिक, आर्ट, रीडिंग या परिवार के साथ समय बिताना, मन को रिफ्रेश करती हैं और बर्नआउट से बचाती हैं।

### वर्क-डे में छोटे ब्रेक लें

लगातार कई घंटों तक काम करने से दिमाग थक जाता है, प्रोडक्टिविटी कम होने लगती है। हर साठ से नब्बे मिनट में दो-तीन मिनट का छोटा ब्रेक लें, खड़े होकर स्ट्रेच करें, थोड़ा चलें या गहरी सांस लें। यह माइक्रो-ब्रेक्स मानसिक ऊर्जा को री-सेट करते हैं, आपके मानसिक तनाव के प्रभाव को भी काफी कम करते हैं।

**(फोर्टिस हेल्थकेयर, दिल्ली के साइकिएट्रिस्ट डॉ. आस्तिक जोशी से बातचीत पर आधारित)**

#### एक्सपर्ट से करें कंसल्ट

**स्ट्रेस मैनेजमेंट** एक स्किल है, जिसे निरंतर अभ्यास से मजबूत किया जा सकता है। यदि ऑफिस स्ट्रेस लगातार बढ़ रहा है, आपकी पर्सनल लाइफ को प्रभावित कर रहा है तो मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लें। काम के साथ-साथ अपने मन का भी ध्यान रखना आज के कॉरपोरेट वर्ल्ड में सफलता और बेहतर जीवन का मूल मंत्र है।

---

पौधों को पानी की जरूरत हर मौसम में होती है। लेकिन इसकी मात्रा तापमान और धूप की अवधि पर निर्भर करती है। जरूरत से कम या ज्यादा पानी देने पर पौधे मुरझा सकते हैं। सर्दी के मौसम में कैसे-कितना पानी दें, यहां बता रहे हैं।

## सर्दियों में पौधों को कब-कितना पानी दें

गार्डनिंग

**अनु**



सर्दी के मौसम में पौधों की वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। दरअसल, सर्दी के दिनों में गर्मी या बरसात की तुलना में पौधों को ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। तापमान और धूप कम होने की वजह से पौधों को पानी की भी कम जरूरत महसूस होती है। उन्हें अगर दिन में एक बार पानी दे दिया जाए, तो उनकी मिट्टी में नमी बनी रहती है। अगर इनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो जाए या इन्हें कई दिन तक बिना पानी के रखा जाए, तो पौधे सूखने लगते हैं, सूखकर मुरझा सकते हैं और कई बार पौधे नष्ट भी हो सकते हैं। दरअसल, ठंड के दिनों में बालकनी या शेड में रखे पौधों को कम धूप मिलती है। कम धूप के कारण उन्हें कम पानी की जरूरत होती है।



**होती है कम पानी की जरूरत:** जब पौधों को प्रकाश मिलने की अवधि कम हो जाती है, तो पौधों में होने वाली प्रकाश संश्लेषण के अलावा दूसरी जैविक प्रक्रियाएं धीमी हो जाती हैं। सर्दियों में दिन का छोटा होना, कम रोशनी और ठंडे तापमान के कारण पौधों में वाष्पोत्सर्जन भी कम होता है और घर के भीतर रखे पौधे पानी ज्यादा नहीं सोखते हैं। उनकी क्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं। अगर ठंड ज्यादा हो रही है तो उनको पानी देने का तरीका भी उसी के अनुकूल होना चाहिए।

**वातावरण का रखें ध्यान:** गार्डन एक्सपर्ट्स के अनुसार जहां हम रहते हैं, वहां की जलवायु, मौसम, वहां आने वाली धूप, तापमान और आर्द्रता के आधार पर ही यह निर्धारित होता है कि पौधों को इस सीजन में कितनी बार और कितना पानी देना चाहिए? ज्यादा प्राकृतिक नमी और ठंडे तापमान वाले वातावरण में पौधों को कम पानी देना चाहिए। लेकिन जो लोग ज्यादा ठंड के दिनों में अपने घर के भीतर हीटर चलाते हैं, उनके पौधों के पानी की जरूरत शुष्क वातावरण के कारण अलग तरह की होती है। इस तरह हर पौधे की जरूरत अलग-अलग तरह की होती है और उनकी पर्यावरणीय परिस्थितियों के आधार पर ही उन्हें पानी देने की भी जरूरत होती है। भले ही सर्दियों के मौसम में पौधे सुप्त अवस्था में होते हैं, इसके बावजूद उन्हें अपनी भोजन बनाने की प्रक्रिया के लिए पानी की जरूरत तो होती ही है। पानी की बदौलत ही पौधे जीवित रहते हैं लेकिन ज्यादा पानी देने से वो नष्ट होने लगते हैं। इसलिए अगर आपके गार्डन में लगे पौधे की पत्तियां भूरे रंग की हो गई हों या उनकी पत्तियां झड़ गई हों तो भी थोड़ी मात्रा में उन्हें पानी चाहिए होता है। उन्हें हाइड्रेट रखने से वो पौधे आने वाले दिनों में बचे रहेंगे।

**इन बातों का रखें ध्यान:** सर्दी के दिनों में अपने पौधों को पानी देने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- जब ज्यादा ठंड हो यानी जब तापमान 4 डिग्री से नीचे चला जाए, तो पौधों को अधिक पानी न दें।
- जहां तक संभव हो सुबह के समय पानी दें ताकि पौधों को पानी को अवशोषित करने और रात्रि के समय ठंड से बचने का सुरक्षा कवच मिल सके।
- सर्दी के मौसम में पौधों को रात के समय कभी पानी न दें। इससे पानी जड़ों में जमा हो जाता है और पौधों में सड़न, कीड़े और फंफूद हो जाती हैं।
- सर्दी में वाटर टैंक में अगर ज्यादा ठंडा पानी हो, तो उसकी बजाय ताजा, भूमिगत जल देना चाहिए।
- अपने पौधों को धूप की जरूरत पर ध्यान दें। पत्तियों और पौधे की धुलाई करती रहें।

---

## यूज करें बॉडी बटर स्किन बनी रहेगी सॉफ्ट

स्किन केयर

**अंजू जैन**

विंटर सीजन में स्किन के रूखेपन, रैशेज, डल हो जाने से अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। ऐसे में बॉडी बटर, लेटेस्ट ऑप्शन के रूप में स्किन केयर का सबसे इफेक्टिव रूप सामने आया है। गाढ़ी, स्मूद और प्लस टेक्सचर्ड यह क्रीम त्वचा में गहराई तक जाकर उसे मॉयश्चराइज और हाइड्रेशन का डोज देती है। ऐसा इफेक्ट कोई नॉर्मल मॉयश्चराइजिंग क्रीम नहीं दे सकती। इसे लगाने से स्किन सिल्की, लचीली और नम रहती है, जिससे उसमें ग्लो नजर आता है।

**क्या करता है बॉडी बटर:** बॉडी बटर स्किन को डिहाइड्रेशन से बचाता है। इसके इस्तेमाल से स्किन के भीतरी हिस्से में नमी पहुंचती है और टिकती भी है। नमी के अभाव में स्किन की बाहरी सतह की सेल्स सूख कर सिकुड़ने लगती हैं। इसके बाद स्किन की भीतरी लेयर्स का भी यही हाल होने लगता है। स्किन संवेदनशील बनने लगती है और इसमें झुर्रियां और सिलवटें पड़ने लगती हैं। इसकी वजह से त्वचा की प्री-मैच्योर एजिंग, इंफेक्शन, क्रैक और ड्राई स्किन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अच्छी गुणवत्ता वाला बॉडी बटर स्किन सेल्स के निर्माण की प्रक्रिया को भी तेज करता है। इसमें मौजूद सामग्री स्किन को विटामिन, मिनरल्स और एंजाइम्स से पोषण देती है। सनबर्न, रैशेज, सोरायसिस, एक्जिमा जैसी स्किन प्रॉब्लम्स में आराम मिलता है। कोहनी और एड़ियों जैसी कठोर त्वचा वाले हिस्सों को भी बॉडी बटर के प्रयोग से इंप्रूव किया जा सकता है। कई तरह के नट्स और सीड्स इन्हें एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण देते हैं।



**ऐसे करें यूज:** बॉडी बटर भी मॉयश्चराइजर की तरह ही इस्तेमाल किया जाता है। इसे पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। नहाने के बाद, शरीर को तौलिए से थपथपा कर सुखा लें और फिर बॉडी बटर लगा लें। इसका इस्तेमाल आप होंठ, नाखून और बालों पर भी कर सकती हैं।

**तरह-तरह के बॉडी बटर:** बाजार में कई तरह के बॉडी बटर मिलते हैं। आप अपनी पसंद से कोई भी यूज कर सकती हैं।

**शिया बटर:** अफ्रीकन शिया ट्री के फल से बनाया गया यह बॉडी बटर, स्ट्रॉन्ग मॉयश्चराइजर है और स्किन को मखमली लुक देता है। इसमें फैटी एसिड होता है, जिसमें सुपर एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं।

**कोकोआ बटर:** इनमें कोकोआ बीन का एडिबल फैट होता है। यह विटामिन-ई से समृद्ध होता है। इसके प्रयोग से स्किन को अच्छा हाइड्रेशन मिलता है और स्किन की सूदिंग होती है।

**(ब्यूटीशियन अनुमिता पाल से बातचीत पर आधारित)**

---

अगर इस मौसम में आपका वजन बढ़ रहा है, तो ऐसे में आपको अपने खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए अपनी डाइट में आप क्या-क्या शामिल कर सकती हैं, जानिए।

## ऐसे वेट रहेगा कंट्रोल

डाइट एडवाइस

**डॉ. स्वप्ना चतुर्वेदी**
सीनियर डाइटीशियन, एम्स-दिल्ली

सर्दी के मौसम में भूख बढ़ने, कम एक्टिविटी करने और फैटी चीजें खाने को कई लोगों का वेट बढ़ने लगता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना होगा। इससे बचने का सबसे बेहतर उपाय यही है कि शुरुआत से ही हेल्दी डाइट लेने की आदत डालें और तले-भुने फूड्स से परहेज करें। जहां तक संभव हो बाहर खाने से बचें। घर का बना ताजा भोजन ही करें।

**संतुलित आहार लें:** यदि आप इस मौसम में भी स्वयं को फिट और अपने वजन को नियंत्रित रखना चाहती हैं, तो अपने आहार पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। दिन की शुरुआत अकसर चाय से की जाती है, लेकिन खाली पेट चाय पीने से कई लोगों को गैस की समस्या हो जाती है। इसलिए चाय पीने से पहले एक-दो कप पानी अवश्य पीना चाहिए। इसके साथ मखाना, नट्स, आटा या ओट्स के बिस्कुट ले सकती हैं। नाश्ते में बेसन या दाल का चीला लेना बेहतर होता है। दलिया और किनोवा भी ले सकती हैं। इसके अलावा पनीर, दूध, छाछ और अंडा भी लिया जा सकता है। सुबह के नाश्ते में प्रोटीन की मात्रा अधिक होनी चाहिए। नाश्ते के बाद सुबह 10 से 11 के बीच में सेब या पपीता जैसे फल लेना फायदेमंद होता है। दोपहर और रात के खाने में हेल्दी अनाज अपने भोजन में जरूर शामिल करें। बाजरा, मक्का की रोटी, ब्राउन राइस, दाल, मौसमी सब्जियां, दही और सलाद जरूर खाएं। इसके साथ ही बाजरे की खिचड़ी भी ले सकती हैं। यह बहुत ही पौष्टिक होती है और इसमें विटामिन, मिनरल और फाइबर्स भरपूर मात्रा में होते हैं। रात का भोजन सोने से कम से कम दो घंटे पहले कर लेना चाहिए। रात के खाने में सूप अवश्य लें। इसके अलावा सोने से पहले दूध भी लिया जा सकता है। बहुत अधिक गर्म खाना खाने से भी बचना चाहिए, क्योंकि अत्यधिक गर्म खाने से भोजन की नली पर इसका बुरा असर पड़ता है। इससे मुंह में छाले भी पड़ जाते हैं।





**तला-भुना न खाएं:** ठंड के मौसम में तला-भुना खाने का मन बहुत करता है। जैसे समोसा, कचौरी, छोले-भटूरे, आलू, गोभी और बथुआ के परांठे खाने में तो बहुत स्वादिष्ट लगते हैं, लेकिन इनके अधिक सेवन से वजन बढ़ सकता है। वजन बढ़ाना तो बहुत आसान है, जबकि उसे कम करना उतना ही कठिन होता है। इस तरह के भोजन में कैलोरी की मात्रा बहुत अधिक होती है जबकि इस मौसम में हमारी शारीरिक गतिविधियां बहुत कम होती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि शरीर में फैट जमा होने लगता है। एक व्यक्ति को महीने में तेल और घी मिलाकर आधा लीटर से अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। इन चीजों का ज्यादा उपयोग करने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। दिन और रात के भोजन को मिलाकर कुल दो चम्मच तेल का उपयोग करना ही बेहतर होता है।

**प्रस्तुति: संध्या रानी**

#### रेग्युलर करें एक्सरसाइज

**सर्दियों में** अपने को हेल्दी, फिट रखने के लिए नियमित रूप से एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है। ठंड से बचने के लिए अगर आप बाहर जाकर वॉक या एक्सरसाइज नहीं कर सकती हैं, तो घर के अंदर ही योगा, प्राणायाम और कुछ हल्की एक्सरसाइज जरूर कर सकती हैं। इससे एक तो थकान और आलस से बच सकती हैं और आपका मूड भी अच्छा रहेगा।



सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम में हुए शामिल मुख्यमंत्री

# सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण अविनाशी विश्वास का अद्‌भुत प्रतीक

**बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्‌घोष है कि शाश्वत हैं हमारे भगवान शिव**

रवींद्र भवन परिसर में सीएम कर रहे थे संबोधित

प्रदेशवासियों की सुख शांति की प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि भगवान श्रीमहाकाल और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग हमारे प्रदेश में विद्यमान हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल में मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है। बार-बार ध्वस्त होकर भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह उद्‌घोष है कि, शिव शाश्वत हैं, हमारी आस्था अडिग है और सनातन की चेतना अमर है। सोमनाथ हमारे आत्मबल, पुनर्जागरण और अविनाशी विश्वास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था एवं भोपाल उत्सव मेला की सोमनाथ ज्योतिर्लिंग रूद्र पूजा और मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के रवींद्र भवन-मुक्ताकाश परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी, भोपाल उत्सव मेला के मनमोहन अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता माखन सिंह और राहुल कोठारी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने रूद्र पूजन में भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की।


जनता को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

## शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिव ही सत्य और सनातन हैं। पंच महाभूतों से बने हमारे शरीर का शिव ही सनातन संस्कृति की मूल अवधारणाओं से परिचय कराते हैं। शिव ही हमारे विकारों का संहार करते हैं। सनातन के विरोध का भाव रखने वाली संस्कृतियां, वर्तमान में स्वयं आतंरिक संकट से ग्रस्त हैं। जबकि सदैव विश्व के कल्याण की कामना करने वाली भारतीय संस्कृति, संसार को एक परिवार मानते हुए आगे बढ़ रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जहां एक ओर श्री सोमनाथ महादेव का पुनर्निर्माण कराया वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राम मंदिर की स्थापना की। उज्जैन में महाकाल जन-जन की श्रद्धा के केंद्र के रूप में विद्यमान हैं। यह इस तथ्य को स्थापित करता है कि सनातन आदि और अनंत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुदेव श्री श्री रविशंकर का आध्यात्मिक ज्ञान, उनकी आत्मीयता और मानवमात्र के प्रति प्रेम, सम्मानीय है। उनकी ओर से प्रसारित, सांस लेने की लयबद्ध सुदर्शन क्रिया की तकनीक ने कई लोगों के जीवन से तनाव, चिंता और अवसाद जैसे जटिल विकारों का निदान किया है।

उद्योग प्रतिनिधियों से करेंगे संवाद

## मुख्यमंत्री आज जयपुर में टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 5 जनवरी को जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मप्र प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जो उभरते और उच्च विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य के प्रौद्योगिकी एवं निवेश संबंधी दृष्टिकोण को प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश प्राथमिकता प्राप्त प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अवसरों की विस्तृत रूपरेखा वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इनोवेशन एक्सपो का भ्रमण करेंगे। मप्र पवेलियन का दौरा कर स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स एवं उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीईओ, निवेशकों और वैश्विक उद्योग प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक कर मध्यप्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों एवं दीर्घकालिक सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा करेंगे। टीआईई ग्लोबल समिट-2026 में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सिल्वर स्टेट पार्टनर के रूप में सशक्त भागीदारी कर रहा है। यह भागीदारी गत 27 नवंबर को आयोजित एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 के दौरान द इंडस एंटरप्रेन्योर्स राजस्थान के साथ हस्ताक्षरित समझौते के अनुरूप है।ये नीतियां राज्य को अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी, डिजिटल नवाचार और उच्च-मूल्य वाले रोजगार सृजन के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाने और भारत के टियर-2 शहरों के प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

दुर्गावती की कर्मभूमि पर शुरू हुए गीता भवन


गीता भवन।

## आधुनिक व प्राचीन ज्ञान विज्ञान का अनूठा संगम हैं गीता भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आम नागरिकों में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहित्यिक चेतना के माध्यम से सामाजिक समरसता स्थापित करने प्रदेश में गीता भवन बनाए जा रहे हैं। यह केन्द्र मात्र एक भवन की संरचना नहीं, बल्कि एक जीवंत वैचारिक अध्ययन का केन्द्र है। इनमें आधुनिकता और प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के अनूठे संगम में युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश के हर नगरीय निकाय में गीता भवन स्थापित करने का जो संकल्प लिया है, वह तेजी से पूर्ण हो रहा है। यह गर्व का विषय है कि प्रदेश के पहले गीता भवन का शुभारंभ लोकमाता अहिल्याबाई की नगरी इन्दौर में और दूसरा गीता भवन वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि जबलपुर में शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र, कोई भी संस्कृति अपनी जड़ों से जुड़कर ही पुष्पित-पल्लवित होती है।

### *श्रीकृष्ण पाथेय के माध्यम से कान्हा की लीलाओं और ज्ञान का प्रसार*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में कृष्ण को योगेश्वर श्रीकृष्ण की पहचान देने वाले चारों धामों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा का मैत्री स्थल स्वर्णगिरी पर्वत के पास ग्राम नारायाणा, धार जिले का अमझेरा और रजोभूमि बदनावर जहां भगवान श्रीकृष्ण ने रात्रि विश्राम किया था। साथ ही इंदौर के पास जानापाव जहां से उन्होंने विनम्रता का संदेश दिया था। इन सभी स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। गीता-ज्ञान और पठन-संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ना है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गीता भवन राज्य की उस बड़ी पहल का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य भारतीय संस्कृति, गीता-ज्ञान और पठन-संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ना है।*

वीबी जी राम जी को लेकर कांग्रेस पर प्रहार

# योजना पर दुष्प्रचार कर रहे कांग्रेस व इंडी गठबंधन : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत- जी राम जी एक्ट पर विपक्षी पार्टियों द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और राज्य की जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं का चेहरा और चरित्र भली-भांति पहचान चुकी है। लगातार झूठ बोलने की आदत ने इन दलों को राजनीतिक रूप से अविश्वसनीय बना दिया है और अब जनता उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेती। कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के नेता मनरेगा श्रमिकों को गुमराह करने के लिए बार-बार झूठे बयान दे रहे हैं।मुख्यमंत्री सोमवार को चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी व अन्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी कांग्रेस के पास कोई तर्क या ठोस सुझाव नहीं होता, वह झूठ और भ्रम फैलाने का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए लाई गई हर नई योजना और सुधार पर कांग्रेस, यूपीए और इंडी गठबंधन के नेता सवाल उठाना शुरू कर देते हैं। भाजपा ने कांग्रेस को जवाब देने व योजना के फायदे बताने के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई है।

### कांग्रेस के पास न कोई सुझाव न जवाब : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कोई वास्तविक सुझाव होते, तो वे लोकसभा में देते, लेकिन उनके पास न सुझाव हैं, न कोई जवाब। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चर्चा से भागती है और सदन से वॉक आउट कर जाती है। यही रवैया हरियाणा विधानसभा में भी देखने को मिलता है, जहां कांग्रेस नेता बिना तैयारी के आते हैं, प्रस्ताव लाते हैं और फिर वॉक आउट करते हैं। फिर जनता के बीच जाकर भ्रम फैलाते हैं।

### कांग्रेस-आप का बुआ फूफड़ वाला रिश्ता

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) पर जल्दबाजी में प्रस्ताव पास करने के लिए पंजाब सरकार पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 दिसबंर को पंजाब विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव में न तो कोई आंकड़ा है और न ही कोई तथ्य। यह शुद्ध राजनीतिक प्रस्ताव है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का 'बुआ- फूफड़' जैसा रिश्ता है। पंजाब को यदि प्रस्ताव ही पारित करना था तो यह प्रस्ताव पास करते कि पंजाब में भी हरियाणा की तरह 400 रुपये मजदूरी मिले, जबकि पंजाब में अभी मजदूरी 339 रुपये है।

### अब जवाब देने के लिए उतरेंगे कार्यकर्ता

वीबी-जीरामजी के लाभ बताने और कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक और समस्त पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ग्राम की चौपाल तक जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने एक वर्चुअल बैठक कर मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों आदि तमाम नेताओं को बताया कि किस तरह योजना पर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ से जनता को सावधान करना है।

# आईईडी विस्फोट में ग्रामीण घायल, पैर में गंभीर चोट

लेंड्रा कोरचोली जंगल क्षेत्र की घटना, उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



माओवादियों के पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में ग्राम कोरचोली निवासी एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सोमवार की सुबह लेंड्रा कोरचोली जंगल क्षेत्र में हुई। जानकारी के मुताबिक, गंगालुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरचोली नदीपारा निवासी राम पोटाम सुबह के समय जंगल की ओर गया था। इसी दौरान माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। विस्फोट के कारण ग्रामीण के पैर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों द्वारा घायल को तत्काल 222 बटालियन केरिपु कैम्प, कोरचोली लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इसके पश्चात बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल बीजापुर रेफर किया गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों द्वारा क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। आईईडी की खोज और निष्क्रियकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। सुरक्षाबलों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जंगल एवं दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु, गतिविधि या सामग्री की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना अथवा सुरक्षा कैंप को दें।

हरियाणा सरकार

**अभिलेख दान अभियान**
**अभिलेखों से ज्ञान, कल के लिए निर्माण**

अभिलेखागार विभाग का प्राथमिक कार्य प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों को प्राप्त करना, उनका प्रबंधन करना और उनका संरक्षण करना है ताकि भावी पीढ़ी के लिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**इसलिए हम आपसे अपील करते हैं:**

- यदि आपके पास ऐसा कोई अभिलेख है तो कृपया उसे हरियाणा राज्य अभिलेखागार को दान करने पर विचार करें ताकि उसे उचित देखभाल के साथ संरक्षित किया जा सके।
- यदि आप ऐसे अभिलेखों को अपने पास रखना चाहतें हैं तो हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कम से कम हरियाणा राज्य अभिलेखागार को सूचित करें, ताकि विभाग आपको उनके उचित संरक्षण के लिए समय-समय पर निःशुल्क मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान कर सके।
- सम्मान स्वरुप, अभिलेखागार को अभिलेख दान करने वाले व्यक्तियों के नाम, दान की गई सामग्री के साथ, विविध रुप से स्वीकार किए जाते हैं।




अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
www.haryanaarchives.gov.in archives@hry.nic.in 0172-2992112

इस संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता या सहयोग के लिए आप कृपया निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं:-

**उप-निदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा,**
सिंचाई भवन, चौथी मंजिल, बी-ब्लाक, सैक्टर-5, पंचकूला, दूरभाष 0172-2992112

**सहायक निदेशक, क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मण्डल,**
कमरा नं. 245-46, द्वितीय तल, लघु सचिवालय, हिसार, दूरभाष- 01662-283190

**सहायक निदेशक, क्षेत्रीय अभिलेखागार, रोहतक मण्डल,**
कमरा नं. 315 तृतीय तल, लघु सचिवालय, रोहतक, दूरभाष 01262-271308

सोशल मिडिया पर जुड़ने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

अपने अभिलेख दान करने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

**अभिलेखागार विभाग, हरियाणा**
(अभिलेखागार विभाग, सिंचाई भवन, बी-ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर-5, पंचकूला द्वारा जनहित में जारी।)

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना गंभीर मसला

आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं देकर दिल्ली पुलिस की मजबूत चार्जशीट और सरकार की आतंक विरोधी नीति पर अपनी मुहर लगा दी। यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को और मजबूत करता है। अदालत ने कहा कि आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। यह फैसला दर्शाता है कि किसी के बहकावे में आकर देशविरोधी गतिविधियां चलाने और साजिश रचने के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आतंकवादी कृत्य' केवल अंतिम परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें साजिश और उकसावे की पूरी प्रक्रिया भी शामिल होती है। इससे आर्थिक असुरक्षा और नागरिक जीवन में अस्थिरता पैदा होती है, भले ही इस प्रक्रिया में हिंसा न की गई हो। शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली दंगों 'बड़े षड्यंत्र' मामले में आरोपियों द्वारा दायर जमानत याचिकाओं पर अपने फैसले में, 1967 अधिनियम की धारा 15(1) (ए) का उल्लेख करते हुए किसी अन्य माध्यम से वाक्यांश के अवशिष्ट अर्थ को रेखांकित किया और बम, डायनामाइट, विस्फोटक पदार्थों, ज्वलनशील पदार्थों, आग्नेयास्त्रों, अन्य घातक हथियारों, जहरीली, हानिकारक गैसों, अन्य रसायनों या किसी अन्य पदार्थ (चाहे जैविक, रेडियोधर्मी, परमाणु या अन्यथा) के उपयोग से किए गए आतंकी कृत्यों को परिभाषित किया है। हालांकि अदालत ने पांच अन्य आरोपितों को 12 शर्तों के साथ जमानत भी दी है। इनमें गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद शामिल हैं। उमर और शरजील मामले में कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, सभी आरोपितों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। दोनों एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका भी दाखिल नहीं कर पाएंगे। यह फैसला दिल्ली दंगों से जुड़े बड़े साजिश के मामले में आया है, जिसमें दोनों पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। कोर्ट ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका अन्य आरोपियों से अलग और अधिक गंभीर प्रकृति की है। उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप स्थापित होते हैं। लंबे समय तक हिरासत में रहना अपने आप में जमानत का आधार नहीं बन सकता। यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। पहला, यह यूएपीए के तहत दर्ज मामलों में जमानत के मानकों को स्पष्ट करता है। यूएपीए की धारा 43डी(5) जमानत देने के सामान्य प्रावधानों से अलग है। इसमें न्यायिक जांच की आवश्यकता होती है। दूसरा, यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को मजबूत करता है। आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। हालांकि, यह फैसला कई सवाल भी खड़े करता है। क्या खालिद व शरजील को जमानत नहीं मिलने से उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है? क्या यूएपीए का इस्तेमाल सरकार द्वारा विरोधियों को चुप कराने के लिए किया जा रहा है? इन सवालों का जवाब देना हालांकि मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना एक गंभीर मसला है। देश की सुरक्षा और एकता को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



**वेनेजुएला घटनाक्रम**
डॉ घनश्याम बादल

# अचंभित दुनिया, बेलगाम ट्रंप

> जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको के राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही ट्रंप मादुरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंक को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को लोकतांत्रिक सरकार को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। ऐसे में वह दोहरी नीति क्यों अपनाता है।

लोकतंत्र के स्वयं भू ठेकेदार और दुनियाभर में थानेदारी करने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलविया फ्लोरेस के साथ बेडरूम से घसीट कर, बंधक बनाकर हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर डिटेंशन सेंटर में रखा है वह एक तानाशाह, वैध या अवैध राष्ट्रपति का अपहरण मात्र नहीं बल्कि वेनेजुएला के प्रतीक रूप में दुनिया भर के लोकतंत्र की आत्मा का अपहरण एवं प्रताड़ना है। इसके अलावा वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को धमकी देना और समर्थन करने वाले राष्ट्रों को धमकाना भी ट्रंप की तानाशाही को दर्शाता है। बेलगाम ट्रंप के इन कदमों से पूरी दुनिया अचंभित है।

जब किसी संप्रभु देश का राष्ट्रपति खुले तौर पर यह कहता है कि उसने दूसरे संप्रभु देश में सैन्य या अर्धसैन्य अभियान चलाकर वहां के राष्ट्राध्यक्ष को बंधक बनाया, तो यह केवल एक देश की कार्रवाई नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और वैश्विक व्यवस्था की सामूहिक अवहेलना बन जाती है। यह वही अमेरिका है जो दुनिया को लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून का पाठ पढ़ाता रहा है। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी अमेरिका का ताकत प्रदर्शन का यह चेहरा पहले भी कई बार सामने आ चुका है। चिली, पनामा, ग्वाटेमाला, अफगानिस्तान, वियतनाम, ईरान व इराक जैसे कितने ही देश में अमेरिका ने मनमाने आरोप लगाकर वहां के शासकों को सत्ता से बेदखल किया।

एब्सोल्यूट रेजोल्यूशन नाम के इस अभियान के बाद जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको की राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप मादूरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। अमेरिका की कथनी करनी में यह फर्क कोई पहली बार परिलक्षित नहीं हुआ है यह उसकी बहुत पुरानी फितरत रही है। यदि गहराई में जाया जाए तो इस अभियान का मूल राजनीतिक कारण है अपनी मनमाफिक सत्ता-परिवर्तन की ज़िद। और साथ ही साथ पेट्रोलियम, सोने एवं हीरे जैसे बहुमूल्य खनिजों की संपदा से मालामाल इस देश पर कब्जा करने की उसकी गिद्ध दृष्टि है। वैसे वेनेजुएला के साथ अमेरिका का संघर्ष कोई एक दिन का नहीं है। ह्यूगो चावेज़ के समय से ही वाशिंगटन की असहजता जगज़ाहिर रही है। निकोलस मादुरो उस असहजता की निरंतरता हैं। अमेरिका को समस्या केवल मादुरो से नहीं, बल्कि उस राजनीतिक



मॉडल से है जो अमेरिकी प्रभाव से बाहर निकलकर संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण और सामाजिक राज्य की बात करता है।

ट्रंप के कृत्य से साफ है कि लोकतंत्र का सवाल केवल एक औज़ार था, असली लक्ष्य सत्ता-परिवर्तन। जब चुनाव, प्रतिबंध और कूटनीति काम नहीं आए, तो सीधा हस्तक्षेप ही अमेरिकी राजनीति का नंगा सच है।

इस घटनाका आर्थिक पक्ष तेल, डॉलर और सत्ता पर नियंत्रण है। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडारों में से एक है। यह तथ्य इस पूरे घटनाक्रम की चाबी है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उसकी वैश्विक हैसियत तेल, डॉलर और नियंत्रण के त्रिकोण पर टिकी है। वेनेजुएला का अपने तेल संसाधनों पर संप्रभु नियंत्रण और चीन-रूस जैसे देशों से बढ़ता सहयोग, अमेरिका के लिए रणनीतिक चुनौती था। ट्रंप का अभियान दुनिया भर के देशों को खुला धमकी भरा संदेश है कि ऊर्जा संसाधनों पर स्वतंत्र नीति अपनाने की कीमत चुकानी पड़ती है। यह संदेश केवल वेनेजुएला के लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशों के लिए है जो वैश्विक आर्थिक ढांचे में अपनी शर्तों पर जीना चाहते हैं। अमेरिकी हस्तक्षेप के पीछे केवल राजनीति और अर्थशास्त्र नहीं, एक गहरी सांस्कृतिक मानसिकता भी है। उसके पीछे की धारणा है कि अमेरिका को जो उचित लगे, वही वैश्विक नैतिकता है और जो उसे चुनौती दे उसे नेस्तनाबूद करना उसके लिए अनैतिक नहीं है। लैटिन अमेरिका का इतिहास इस मानसिकता का शिकार रहा है चिली, ग्वाटेमाला, पनामा, निकारागुआ और अब वेनेजुएला। हो सकता है इसके बाद कोलंबिया और मैक्सिको की भी बारी आए। जिसकी झलक ट्रंप के उस अभियान भरे बयान के बाद मिल रही है, जिसमें उन्होंने मेक्सिको के राष्ट्रपति को अपनी जान की परवाह करने की खुली धमकी दी है। ख़ैर कल जो होगा सो होगा। अभी तो वेनेजुएला के घटनाक्रम का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा है इसका आकलन करना ज़रूरी है

राष्ट्रपति को बंधक बनाना केवल एक व्यक्ति का अपहरण नहीं, पूरे राष्ट्र की संप्रभुता का अपहरण है। इससे वेनेजुएला के भीतर राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी, सामाजिक ध्रुवीकरण गहराएगा और हिंसा की आशंका प्रबल होगी। वहां का आम नागरिक जो पहले ही प्रतिबंधों, महंगाई और अभावों से जूझ रहा है अब और असुरक्षित महसूस करेगा। लोकतंत्र का दावा करने वाली ताक़तों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आम जनता उनके एजेंडे में सबसे आख़िर में आती है। भले ही तात्कालिक रूप से रूस चीन ब्रिटेन व यूरोपीय यूनियन के देश ने इस घटनाक्रम की आलोचना की है, लेकिन सच यह भी है कि यह आलोचना केवल शाब्दिक निंदा तक ही सीमित रहने वाली है। इस घटनाक्रम ने भारत के सामने भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत परंपरागत रूप से संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुध्रुवीय विश्व का पक्षधर रहा है। वेनेजुएला के साथ भारत के ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। नैतिकता की दृष्टि से भारत के लिए चुप रहना आसान नहीं होगा, लेकिन किसी पक्ष का अंध समर्थन भी भारत की गुटनिरपेक्ष रणनीति के ख़िलाफ़ होगा, लेकिन यह सोचकर कि वेनेजुएला हमसे बहुत दूर का देश है इस मुद्दे पर चुप्पी खींच लेने से भारत की इमर्जिंग वर्ल्ड पावर की छवि पर भी एक बड़ा निशान खड़ा होगा। अमेरिका के इस दबंग कृत्य से संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीति सब हाशिये पर जाते दिखाई दे रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि वेनेजुएला की घटना केवल एक देश की त्रासदी नहीं, वैश्विक लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। जब सेना हथियार और आर्थिक ताक़त को नीति और अपहरण को कूटनीति बना दिया जाए, तो दुनिया अराजकता की ओर बढ़ती है। आज वेनेजुएला है, कल कोई और होगा। सवाल यह नहीं कि अगला कौन, सवाल यह है कि क्या दुनिया इसे रोकने का साहस दिखाएगी?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**इंदौर की चेतावनी**
सुनील कुमार महला



# प्रदूषित जल से जन-जीवन पर गहराता जा रहा संकट

कहा गया है कि 'जल ही जीवन है।' लेकिन जल किसी की जान ले लें तो यह बहुत दुःखद ही कहा जाएगा। हाल ही में देश के सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर में गंदा पानी पीने से अब तक करीब 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा है और इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है। अच्छी बात यह है कि गंदे पानी पीने से उल्टी-दस्त फैलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और मरीजों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। हालांकि, लोकल लोगों का दावा है कि गंदे पानी से छह महीने के एक बच्चे समेत कुल 17 लोगों की जान गई है। यह घटना मुख्यतः शहर के कुछ इलाकों में हुई, जहां सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन में लीकेज/क्रॉस-कनेक्शन के कारण दूषित पानी घरों तक पहुंचा। इस पानी के सेवन से लोगों को तेज दस्त, उल्टी, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हुईं तथा जांच में पानी में हानिकारक बैक्टीरिया (जैसे ई-कोलाई) पाए गए, जो मानव मल से फैलते हैं। भारत ही नहीं, आज विश्व स्तर पर दूषित जल एक गंभीर मानव-स्वास्थ्य और विकास समस्या बना हुआ है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व तथा भारत-दोनों स्तरों पर दूषित जल (वाटर पोल्यूशन) के कारण लगभग समान हैं, हालांकि जनसंख्या घनत्व, औद्योगिकीकरण और प्रबंधन की कमी के कारण भारत में इनका प्रभाव अधिक गंभीर रूप में दिखाई देता है। प्रमुख कारणों में प्रमुख रूप से औद्योगिक अपशिष्टों, घरेलू सीवेज और मलजल,कृषि रसायनों का अत्यधिक उपयोग,ठोस कचरा और प्लास्टिक प्रदूषण,धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां, खनन और निर्माण गतिविधियां तथा भूजल का प्राकृतिक व मानवजनित प्रदूषण आदि को शामिल किया जा सकता। यह बहुत ही दुखद है कि आज विभिन्न कल-कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा, भारी धातुएं (सीसा, पारा, आर्सेनिक), रंग, एसिड और विषैले तत्व बिना पर्याप्त शोधन के नदियों, झीलों और भूजल में छोड़ दिए जाते हैं। इससे जल न केवल पीने योग्य नहीं रहता, बल्कि जलीय जीवन भी नष्ट होता है।

जल प्रदूषण का एक सबसे बड़ा और गंभीर कारण प्लास्टिक माना जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है जैसे पॉलीथिन बैग, बोतलें, पैकेजिंग सामग्री और डिस्पोज़ेबल वस्तुएं आदि। जिसके परिणामस्वरूप आज हमारी नदियों, झीलों और समुद्रों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पहुंच रहा है। पाठक जानते हैं कि प्लास्टिक जैव-अपघटित नहीं होता, बल्कि सैकड़ों वर्षों तक जल में बना रहता है। धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। ये सूक्ष्म कण जलीय जीवों द्वारा निगल लिए जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु होती है और अंततः यही विषैले कण खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक जल प्रवाह को बाधित करता है, नालों को जाम करता है और जल स्त्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता को नष्ट करता है। इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बन चुका है। आज दूषित जल की समस्या वैश्विक है, लेकिन भारत में कचरा प्रबंधन की कमजोरी इसे और गंभीर बनाती है। हमारा देश एक धार्मिक देश है और हमारे यहां नदियों, झीलों, पानी के विभिन्न स्त्रोतों आदि में मूर्तियों का विसर्जन, पूजा सामग्री, अस्थि विसर्जन और सामूहिक स्नान जैसी गतिविधियां जल में रसायन, रंग और जैविक कचरा बढ़ाती हैं, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। निष्कर्षतः, हम यहां यह बात कही सकते हैं कि आज विश्व और भारत दोनों में दूषित जल की समस्या मानव गतिविधियों का ही परिणाम है। यदि समय रहते प्रभावी जल प्रबंधन, अपशिष्ट शोधन और जन-जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो यह समस्या भविष्य में और भी भयावह रूप ले सकती है। यदि हम यहां जल से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के अनुसार आज भी दुनिया में लगभग 2.2 अरब लोग सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल सेवा से वंचित हैं, यानी उन्हें ऐसा पानी नहीं मिल पाता जो घर पर उपलब्ध, निरंतर और दूषण-मुक्त हो। इनमें से करीब 1.7 अरब लोग ऐसे जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं, जिनमें मल-जनित प्रदूषण का जोखिम रहता है, जबकि लगभग 115 मिलियन लोग सीधे नदियों, तालाबों और झीलों जैसे सतही जल पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि दूषित पानी के सेवन से हर वर्ष लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जो एक गंभीर समस्या है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कोयल- अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पानी में भी भ्रष्टाचार का जहर तो नहीं मिल गया?

प्राणी जाति के लिए साफ-सथुरा पानी अमृत है तो दूषित पानी जहर होता है, इसका सेवन करने से बचें। अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। आजकल वो शहर इंदौर जिसे स्वच्छ भारत अभियान में नंबर वन का खिताब मिला है, वहां दूषित पानी से लोगों की मौत सुर्खियां बनी हुई हैं। अगर सबसे स्वच्छ स्थान का ही यही हाल बेहाल है तो बाकी राज्यों का क्या हाल होगा? लेकिन सवाल तो यह है कि आखिर पानी दूषित कैसे हो जाता है? क्या पानी की सप्लाई के लिए जो व्यवस्था है, उसकी समय-समय पर जांच नहीं की जाती? या फिर संबंधित विभाग के बाबुओं को मोटी सैलरी से ही मतलब है? कहीं इसमें भी भ्रष्टाचार तो नहीं हो रहा है? *- विवेक पटनायक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# इमरान से जुड़ा गाना गाने पर गायक के खिलाफ मामला दर्ज



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़ा गाना गाने के आरोप में एक पेशेवर गायक और उसकी टीम के खिलाफ मामला दर्ज किया। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया, 'शनिवार रात लाहौर के शालीमार गार्डन में सरकार द्वारा प्रायोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान 'कैदी नंबर 804' गाना गाने के आरोप में जाने-माने कव्वाल फराज अमजद खान और उनकी टीम के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' उन्होंने बताया कि गायक और उनकी टीम ने सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम को राजनीतिक रंग देकर 'जनता को भड़काने' की कोशिश की क्योंकि यह गाना जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान से जुड़ा है। प्राथमिकी के मुताबिक, "विवादित गीत से अशांति और हिंसा भड़कने का खतरा था। संगीत और सांस्कृतिक संध्या 'चांदनी रातें' का आयोजन लाहौर प्राधिकरण द्वारा किया गया था। दूसरी ओर, गायक फराज अमजद खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज से उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया और कहा कि उन्हें इस 'इमरान समर्थक गीत' को गाने के लिए धमकाया गया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

## ट्रेंड

### हमारी महान संस्कृति



हमारी महान संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत अनगिनत हमलों की भी साक्षी रही है। यह देशवासियों की सामूहिक शक्ति ही है, जिसने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को हमेशा अक्षुण्ण रखा है।
वनानि दहतो वह्नेः सखा भवति मारुतः।
स एव दीपनाशाय कृशे कस्यास्ति सौहृदम।।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समुद्र सुरक्षित



एक सुरक्षित और स्वच्छ समुद्र ही सुरक्षित व्यापार, सुरक्षित जीवन और सुरक्षित पर्यावरण की गारंटी देता है। ऐसे में 'समुद्र प्रताप' जैसे प्लेटफॉर्म समुद्री सुरक्षा को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करते हैं।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जनता की पैरवी करूंगी



चुनाव आयोग व्हाट्सएप पर चलाया जा रहा है। जब से एसआईआर शुरू हुई है, डर के मारे 70 लोगों की मौत हो चुकी है। जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी और जनता के लिए पैरवी करूंगी। जनता की आवाज उठाउंगी।
**-ममता बनर्जी, सीएम पश्चिम बंगाल**

### यह हमारा निजी मामला



धर्मेंद्र के निधन के बाद मेरे परिवार द्वारा दो अलग-अलग प्रार्थना सभाएं आयोजित करने का निर्णय निजी मामला था। हमने आपस में बात की थी। मैंने अपने घर पर एक प्रार्थना सभा रखी, क्योंकि मेरे करीबी लोग अलग हैं और उनके अलग।
**-हेमा मालिनी, अभिनेत्री व सांसद**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

दिल्ली दंगों के साजिशकर्ता उमर और शरजील जेल में रहंगे

# भाजपा बोली- 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का समर्थन करने के लिए कांग्रेस मांगे माफी

भाजपा ने शीर्ष अदालत के फैसले को राहुल गांधी और कांग्रेस के परिवेशी तंत्र के चेहरे पर 'करारा तमाचा' बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने 'टुकड़े-टुकड़े के 'पोस्टर ब्वॉय' उमर खालिद और शरजील इमाम को निर्दोष पीड़ित' के रूप में पेश किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शीर्ष अदालत ने फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े मामले के आरोपियों उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत अर्जी सोमवार को ठुकरा दी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष अदालत के फैसले को राहुल गांधी और कांग्रेस के परिवेशी तंत्र के चेहरे पर 'करारा तमाचा' बताते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने 'टुकड़े-टुकड़े के 'पोस्टर ब्वॉय' उमर खालिद और शरजील इमाम को निर्दोष पीड़ित' के रूप में पेश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनमत की अदालत और कानून की अदालत में गांधी के 'अर्बन नक्सली' पराजित हुए हैं। भंडारी ने कहा कि क्या कांग्रेस भारत के लिए शत्रुतापूर्ण टुकड़े-टुकड़े ताकतों को पीड़ित के रूप में पेश करने के लिए देश से माफी मांगेगी? भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने फैसले पर कहा कि 'सत्यमेव जयते।'

**कानून की अदालत में गांधी के 'अर्बन नक्सली'**


सुप्रीम कोर्ट

### कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए सीएम रेखा गुप्ता बोलीं



दिल्ली की सीएम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शहर को दंगों की आग में धकेलने के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। दंगों में शामिल लोगों का समर्थन करने वाली राजनीतिक पार्टियों के लिए कड़ा संदेश जाना चाहिए जो 'अपराध में भागीदार' थीं। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि फैसले ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि दंगे एक ''सुनियोजित साजिश' का नतीजा थे।

### अब जेल ही मेरी जिंदगी उमर खालिद ने कहा



जमानत हासिल करने में विफल रहे उमर खालिद ने अपनी दोस्त बनोज्योत्सना लाहिड़ी से कहा कि मैं बाकी लोगों के लिए बहुत खुश हूं, जिन्हें जमानत मिल गई! राहत महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि मिलने आते रहना, अब जेल ही मेरी जिंदगी है।

### फैसले का सम्मान करता हूं: शरजील के चाचा

शरजील के चाचा अरशद इमाम ने कहा कि फैसले से मैं बेहद आहत हूं। मुझे पूरी उम्मीद थी कि इस बार अदालत जमानत देगी, क्योंकि बहस के दौरान हर बिंदु से यही संकेत मिल रहा था कि शरजील निर्दोष है। फिर भी, एक भारतीय नागरिक के रूप में मैं अदालत के फैसले का सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा भतीजा निर्दोष है।

विपक्षी नेताओं ने कहा

## उमर, शरजील को जमानत नहीं राम रहीम को 15वीं बार पैरोल

### ...और कितनी कैद सहनी होगी: सांसद झा



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने कहा कि जेल में पहले ही बिताया गया समय अभी भी पर्याप्त लंबा नहीं है और मुकदमे में देरी अभी भी चौंकाने वाली या असंवैधानिक नहीं है। अब पहले कितनी कैद सहनी होगी।

### ये न्याय का मखौल महबूबा मुफ्ती बोलीं



पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि न्याय का कैसा मखौल है! एक तरफ गुरमीत सिंह, जिसे बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराया गया है, उसको बार-बार पैरोल मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सोम को बांग्लादेश से धमकी



**मेरठ।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर संगीत सोम को बांग्लादेश से धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी भरे फोन कॉल, मैसेज और वीडियो कॉल मिलने के बाद उन्होंने सरधना थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब




**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोप तय करने के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी।

### प्रतिका की ग्रोक से फोटो एडिट न करने की अपील



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया पर खास अपील करते हुए अपनी प्राइवेसी को बनाए रखने की बात की है। प्रतिका ने ये अपील एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एआई ग्रोक से की है। प्रतिका की बात पर ग्रोक ने कहा कि मैं समझ गया प्रतिका।

### सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत, 14 घायल



**जयपुर।** राजस्थान में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात जालोर जिले में राजमार्ग पर स्लीपर बस पलटने से एक बुजुर्ग दंपत्ति समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

किसानों को महंगाई से बचाने मोदी सरकार ने दी बड़ी राहत

# रबी सीजन के लिए उर्वरक सब्सिडी बढ़ाकर 37952 करोड़ की, डीएपी पर विशेष ध्यान

केंद्र सरकार का यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है

## सब्सिडी खरीफ सीजन के मुकाबले 736 करोड़ रुपए अधिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतों में अनिश्चितता और किसानों को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी की है। सरकार ने इस सीजन के लिए 37,952 करोड़ रुपए की अनुमानित उर्वरक आवश्यकता तय की है, जो खरीफ 2025 सीजन के मुकाबले करीब 736 करोड़ रुपए अधिक है। यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है। सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है, जो 1 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेंगी और इसमें फॉस्फेटिक और पोटैशिक (पी और के) उर्वरक शामिल हैं, जिनमें डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड भी शामिल हैं।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों और कच्चे माल की अस्थिर कीमतों को देखते हुए की गई है। किसानों पर लागत का बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी दरों में, विशेषकर डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए, भारी वृद्धि की है।

### डीएपी सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी


अमृतसर में किसान अपने खेत में उर्वरक का छिड़काव करता हुआ

**डीएपी सब्सिडी बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई**

डीएपी पर सब्सिडी पिछले वर्ष के 21,911 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई है। इस निर्णय का सीधा लाभ गेहूं, तिलहन और दालों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा, क्योंकि रबी सीजन इन फसलों की बुवाई का मुख्य समय होता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीक सीजन के दौरान किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होते रहें।

### अधिक उर्वरक से मिट्टी की सेहत बिगड़ती है

वर्षों तक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग ने कई क्षेत्रों में मिट्टी की सेहत को खराब किया है और उपज में वृद्धि को सीमित कर दिया है। एनबीएस योजना द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) के उपयोग को बढ़ावा देकर मृदा क्षरण और पोषक तत्वों के असंतुलन की समस्या का समाधान करती है।

### एनबीएस योजना: संतुलित खेती की ओर बड़ा कदम

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एबीएस) योजना, जिसे भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से लागू किया था। एनबीएस ढांचा उर्वरकों में मौजूद पोषक तत्वों- नाइट्रोजन (एन), फॉस्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस)- के आधार पर सब्सिडी तय करता है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है।

**उत्पादकता में वृद्धि हुई**

सरकार के अनुसार एनबीएस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादकता, जो 2010-11 में 1,930 किलोग प्रति हेक्टेयर थी, वह 2024-25 में बढ़कर 2,578 किलोग प्रति हेक्टेयर हो गई है। यह वृद्धि मोटे तौर पर एनबीएस योजना के विस्तार की अवधि के साथ मेल खाती है। दूसरी ओर घरेलू उत्पादन के मोर्चे पर भी भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### तीन वर्षों में सब्सिडी 2.04 लाख करोड़ रुपए

केंद्र सरकार ने 2022-23 और 2024-25 के बीच राष्ट्रीय उर्वरक प्रणाली (एनबीएस) सब्सिडी के लिए 2.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन किया गया है, जिससे किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध हो सके हैं। उच्च पैदावार, बेहतर मृदा स्वास्थ्य और आयात पर कम होती निर्भरता इस खर्च को उचित ठहराती है। रबी सीजन के लिए बढ़ी हुई सब्सिडी न केवल किसानों को वैश्विक महंगाई से राहत देगी, बल्कि यह भारतीय कृषि को वैज्ञानिक और संतुलित खेती की ओर ले जाने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का भी हिस्सा है।

मेनका गांधी का विवादित बयान

## पटाखों का इस्तेमाल करने वाले देशद्रोही, दिवाली से ही प्रदूषण

**कहा, दिवाली के दिन, दशहरे के दिन, शादियों पर, नए साल पर, क्रिकेट मैच के दौरान या किसी अन्य दिन लोग पटाखे जलाते हैं**


पूर्व मंत्री मेनका गांधी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर बहुत ही विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने पटाखा जलाने वालों को देशद्रोही कह दिया है और साथ ही इस समस्या के लिए सुप्रीम कोर्ट को दोषी ठहरा दिया है। मेनका गांधी ने कहा कि पराली या गाड़ियों से प्रदूषण की बात झूठी है, क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा साफ थी। उन्होंने ग्रीन पटाखों की इजाजत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की भी आलोचना की।सिर्फ दिवाली के दिन यदि 800 करोड़ के पटाखे केवल दिल्ली में उड़ाए जाएं तो उसका नतीजा क्या होगा? उन्होंने कहा कि जब तक बारिश नहीं होती तब तक यह जहरीली हवा नहीं जाएगी। बारिश आएगी भी तो क्या होगा वह सारा जहरीला रसायन जमीन में चला जाएगा।

### दिवाली से पहले तक साफ थी हवा

मेनका गांधी ने दिवाली पर होने वाली आतिबाजी को दिल्ली के प्रदूषण के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि दिवाली के दिन, दशहरे के दिन, शादियों पर, नए साल पर, क्रिकेट मैच के दौरान या किसी अन्य दिन वे लोग पटाखे जलाते हैं नतीजतन हम सांस नहीं ले पाते हैं। देश में हम अन्य चीजों पर दोष डालते हैं कि कोई खेतों को जला रहा है, गाड़ियों की समस्या है लेकिन ये सब झूठ है। क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा एक दम साफ होती है और दिवाली से लेकर नए साल तक हम सांस नहीं ले पाते हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **गुलफाम उर्फ मोनु, पुत्रः** किस्मत अली, **पताः** पाठकपुर, बिठुर, थानाः चौबीपुर, जिला–कानपुर, उ.प्र. **और भीः** ए–1, खसरा न. 26/6, सैक्टर 27, रोहिणी, दिल्ली, ने **FIR No.: 220/2019, U/s: 376/363/506 IPC & 6 POCSO Act, थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुलफाम उर्फ मोनु,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुलफाम उर्फ मोनु,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 220/2019, U/s: 376/363/506 IPC & 6 POCSO Act, थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **गुलफाम उर्फ मोनु,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अजय नागर
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (उत्तरी जिला)
एफआईएससी पॉक्सो (उत्तरी जिला)
कमरा न. 308, तीसरा तल
जिला न्यायालय, रोहिणी, दिल्ली

DP/17474/ON/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनीता पत्नी** रमेश गुप्ता, **निवासीः** सुखपाल का मकान, सरकारी स्कूल के पीछे, बेगमपुर गांव, दिल्ली, ने **FIR No. 452/16, U/S 498A/406/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन अमन विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुनीता** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 452/16, U/S 498A /406/506/34 IPC, पुलिस स्टेशन अमन विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुनीता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नेहा गोयल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(महिला कोर्ट)–02, कमरा नं0 18,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/251/RD/2026
(Court Matter)

## गृह मंत्री शाह ने अरंगनाथ मंदिर में की पूजा


**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के साथ तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के श्रीरंगम में अरुलमिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने तिरुवनैकवल स्थित प्राचीन श्री जंबुकेश्वर–अकिलन्देश्वरी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मन्नारपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भव्य पोंगल उत्सव में भाग लिया। चावल, दाल, गुड़ और घी से तैयार मीठा व्यंजन पोंगल 1,008 सजे बर्तनों में पकाया गया था।

## आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने मां, भाई-बहन को धतूरा मिला लड्डू खिलाया फिर कर दी हत्या

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में एक युवक ने आर्थिक तंगी की वजह से अपनी मां, बहन व नाबालिग भाई को धतूरा मिला हुआ लड्डू खिलाने के बाद गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी और फिर थाने जाकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान यशवीर सिंह (23) के रूप में हुई है, जो लक्ष्मी नगर के सुभाष चौक का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने शाम करीब पांच बजे थाने में आत्मसमर्पण कर दिया और अपने परिवार के सदस्यों की हत्या करने की बात कबूल की। आरोपी ने बताया कि उसके पिता ट्रक चालक हैं और पिछले छह महीने से वह परिवार के साथ नहीं रह रहे हैं। आरोपी के अनुसार, वह सोमवार सुबह यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के पास एक मंदिर में गया, पास के एक पौधे से धतूरे के बीज लिए और लड्डू बनाए। इसके बाद उसने अपनी मां कविता (46), बहन मेघना (24) और भाई मुकुल (14) को कथित तौर पर लड्डू खिलाए और अपराह्न डेढ़ से दो बजे के बीच घर पर उनका गला घोंट दिया। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल का निरीक्षण शुरू कर दिया गया है और फोरेंसिक टीम को घटनास्थल की जांच करने, सबूत इकट्ठा करने और मौत के सटीक कारण का पता लगाने के लिए तैनात किया गया है। प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने तमिलनाडु के ईरोड में किसानों-कामगारों से किया संवाद

# शिवराज ने ईरोड में टरमरिक सिटी के लिए टेस्टिंग लैब खोलने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ईरोड की प्रसिद्ध हल्दी मंडी का दौरा किया और हल्दी उत्पादक किसानों व व्यापारियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने टरमरिक सिटी ईरोड में टेस्टिंग लैब स्थापित करने की घोषणा करते हुए आईसीएआर को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे हल्दी की गुणवत्ता जांच, प्रमाणीकरण और बेहतर विपणन में किसानों को सहायता मिलेगी। चौहान ने सोमवार को तमिलनाडु के ईरोड में कहा कि विकसित भारत–जी राम जी कानून स्वावलंबी गांवों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईरोड में कामगारों और श्रमिकों से संवाद के दौरान



केंद्रीय मंत्री ने इस महत्वाकांक्षी योजना के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री ने ईरोड में हल्दी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के विषय में भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह विषय वाणिज्य मंत्रालय से संबंधित है, लेकिन कृषि मंत्री होने के नाते वह स्वयं इस संबंध में पहल करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे हल्दी किसानों को नीतिगत सहयोग, बाजार तक बेहतर पहुंच और निर्यात के नए अवसर प्राप्त होंगे। चौहान ने कहा कि ईरोड क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत कोल्ड स्टोरेज स्थापित किया जा सकता है और तमिलनाडु सरकार से आरकेवीवाई फंड के उपयोग का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने स्मगलिंग के जरिए लाई जा रही हल्दी पर रोक लगाने का भी आश्वासन दिया और कहा कि इन सभी विषयों पर दिल्ली में बैठक कर ठोस समाधान निकाला जाएगा। साथ ही उन्होंने अच्छी गुणवत्ता के बीज को कृषि की बुनियाद बताते हुए आईसीएआर के माध्यम से आवश्यक बीज विकास पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कृषि उत्पादों के 100 से अधिक स्टॉलों का निरीक्षण किया और किसानों एवं उद्यमियों से उनके उत्पादों, गुणवत्ता और संभावनाओं पर चर्चा की। चौहान ने 1000 से अधिक महिला किसानों से संवाद किया तथा विभिन्न किसान संगठनों और प्रगतिशील किसानों से भी मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नए कानून में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाया गया है। अब ग्राम सभाएं स्वयं यह तय करेंगी कि उनके गांव में कौन-कौन से विकास कार्य किए जाने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास से जुड़े फैसले अब चेन्नई या दिल्ली में नहीं, बल्कि गांव स्तर पर लिए जाएंगे। चौहान ने कहा कि कुछ लोग इस योजना को लेकर जानबूझकर भ्रांतियां फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजना में बदलाव इसलिए किया है ताकि मजदूरों और कामगारों का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचे और भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान न रहे।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/सी/एसईआरडी–II के अंतर्गत एमबी–जीजेडबी खंड में अतिक्रमण/सीआरओ/एचआरओ मामलों को रोकने के लिए सुरक्षा बाड़, सीमा दीवार, अंडरपास और अन्य प्रावधानों का प्रावधान खंडीय गति को 130/160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 157,15,27,169.72/- |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 80,07,600.00/- |
| 5. | विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 05.01.2026 से 03.02.2026 तक उपलब्ध होगी। |
| 6. | बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली तथा ऑनलाइन वीडियों कॉफ्रिंसिंग लिंक के माध्यम द्वारा दिनांक 12.01.2026 को 12:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | पूर्वावलोकन प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 13.01.2026 18:00 बजे तक |
| 8. | पूर्वावलोकन प्रश्नों का उत्तर | 19.01.2026 18:00 बजे तक |
| 9. | ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | 03.02.2026 को 12.30 बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 20.01.2026 से 03.02.2026 तक www.ireps.gov.in वेब साइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 10. | ई– निविदा खुलने की तिथि और समय | 03.02.2026 को 12.30 बजे। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

सं0 – 74–डब्लु/4/1/481/डब्लु.ए./एसईआरडी–II दिनांक : 05.01.2026 46/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### रुपया आठ पैसे गिरकर 90.28 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपये में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह आठ पैसे टूटकर 90.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती से रुपये पर दबाव पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप के बाद उत्पन्न हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने विश्व स्तर पर डॉलर की मांग को बढ़ावा दिया। हालांकि कच्चे तेल की गिरती कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर थोड़ा समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, 90.21 प्रति डॉलर पर खुला।

### डॉ. सामंत को 70वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित



**भुवनेश्वर।** शिक्षा, समाजसेवा और मानव सेवा के क्षेत्र में उनके अथक प्रयास और योगदान के लिए कीट - कीस एवं कीम्स के संस्थापक प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत को जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान) द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि दी गयी । यह सम्मान विश्वविद्यालय के 9वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के चेयरमैन ओपी अग्रवाल ने अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रोफेसर डॉ. समंत को यह मानद उपाधि प्रदान की। 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय जेईसीआरसी फाउंडेशन एक द्वि-शाखीय शैक्षणिक संस्थान है जिसमें 25,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. अच्युत सामंत को देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई 70वीं मानद डॉक्टरेट है, जो शिक्षा के माध्यम से वंचित वर्गों के सशक्तीकरण में उनके अतुलनीय योगदान को पुनः रेखांकित करता है।

# टेस्ला से छिन गया नंबर-1 का ताज

नई दिल्ली। दुनिया में इलेक्ट्रिक कारों को मेनस्ट्रीम बनाने टेस्ला सबसे आगे रही है। हालांकि, मार्केट में टेस्ला से पहले भी इलेक्ट्रिक कारें मौजूद थीं। लेकिन जिस तरह से इस अमेरिकी कंपनी ने टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस और ब्रांड वैल्यू को मिलाकर ईवी की इमेज बदली, उसने पूरी ऑटो इंडस्ट्री की दिशा बदल दी। शुरुआती दौर में कुछ गिने-चुने कस्टमर ही टेस्ला के साथ जुड़े थे, लेकिन धीरे-धीरे यही ब्रांड ग्लोबल ईवी मार्केट का सबसे बड़ा नाम बन गया। हालांकि, जनवरी 2026 में तस्वीर बदलती हुई नजर आ रही है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी कंपनी बीवाईडी ने टेस्ला को पछाड़कर दुनिया की नंबर-1 इलेक्ट्रिक कार निर्माता बनने का दावा ठोक दिया है।

## वर्ष 2025 में करीब 22.5 लाख यूनिट्स की बिक्री दर्ज की बीवाईडी ने

### रेस में चीनी कंपनियों का दबदबा

इस रेस में इस समय चीनी कंपनियों का दबदबा साफ दिख रहा है। चीन अब कार एक्सपोर्ट के मामले में जापान को भी पीछे छोड़ चुका है। किफायती कीमत, लंबी रेंज और दमदार परफॉर्मेंस की वजह से बीवाईडी समेत कई चीनी ब्रांड्स यूरोप जैसे मुश्किल बाजारों में भी तेजी से पॉपुलर हो रहे हैं। इसके उलट टेस्ला को कई मोर्चों पर चुनौती मिल रही है। अमेरिका में ही रिवियन और लूसिड जैसी कंपनियां टेस्ला को कड़ी टक्कर दे रही हैं जिससे उसका मार्केट शेयर और क्रेज दोनों प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, बीवाईडी लगातार नई टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर फोकस करते हुए आगे बढ़ रही है।



# ट्रंप की नई चेतावनी से शेयर बाजार सतर्क

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय उत्पादों पर शुल्क और बढ़ाने की ताजा चेतावनी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 322 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 78 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के बाद ट्रंप की भारत पर शुल्क बढ़ाने की ताजा चेतावनी से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई और बैंक, आईटी एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से



बाजार पर दबाव रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 85,439.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 446.68 अंक फिसलकर 85,315.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,545 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,723 शेयरों में तेजी रही और 203 अन्य अपरिवर्तित रहे। वहीं निफ्टी 26,373.20 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बाद अपनी बढ़त गंवा बैठा। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, निफ्टी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद बाजार में मुनाफावसूली हावी हो गई, जिससे सूचकांक 26,200 के समर्थन स्तर के आसपास आ गया। निफ्टी 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,250.30 अंक पर बंद हुआ।

### कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपए आंका गया, संगीत व मनोरंजन के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है यूएमजी

# मनोरंजन क्षेत्र की एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30% हिस्सेदारी खरीदेगी यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया ने फिल्म एवं डिजिटल कंटेंट स्टूडियो एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की सोमवार को घोषणा की। इससे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा स्थापित इस कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपये आंका गया है।

■ यूएमआई एक्सेल में अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी

संगीत-मनोरंजन के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप (यूएमजी) की इकाई यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया (यूएमआई) ने कहा कि उसने प्रस्तावित लेनदेन के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यूएमआई ने बयान में कहा, ''समझौते के तहत एक्सेल का मूल्य 2,400 करोड़ रुपये (25.7 करोड़ यूरो) आंका गया है जिसके तहत यूएमआई एक्सेल में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एक महत्वपूर्ण अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी।''



### गीत के वैश्विक वितरण अधिकार यूएमजी को प्राप्त होंगे

समझौते के अनुसार, एक्सेल के स्वामित्व या नियंत्रण वाली परियोजनाओं के लिए भविष्य में बनाए जाने वाले सभी मूल गीत के वैश्विक वितरण अधिकार यूएमजी को प्राप्त होंगे। इस समझौते के तहत एक्सेल नाम से अलग से संगीत ब्रांड की शुरुआत भी की जाएगी जिसका वैश्विक वितरण यूएमजी द्वारा किया जाएगा।

### नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी

इस समझौते से यूएमआई और एक्सेल के बीच एक नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी। इससे एक्सेल की वृद्धि में तेजी आएगी और महत्वपूर्ण भारतीय बाजार में यूएमआई की स्थिति और मजबूत होगी। इस समझौते के तहत, यूनिवर्सल म्यूजिक भारत तथा दक्षिण एशिया के चेयरमैन एवं सीईओ तथा अफ्रीका, पश्चिम एशिया तथा एशिया के रणनीति विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवराज सान्याल एक्सेल एंटरटेनमेंट के निदेशक मंडल में शामिल होंगे।

### एक्सेल एकदम सही भागीदार

*सान्याल ने कहा, ''भारतीय फिल्म जगत संगीत एवं उससे जुड़े मनोरंजन व्यवसाय के लिए एक बेहद रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है और भविष्य में काम करने के लिए एक्सेल एकदम सही भागीदार है।'' बयान में कहा गया कि एक्सेल के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर रचनात्मक दिशा एवं विषयवस्तु संबंधी निर्णयों में अपना योगदान देना जारी रखेंगे।*

### भारत का मनोरंजन क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा

एक्सेल एंटरटेनमेंट के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने कहा कि भारत का मनोरंजन क्षेत्र लगातार मजबूत होता जा रहा है और सार्थक वैश्विक सहयोग बनाने का यह बिल्कुल सही समय है। उन्होंने कहा कि यूएमजी के साथ साझेदारी ''वास्तव में रचनात्मक एवं परिवर्तनकारी गठबंधन होगा, एक ऐसा गठबंधन जो संगीत, फिल्म तथा उभरते प्रारूपों में कलाकारों एवं प्रदर्शनों के लिए नए अवसर खोलेगा।''

### एक्सेल को वैश्विक स्टूडियो में बदलना

एक्सेल एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल रामचंदानी ने कहा, ''नवाचार एवं उत्कृष्टता के लिए एक साझा दृष्टिकोण के साथ, हमारा लक्ष्य एक्सेल को एक रचनात्मक वैश्विक स्टूडियो में बदलना है। एक ऐसा स्टूडियो जो विभिन्न मंचों और भौगोलिक क्षेत्रों के दर्शकों के लिए लीक से हटकर मौलिक सामग्री पेश करता है।''

### एक्सेल की स्थापना 1999 में हुई थी

एक्सेल की स्थापना 1999 में रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने की थी। इन्होंने मिलकर मनोरंजन उद्योग में 60 पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं। स्टूडियो ने 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिल चाहता है' से लेकर अब तक 40 से अधिक फिल्में और मौलिक पटकथा रिलीज की हैं।

## उप-राष्ट्रपति ने एनसीसी गणतंत्र दिवस के समारोह में भाग लिया



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली स्थित डीजीएनसीसी कैंप में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और राष्ट्र निर्माण और युवा विकास में एनसीसी के निरंतर योगदान की प्रशंसा की। कैडेटों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अपने 78वें वर्ष में एनसीसी विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन गया है, जो अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य पर दृढ़तापूर्वक कायम है। उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर को भारत के युवाओं में विश्वास और एक सशक्त व एकजुट राष्ट्र के निर्माण के सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक बताया। एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन आत्मविश्वास से भरे और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को आकार देना जारी रखे हुए है, जो विकसित भारत 2047 की रीढ़ हैं।

### गृहमंत्री करेंगे सीएसआर कॉन्क्लेव का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दूरदर्शी विजन और माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के सशक्त नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को जनकल्याण और सामाजिक विकास से जोड़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 6 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एनडीडीबी फाउंडेशन फॉर न्यूट्रिशन द्वारा आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव ''पोषण सुरक्षा एवं कुपोषण उन्मूलन में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका'' का उद्घाटन करेंगे।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# पतंजलि योगपीठ का 32वां स्थापना दिवस

**हरिद्वार।** पतंजलि के 32वें स्थापना दिवस पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन अनुसंधान, सनातन कृषि, गौमाता एवं भारत माता की सेवा करते हुए परम वैभवशाली विकसित भारत के निर्माण हेतु समस्त ऋषि-ऋषिकाओं के वंशधरों से आह्वान किया। इस अवसर पर स्वामी महाराज ने कहा कि पतंजलि




पतंजलि विश्व का सबसे पावन संस्थान व मानवता के लिए शुभ बन गया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि की आत्मा सनातन की आत्मा है। उन्होंने पतंजलि के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से आह्वान किया किया कि योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन कृषि व्यवस्था व सनातन जीवन पद्धति को जीवन में गौरव दें और इसके द्वारा अपने भीतर असीम ज्ञान, अनंत-असीम भक्ति, अनंत-असीम प्रचंड सामर्थ्य को जागृत करें। स्वामी ने कहा कि जिस दिन पतंजलि गुरुकुल,आचार्यकुल, विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड की फसल पूरी तैयार हो जाएगी, उस दिन हमारा रुपया डॉलर, पौंड, यूरो से ऊपर जाएगी।

## सोने में 960 रुपये और चांदी में 2,600 रुपये की तेजी दर्ज

**नई दिल्ली।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक रुख को देखते हुए सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 960 रुपये बढ़कर 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी सोमवार को तेजी जारी रही और यह 2,600 रुपये बढ़कर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। शुक्रवार को चांदी 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | एम.सी. सिरसा में चौ. देवीलाल मॉडल टाउन शिप मेला ग्राउंड में 100 मिमी आई.डी. डीआई पाइप लाइन बिछाना, डीआई पाइप लाइन सहित कनेक्शन बनाना + 5 कार्य। | 01.01.2026 15.01.2026 | रु. 1,81,09,393/- | https://etenders.hry.nic.in | 9654941067 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41740/I/88/7 दि. 05.01.26

**निविदा सूचना संख्या: CON/2025/DEC/07, दिनांक: 12-12-2025 के लिए शुद्धिपत्र - 1**

निविदा संख्या: CE/CON/K-K/EPC/2025/07 के विपरीत निविदा सूचना संख्या: CON/2025/DEC/07 के लिए शुद्धिपत्र - 1 जारी किया गया है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

मुख्य अभियंता/कॉन/ केआईआर डीएल प्रोजेक्ट/मालीगाँव
पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone No. 07705-296600, E-mail- cmo_magarlod@rediffmail.com, panchayat.magarlode.cg@nic.in
क्रमांक/1221/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 मगरलोड, दिनांक 02/01/2026

**// द्वितीय (2nd) ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा लागत राशि (लाख रु. में) | अमानत राशि (लाख रू. मे) | बिड सबमिशन शुल्क (रूपयें में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | पंजीकृत डाक के माध्यम से फीजिकल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182986 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Magarlod under SBM 2.0 | 184.39 | 1.50 | 10000.00 | 22.01.2026 05:00 PM | 27.01.2026 05:00 PM |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही वह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in, अथवा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलीम उर्फ अमीर उर्फ तिल्लन, पुत्र** शमसाद, **निवासी:** मकान नं.- सी-1/113, द्वितीय तल, गली नंबर 4, मोहनपुरी, मौजपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 157/2024, U/S 336/34 IPC & 25/27 Arms ACT, पुलिस स्टेशन भजनपुरा, उत्तर पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलीम उर्फ अमीर उर्फ तिल्लन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलीम उर्फ अमीर उर्फ तिल्लन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 157/2024, U/S 336/34 IPC & 25/27 Arms ACT, पुलिस स्टेशन जैतपुर, दक्षिण-पूर्व जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सलीम उर्फ अमीर उर्फ तिल्लन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-01 (उत्तर पूर्व), 5वां तल, कमरा संख्या 73, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/181/NE/2026 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.c. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कविता पत्नी** जय प्रकाश **निवास:** भू-तल परिसर, प्लॉट नं. 384A के नज़दीक खसरा नं. 59/1, सरस्वती कुंज, दिचाऊँ कलाँ, नई दिल्ली ने **CT. No. 111/2024 U/s 135 Indian Electricity Act थाना: बीएचडी नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कविता** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कविता** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT. No. 111/2024 U/s 135 Indian Electricity Act थाना: बीएचडी नगर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कविता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हरलीन सिंह
एडीएसजे, (दक्षिण-पश्चिम), कमरा नं. 609 (विशेष न्यायालय विद्युत), द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/17297/DW/2025 (Court Notice)

## शब्द पहेली - 6100




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6099 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | सो | नि | या | गां | धी | ■ | म | हा | न | ता |
| खा | ना | ■ | प | ■ | र | क्ष | क | ■ | म | ल |
| ना | ■ | म | न | सि | ज | ■ | र | ग | ■ | मे |
| ब | ला | त | ■ | ■ | वा | दा | ■ | म | ह | ल |
| दो | ■ | दा | ■ | क | ला | ■ | आ | ■ | व | ■ |
| श | य | न | क | क्ष | ■ | दि | शा | ही | न | ता |
| ■ | म | ■ | प | ■ | ह | ल | ■ | न | ■ | क |
| का | ज | ल | ■ | शा | म | ■ | ■ | त | ह | त |
| म | ■ | त | य | ■ | व | फा | दा | र | ■ | व |
| चो | र | ■ | की | म | त | ■ | म | ■ | का | र |
| र | म | जा | न | ■ | न | य | न | ज | ल | ■ |



### एशेज: ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 166 रन, हेड शतक के करीब

# रूट का शतक, इंग्लैंड 384 रन पर मजबूत, हेड की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया का पलटवार

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जो रूट के मौजूदा एशेज श्रृंखला के दूसरे शतक से इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ा स्कोर बनाया लेकिन ट्रेविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में शानदार शुरुआत की। रूट की 160 रन की पारी के बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी चाय के विश्राम से पहले 384 रन पर सिमटी गई। यह ऑस्ट्रेलिया में रूट का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर है। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 166 रन बना लिए थे। हेड 87 गेंद में 91 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। वह पांच मैचों की श्रृंखला में अपने तीसरे शतक से नौ रन दूर हैं। बेन स्टोक्स ने दिन के आखिरी सत्र में जैक वेदरल्ड (21) और शानदार बल्लेबाजी कर रहे मार्नस लाबुशेन (48) को आउट कर दो सफलता हासिल की। रूट ने 242 गेंद में 160 रन बनाए और वह माइकल नेसेर को रिटर्न कैच देकर लौटे। नेसेर ने 60 रन देकर चार विकेट चटकाए। रूट ने अपनी पारी में 15 चौके जड़े।

### ऑस्ट्रेलिया की तेज शुरुआत

हेड और वेदरल्ड ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों से महज 10 ओवर के अंदर टीम के स्कोर को 50 रन तक पहुंचा दिया। इसके बाद गेंदबाजी के लिए आए स्टोक्स ने वेदरल्ड को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। हेड ने आक्रमक पारी जारी रखते हुए 55 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान श्रृंखला में 500 रन के आंकड़े को भी पार किया। हेड और लाबुशेन ने 105 रन की साझेदारी के साथ इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी लेकिन स्टोक्स ने दिन के आखिरी ओवरों में लाबुशेन को गली में कैच कराके टीम को बड़ी सफलता दिलाई। हेड के साथ रात्रि प्रहरी नासेर (एक रन) क्रीज पर मौजूद हैं।




### ट्रैवस का बड़ा कारनामा

पांचवे टेस्ट की पहली पारी में हेड ने अपनी रनों की रफ्तार को बनाए रखा और 63 रन के स्कोर पर पहुंचते ही एशेज 2025-26 में अपने 500 रन पूरे कर लिए। ऐसा करने वाले वह पहले खिलाड़ी बन गए। मौजूदा एशेज सीरीज में हेड 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनके आसपास भी कोई नहीं हैं। हेड ने एशेज में 500 रन का आंकड़ा छूते ही बड़ा कमाल कर दिया है। दरअसल, ट्रैविस हेड 21वीं सदी में एशेज सीरीज में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बन गए हैं। इससे पहले डेविड वॉर्नर ने एशेज 2013-14 में 500 से ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया था।

### स्टोक्स ने की बड़े कीर्तिमान की बराबरी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की पहली पारी में बेन स्टोक्स ने अभी तक दो विकेट हासिल किए हैं। इसी के साथ वह टेस्ट में इंग्लैंड के लिए संयुक्त रूप से ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के बॉब विलिस की बराबरी कर ली है। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट कप्तान के तौर पर कुल 77-77 विकेट हासिल किए हैं। अभी पांचवें टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 8 विकेट गिरने और बाकी हैं। इसके अलावा दूसरी पारी भी बची हुई है। अगर इसमें बेन स्टोक्स एक और विकेट ले लेते हैं, तो वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले कप्तान बन जाएंगे और बॉब विलिस का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

### स्टोक्स-लाबुशेन के बीच तीखी बहस

एशेज के पांचवें मुकाबले के दूसरे दिन मैदान पर माहौल गर्मा गया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के बीच तीखी बहस देखी गई। ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के कप्तान की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाकर 29वां ओवर खत्म किया, जिसने स्टोक्स को गुस्सा दिला दिया था। जब स्टोक्स ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास से गुजरे, तो उन्होंने लाबुशेन से कुछ कहा और उनकी ओर इशारा किया, जिसके बाद टकराव बढ़ गया। इसके बाद स्टोक्स मुड़े और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के पास गए। उन्होंने ट्रैविस हेड के कंधे पर हाथ रखा। दोनों के बीच कुछ बातचीत हुई। इस बीच अंपायर को दखल देना पड़ा।

### पोंटिंग की बराबरी पर पहुंचे रूट

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एशेज सीरीज के पांचवें मैच की पहली पारी में 160 रन की पारी खेली। यह उनका 41वां टेस्ट शतक रहा। टेस्ट करियर में पोंन्टिंग ने 168 टेस्ट मैच खेले और 41 शतक लगाए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहा टेस्ट रूट का इंग्लैंड के लिए 163वां टेस्ट है। टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 200 मुकाबलों की 329 पारियों में 51 शतक लगाए हैं। वहीं, साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज जैक कैलिस ने 166 टेस्ट मुकाबलों में 45 शतक अपने नाम किए।

## जेएसडब्ल्यू स्पोर्टर्स से अलग हुए चोपड़ा, एक दशक पुराना नाता तोड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के साथ एक दशक पुराना रिश्ता तोड़ दिया है और अब वह अपनी खिलाड़ी प्रबंधन फर्म वेल स्पोटर्स शुरू करेंगे। चोपड़ा 2016 में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स से जुड़े थे। चोपड़ा ने कहा,' पिछले एक दशक से हमारा सफर विकास, विश्वास और उपलब्धियों से भरा रहा है। मेरे कैरियर में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स की अहम भूमिका रही है और उनके सहयोग और दृष्टिकोण के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।' उन्होंने कहा,' इस अध्याय को खत्म करने के साथ मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में लेकर जा रहा हूं।' जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के सीईओ दिव्यांशु सिंह ने कहा,' नीरज के साथ काम करना हम सभी के लिए शानदार अनुभव रहा। उनकी सफलता की कहानी श्रेष्ठता और लक्ष्य के प्रति हमारे साझे फलसफे को दर्शाती है। हमने मिलकर जो भी उपलब्धियां अर्जित की हैं, उस पर हमें गर्व है और हम उन्हें भविष्य के लिये शुभकामना देते हैं।'

## पूर्व विश्व बिलियड्‌र्स चैंपियन मनोज कोठारी का निधन

**कोलकाता।** पूर्व विश्व बिलियड्‌र्स चैंपियन मनोज कोठारी का सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक सदस्य ने 'पीटीआई' को दी। वह 67 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र सौरव कोठारी (पूर्व विश्व चैंपियन) और बेटी श्रेया कोठारी हैं। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच कोठारी का तिरुनेलवेली के एक अस्पताल में एक सप्ताह से अधिक समय से इलाज चल रहा था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज पुत्र** कडेराम **निवासः** मं.नं. B-14, यमुना खादर, शास्त्री पार्क, दिल्ली ने **FIR No. 535/21 U/s 379/34 IPC. थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सूरज** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 535/21 U/s 379/34 IPC. थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
जेएमएफसी-11, कमरा नं. 138
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15693/N/2025
(Court Notice)

### निकहत, लवलीना और मीनाक्षी भी जीते

# अभिनाश जामवाल ने शिव थापा को हराया




भाषा ग्रेटर ▶▶| नोएडा

प्रतिभावान भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने अनुभवी शिव थापा पर शानदार जीत के साथ अपने खिताब का बचाव शुरू किया जबकि निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन भी सोमवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन आसानी से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। तेइस वर्षीय जामवाल ने असम के शिव पर सर्वसम्मत फैसले से शानदार जीत दर्ज की। जामवाल की बढ़ती परिपक्वता और अंतरराष्ट्रीय अनुभव मुकाबले में साफ दिखा क्योंकि उन्होंने धैर्य के साथ डिफेंस किया और अपनी लंबी पहुंच का पूरा फायदा उठाया। हिमाचल प्रदेश के जामवाल ने मुकाबले के बाद कहा, ''जब भी मैं उनके साथ खेलता हूं तो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं बहुत कुछ सीखता हूं। हम बाद में मुकाबले के बारे में भी चर्चा करते हैं।'' कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन शिव लगातार दूसरे साल जामवाल से हारे और उन्होंने अपने युवा प्रतिद्वंद्वी की खूब तारीफ की। शिव ने कहा, ''वह सिर्फ एक अच्छा मुक्केबाज नहीं है, वह एक अच्छा इंसान भी है और उसमें खेल भावना है। शिविर में पहले दिन से ही मैंने उसे देखा है, तब वह मेरे वजन वर्ग में नहीं था, तब भी हम साथ मुक्केबाजी करते थे, हमने शायद सैकड़ों बार साथ में मुक्केबाजी की है। उसमें लगन है और इस तरह के मुक्केबाज आगे बढ़ते हैं।'' पहले दिन की अफरा-तफरी का असर दूसरे दिन भी महसूस किया गया जब 30 से अधिक महिलाओं के मुकाबले सुबह के सत्र में स्थानांतरित कर दिए गए जबकि दोपहर का सत्र भी तय समय से पहले शुरू हो गया। कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाली एक मुक्केबाज ने पीटीआई को बताया, ''मैं आज सुबह उठी और मुझे बताया गया कि सत्र जल्दी शुरू हो रहा है। मुझे जल्दी-जल्दी तैयार होकर समय पर यहां पहुंचना पड़ा।'' मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी, दो बार की विश्व चैंपियन निकहत और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने शानदार अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की।

## नाडा ने जारी की आरटीपी सूची, स्मृति और जेमिमा का नाम शामिल

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्ज राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की 2026 की पहली तिमाही के लिए पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल की गईं महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जबकि 347 सदस्यीय सूची में 118 खिलाड़ियों के साथ सबसे अधिक एथलीट को जगह मिली है। पिछली आरटीपी सूची में 227 खिलाड़ी शामिल थे और इस बार इसमें 120 नाम और जोड़े गए हैं। खिलाड़ियों की सूची में यह इजाफा इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों तथा भारत द्वारा अधिक आक्रामक परीक्षण पर जोर देने की वजह से हुआ है।



## नए सत्र की मजबूत शुरुआत पर सेन और सिंधू की नजर

**कुआलालंपुर।** लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू समेत भारतीय खिलाड़ी मंगलवार 6 जनवरी से शुरू हो रहे सत्र के शुरुआती 1450000 डॉलर ईनामी राशि वाले मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेंगे तो उनकी नजरें मजबूती से शुरुआत करने पर लगी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2025 अच्छा नहीं रहा, जिसमें शीर्ष खिलाड़ी चोटों और खराब फॉर्म से जूझते रहे। अब फोकस शुरू ही से अच्छा प्रदर्शन करके अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट की तैयारी पुख्ता करने पर होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य सेन ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर लय हासिल की।

# अंडर-19 क्रिकेट: सूर्यवंशी की 68 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 2 विकेट से हराया

### वैभव की 19 बॉल पर फिफ्टी, 10 छक्के लगाए

एजेंसी ▶▶| बेनोनी

कप्तान वैभव सूर्यवंशी की 24 गेंदों में 68 रनों की तूफानी पारी की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को यहां युवा वनडे श्रृंखला के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से आठ विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने तीन मैचों की इस श्रृंखला में इससे पहले विलोमूर पार्क में खेले गए पहले वनडे में डकवर्थ लुईस पद्धति से 25 रन से जीत दर्ज की थी। श्रृंखला में दूसरी बार खराब मौसम से मैच प्रभावित हुआ। आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेल काफी देर तक रुका रहा और भारतीय टीम के लिए लक्ष्य को संशोधित करके 27



ओवरों में 174 रन कर दिया गया। भारतीय टीम ने 12.5 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बना लिये तब आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल शुरू होने पर भारत ने 23.3 ओवर में दो विकेट 176 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय पारी के दौरान खराब मौसम के कारण शुरुआती रुकावट से पहले सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 10 छक्के और एक चौका जड़ा मैच पर टीम की पकड़ मजबूत कर दी। वेदांत त्रिवेदी (57 गेंदों पर 31 रन नाबाद) और अभिज्ञान कुंडू (42 गेंदों पर 48 रन नाबाद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले जेसन रोल्स की 117 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से खेली गयी।

### छक्के से खोला खाता

सूर्यवंशी ने छक्के के साथ खाता खोला। फिर एक रन लिया। उन्होंने तीसरी गेंद पर फिर से छक्के लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर्फ छक्के लगाकर रन बटोरे।

हरियाणा सरकार

**धरोहर शास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम**

**हरियाणा की दस्तावेज़ी विरासत से सीखने का अवसर**

हरियाणा राज्य अभिलेखागार विभाग राज्य की प्रशासनिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अभिलेखीय धरोहर के संरक्षण, प्रबंधन और अध्ययन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा धरोहर शास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों को अभिलेखीय कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल विकास एवं धरोहर जागरूकता को प्रोत्साहित करता है।

**कार्यक्रम का सारांश**

| पाठ्यक्रम / विषय | पात्रता मानदंड | अवधि |
|---|---|---|
| इतिहास | डिप्लोमा धारक, स्नातक (द्वितीय वर्ष से), स्नातकोत्तर, शोधार्थी | 1 माह |
| अभिलेख विज्ञान | इतिहास, धरोहर, पुरातन विषयों में रुचि रखने वाले, न्यूनतम स्नातक | |
| पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | विदेशी नागरिक (उपयुक्त शैक्षणिक दस्तावेज सहित) | |
| अन्य सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी विषय | मान्यता प्राप्त संस्थान या प्रासंगिक पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी | |

**नोटः** इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करते समय अनिवार्य दस्तावेज़ जैसे सीवी, उद्देश्य विवरण (Statement of Purpose) तथा अन्य सहायक दस्तावेज़ के साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें।



**मुख्य विशेषताएं:**

- हरियाणा की अभिलेखीय धरोहर व दस्तावेज़ों से जुड़ने का अवसर
- संरक्षण, अभिलेखीकरण व डिजिटलीकरण की व्यावहारिक समझ
- शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कौशल विकास का उत्कृष्ट माध्यम

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
www.haryanaarchives.gov.in archives@hry.nic.in 0172-2992112

सोशल मिडिया पर जुड़ने के लिए क्यू. आर. कोड स्कैन करें

रजिस्टर करने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

**अभिलेखागार विभाग, हरियाणा**

(अभिलेखागार विभाग, सिंचाई भवन, बी-ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर-5, पंचकूला द्वारा जनहित में जारी।)

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109





## मादुरो के बेटे गुएरा ने ट्रंप और अमेरिका को जमकर सुनाई खरी-खोटी

# चेतावनी देते हुए बोले- मां कसम... इतिहास बताएगा 'गद्दार' कौन था? बेनकाब करेंगे

एजेंसी ▶▶ काराकस

वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने वेनेजुएला को धोखा दिया है और आने वाले समय में उन चेहरों को बेनकाब किया जाएगा। सोशल मीडिया पर जारी ऑडियो रिकॉर्डिंग में उन्होंने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन था, इतिहास इसका खुलासा करेगा। मादुरो गुएरा ने कहा, वे हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान और गरिमा के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है,हमें गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

*गुएरा ने कहा- हम वेनेजुएला के सम्मान वाले झंडे को बुलंद करेंगे*

*उधर अमेरिका ने कहा- ड्रग्स नेटवर्क का सरगना है गुएरा*

### वेनेजुएला पर हमले के बाद ग्रीनलैंड सुर्खियों में


लाल कैप में गुएरा, पिता मादुरो, इंसेट में ट्रंप

*वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के कुछ ही घंटों बाद ही दुनिया की नजरें ग्रीनलैंड पर केंद्रित हो गईं। इसकी वजह सीधे तौर पर डोनाल्ड ट्रंप का बयान है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप अपने पिछले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड को खरीदने का प्रस्ताव दे चुके हैं। ग्रीनलैंड एक ऐसा देश जो काफी रणनीतिक महत्त्व वाला है।*

# 12 से 13 जनवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे जर्मनी के चांसलर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज 12 से 13 जनवरी तक भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह चांसलर मर्ज की पहली भारत यात्रा होगी। 12 जनवरी को पीएम मोदी और चांसलर मर्ज के बीच अहमदाबाद में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें भारत-जर्मनी सामरिक भागीदारी से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर व्यापक रूप से चर्चा की जाएगी।

*पीएम मोदी के निमंत्रण पर पहली बार भारत आएंगे जर्मनी के चांसलर, 12 जनवरी को अहमदाबाद में होगी द्विपक्षीय बैठक*

इस भागीदारी को 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। दोनों नेताओं की बातचीत में सहयोग को और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े हुए व्यापार, निवेश, तकनीक, शिक्षा, कौशल और गतिशीलता जैसे क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही रक्षा-सुरक्षा, नवाचार, शोध, ग्रीन और सतत विकास और लोगों के बीच संबंधों के मुद्दे पर भी इस बैठकर में चर्चा की जाएगी। क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी और चांसलर मर्ज के बीच होने वाली बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मामलों पर भी विचार साझा किए जाएंगे। बिजनेस और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से भी दोनों नेता मुलाकात करेंगे। अपनी भारत यात्रा के दौरान चांसलर मर्ज बेंगलुरु भी जाएंगे। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच उच्च स्तर पर जारी राजनीतिक संवाद प्रक्रिया का हिस्सा है। जिसमें दोनों देशों को अपनी भागीदारी को साझा विजन के साथ मजबूती प्रदान को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर करने का मूल्यवान अवसर मिलेगा। जो कि दोनों देशों के नागरिकों के अलावा समूची दुनिया के लिए लाभदायक है। ईरान में गैर जरूरी यात्राओं से बचें भारतीय उधर, मंत्रालय ने 5 जनवरी को ईरान में रह रहे अपने सभी नागरिकों और पीआईओ को परामर्श जारी कर अपनी सभी प्रकार की गैर जरूरी यात्राओं से बचने की अपील की है। साथ ही सतर्कता बरतने, प्रदर्शन वाले इलाकों से दूरी बनाने के लिए कहा गया है। मंत्रालय ने देश के नागरिकों से अपने परामर्श में यह भी कहा है कि अगले आदेश तक वह समाचारों, तेहरान में भारतीय दूतावास की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल पर कड़ी नजर बनाए रखें। इसके अलावा रेजिडेंट वीजा पर ईरान में रह रहे सभी भारतीयों से मंत्रालय ने दूतावास में अपना पंजीकरण कराने के लिए कहा है।

## सीपी राधाकृष्णन ने गणतंत्र दिवस 2026 शिविर का शुभारंभ किया

# भारत की एकता और युवा शक्ति को मजबूती से दर्शाती एनसीसीः उप राष्ट्रपति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को राजधानी के दिल्ली कैंट में लगाए गए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के मासिक गणतंत्र दिवस शिविर-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सबसे पहले उन्होंने देश के अलग-अलग भागों से आए युवा कैडेटों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उसके बाद अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी की स्थापना को 78 वर्ष पूरे हो गए हैं और आज यह दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बन गया है। जो अनुशासित, जिम्मेदार और देशभक्त नागरिकों के निर्माण के अपने मूल उद्देश्य पर दृढ़तापूर्वक कायम है। उप-राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के इस शिविर को भारत के युवाओं में विश्वास और एक सशक्त व एकजुट राष्ट्र के निर्माण के सामूहिक संकल्प का सशक्त प्रतीक भी बताया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर उपराष्ट्रपति के संबोधन को मीडिया से साझा किया है।

### विकसित भारत में अहम भूमिका

उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत की यात्रा कुशल, अनुशासित और सेवाउन्मुख युवाओं द्वारा संचालित आत्मनिर्भर भारत के निर्माण पर टिकी हुई है। जिसमें एनसीसी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' का जिक्र करते हुए कहा, यह संगठन आत्मविश्वास से भरे और मूल्यों से प्रेरित युवाओं को आकार देना जारी रखे हुए है। जो विकसित भारत-2047 की रीढ़ हैं।

### सराहा ऑपरेशन सिंदूर में दिया योगदान

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एनसीसी कैडेटों के योगदान को याद करते हुए कहा कि लगभग 72 हजार कैडेटों ने नागरिक सुरक्षा कर्तव्यों के लिए स्वेच्छा से सेवा दी है। जिसमें मुख्य रूप से जरूरत के समय राष्ट्रसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, साहस और तत्परता प्रदर्शित हुई है। गणतंत्र दिवस के महत्व पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने बताया कि एनसीसी का यह शिविर संविधान के न्याय, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों को दर्शाता है। जहां विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के कैडेट एक साथ रहकर प्रशिक्षण लेते हैं और राष्ट्रीय एकता की भावना को साकार करते हैं। इसके अलावा उन्होंने कोर की साहसिक गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय युवा विनियम कार्यक्रमों, पर्यावरणीय पहलों तथा आपदा राहत प्रयासों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एनसीसी कैडेटों की प्रशंसा की। जिसमें केरल के वायनाड में आई बाढ़ के दौरान की गई कैडेटों की सराहनीय सेवा भी शामिल है।

### आधुनिकीकरण की पहल किया स्वागत

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि एनसीसी के प्रशिक्षण का आधुनिकीकरण एक स्वागत योग्य कदम है। जिसमें साइबर और ड्रोन प्रशिक्षण की शुरुआत और रिमोट पायलट प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना भी शामिल है। ऐसे प्रयास युवाओं की उभरती हुई प्रौद्योगिकीय और सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करेगी। शिविर में पहुंचने पर उप राष्ट्रपति ने युवा कैडेटों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने हॉल ऑफ फेम का दौरा किया। जहां उन्हें एनसीसी की विरासत, उपलब्धियों और विकास के बारे में बताया गया। इसके अलावा उन्होंने युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण जैसे पहलों को उजागर करने वाली प्रदर्शनी स्टालों का भी दौरा किया।





एक्स-शोरूम कीमत ₹72,000~

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom price of Destini110 in Delhi.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero-7836078383, Samalkha:Singla Hero - 7836078484, Janak Puri:Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310;Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr:Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.

RS/Hero/12/25